ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • चैत्र कृष्ण पक्ष 04 • विक्रम संवत 2079 • शनिवार, 11 मार्च 2023 • वर्ष-29 • अंक-144 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50



फैंटेसी ड्रामा 'बालवीर 3' में नजर आएंगी... पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को देश की पहली महिला शिक्षिका व महान समाज सेविका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि सावित्रीबाई फुले के संघर्ष को सम्मान देने के लिए राज्य सरकार की ओर से किशोरी समृद्धि योजना शुरू की गयी है। आज झारखंड की 6 लाख 51 हजार से अधिक किशोरियों को योजना का लाभ मिल रहा है।

### स्वामी रामदेव पलामू में तीन दिन सिखायेंगे योग

**मेदिनीनगर।** भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ और भारत के योग गुरु स्वामी रामदेव का आगमन पलामू में होने जा रहा है। योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज का तीन दिवसीय योग शिविर पलामू जिला मुख्यालय सिटी मेदिनीनगर में 18 मार्च से 20 मार्च तक लगाया जाएगा। महापौर अरूण शंकर ने बताया कि कार्यक्रम की अनुमति प्राप्त हो गई है। तीन दिनों के इस कार्यक्रम में बाबा रामदेव पलामू सहित झारखंड के साथ-साथ कई प्रांतों से आए हुए योग करनेवाले लोगों को योग और मेडिटेशन का लाभ देंगे।

### सिसोदिया की जमानत याचिका 21 मार्च के लिए सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर अब समाप्त हो चुके आबकारी नीति मामले में 21 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक मामले में सीबीआई ने 26 फरवरी को सिसोदिया को गिरफ्तार किया था, इसके बाद गुरुवार को ईडी ने भी इसी मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष सीबीआई न्यायाधीश एमके नागपाल को भी सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई करनी थी, जो समय की कमी के कारण वह नहीं कर सके। सुनवाई के दौरान ईडी ने यह कहते हुए सिसोदिया की 10 दिन की हिरासत की मांग की कि उन्हें पूरे घोटाले की कार्यप्रणाली का पता लगाना है।

### शरारती तत्वों ने खेत में लगाई आग, अधेड़ की जिंदा जलकर मौत

**सरायकेला।** राजनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को शरारती तत्वों के खेतों में लगा दिए जाने से उसकी चपेट में आकर सुदर्शन हो (55) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, नौका गांव निवासी सुदर्शन हो गांव से सटे गम्हरिया सीमा क्षेत्र की ओर गया था। इसी दौरान अत्यधिक नशा का सेवन कर लेने के कारण वह खेत में ही गिर गया और वहां से उठ नहीं पाया। इसी क्रम में दूर खेत में लगी आग फैलते हुए उसके नजदीक पहुंची, जिससे आग की चपेट में आकर सुदर्शन हो की जिंदा जलकर मौके पर ही मौत हो गई।

## देश के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर महिला और बाल विकास मंत्रालय के वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि देश के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। कई क्षेत्र महिलाओं की शक्ति, निर्णय लेने की क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं। नारी शक्ति भारत की प्रगति की गति और पैमाने को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के विजन के साथ आगे बढ़ रहा है और इसे वैश्विक मंच पर ले जा रहा है।

महिला सशक्तिकरण पर बजट के बाद वेबिनार में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन में महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास



महत्वपूर्ण विषयों में से एक है। पीएम ने कहा है कि इस बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 80 हजार करोड़ आवंटित किए गए हैं। पिछले 9 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों ने 6.15 लाख करोड़ रुपये का ऋण लिया है। पीएम ने जिस वेबिनार को संबोधित किया उसका विषय- आने वाले कल में महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण था। इसका लक्ष्य महिलाओं के स्वामित्व वाले और उनके नेतृत्व वाले व्यवसायों और उद्यमियों के सतत विकास के लिए मंथन और बजट प्रावधानों के अनुरूप एक मार्ग तैयार करना था। कार्यक्रम के पूर्व सरकार की ओर से जारी आधिकारिक बयान में बताया गया था कि वेबिनार का आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। यह बजट के बाद के वेबिनार की श्रृंखला का हिस्सा है।

## सीएम से प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने की शिष्टाचार भेंट



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इन प्रशिक्षु पदाधिकारियों में कुमार शिवाशिष-2020 बैच और 2021 बैच के राकेश सिंह, पारस राणा तथा ऋत्विक श्रीवास्तव शामिल थे। इन्होंने मुख्यमंत्री को परिचय देने के साथ प्रशिक्षण के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने इन सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताते हुए कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत आप सभी एक बेहतर पुलिस पदाधिकारी के रूप में अपने दायित्यों का पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण प्रिया दुबे मौजूद थीं।

### रांची-लोहरदगा-टोरी ट्रेन की कमान महिलाओं के हाथ

# महिला सशक्तिकरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत में राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसको लेकर रांची रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को लोहरदगा टोरी एक्सप्रेस ट्रेन की जिम्मेदारी पूर्ण रूप से महिलाओं को दी गई। ट्रेन की सुरक्षा में तैनात रेलवे पुलिसकर्मी, रेलवे चालक, ट्रेन मैनेजर, टिकट कलेक्टर के साथ ट्रेन में तैनात गुड्स गाड्र्स के रूप में सभी कर्मचारी महिला ही कार्यरत रहीं। रेलवे की सीनियर डीओएम श्रेया सिंह ने लोहरदगा-टोरी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रेया सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह सिर्फ मनाने का अवसर नहीं है, बल्कि इसको धरातल पर लाने की आवश्यकता है। रेलवे प्रशासन की तरफ से शुक्रवार को एक ट्रेन की जिम्मेदारी पूरी तरह से महिलाओं को दी गई है, जिससे लोगों के बीच में यह संदेश जाए कि महिलाएं भी




पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे की ओर से यह पहल इसलिए किया गया है कि महिलाओं का मनोबल बढ़े। किसी भी परिस्थिति में महिलाएं अपने आपको मजबूत रख सकें। जब तक महिलाएं मजबूत नहीं होंगी, तब तक समाज आगे नहीं बढ़ेगा। ट्रेन चालक के रूप में दीपाली अमृत दिखीं तो ट्रेन की मैनेजर अनुपलता ने पूरे ट्रेन का जिम्मा लिया। वहीं, को-पायलट के रूप में गीता कुमारी खलखो ने लोको पायलट को असिस्ट किया। ट्रेन में आरपीएफ के रूप में चंद्रानी विश्वास, कल्पना कुमारी, सरस्वती, पिंकी कच्छप, सरोज तिर्की, पूजा बारला सहित कई सुरक्षाकर्मी मौजूद रहीं।

लोको पायलट दीपाली अमृत ने बताया कि आज उन्हें काफी गर्व हो रहा है और रेलवे प्रशासन को वह धन्यवाद देना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल कर समाज में यह संदेश दिया कि आधी आबादी के बगैर देश का विकास नहीं हो सकता है। महिलाओं के द्वारा रांची से रवाना हुई लोहरदगा टोरी एक्सप्रेस करीब 11 बजे लोहरदगा पहुंची और फिर उन्हीं महिलाओं के द्वारा ट्रेन दो बजे वापस रांची आई।

रांची रेलवे अधिकारी निशांत कुमार ने बताया कि इस पहल के माध्यम से वे समाज के वैसे लोगों को संदेश देना चाहते हैं, जो आज भी महिलाओं को घर में बिठाकर रखना चाहते हैं। आज भी सुदूर इलाके के कई ऐसे गांव हैं, जहां यह माना जाता है कि महिलाएं सिर्फ घर का काम कर सकती हैं। इसलिए रांची लोहरदगा ट्रेन जितने भी ग्रामीण क्षेत्रों से गुजरी, उन क्षेत्रों के लोगों को यह बताया गया कि महिलाएं सिर्फ घर ही नहीं बल्कि ट्रेन और हवाई जहाज भी चला सकती हैं।

### तीन आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** आईएएस अधिकारी राजीव अरूण एक्का की वीडियो क्लिप जारी होने के बाद उनसे विभागों का प्रभार वापस ले लिया गया था। शुक्रवार को राज्य सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक व राजभाषा विभाग ने तीन आईपीएस अधिकारियों को इन विभागों का अतिरिक्त प्रभार दिया। 1995 बैच के आईपीएस अजय कुमार सिंह को अपने कार्यों के साथ मंत्रिमंडल सचिवालय व निगरानी विभाग, कार्मिक सचिव वंदना दादेल को गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रधान सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उनके पास नगर एवं आवास विभाग, उत्पाद व मद्य निषेध विभाग के सचिव व जुडको के प्रबंध निदेशक, ग्रेटर रांची विकास एजेंसी के प्रबंध निदेशक का भी अतिरिक्त प्रभार है।

## 18 साल की उम्र पूरी होने से पहले ही अब युवाओं तक पहुंचेगा चुनाव आयोग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए साल में चार मौके मिलने के बाद भी युवाओं में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को लेकर जिस तरह का ढुलमुल रवैया है, उसे देखते हुए चुनाव आयोग ने अब एक बड़ी पहल शुरू की है। चुनाव आयोग अब उनकी ओर से आवेदन मिलने का इंतजार नहीं करेगा, बल्कि 18 साल की उम्र पूरी होने से पहले ही वह उन तक पहुंचेगा। साथ ही मतदाता सूची में उनके नाम को जोड़ने के लिए जरूरी प्रक्रिया को पूरी कराएगा। इस दौरान जैसे ही वह 18 साल की उम्र पूरी करेंगे, उनके मताधिकार के साथ वोटर कार्ड भी जारी कर दिया जाएगा।

**मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को लेकर युवाओं में कम रुचि :** यह पाया गया है कि 18 साल की उम्र पूरी करने के बाद भी युवाओं में मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने को लेकर रुचि कम है। ऐसे में आयोग ने रणनीति बनाई है कि स्कूलों के साथ सीबीएसई सहित दूसरे स्कूली शिक्षा बोर्डों से ऐसे युवाओं की जानकारी लेगी, जो आने वाले कुछ दिनों में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले है। सूत्रों के अनुसार, इसके आधार पर आयोग उन सभी युवाओं को ट्रैक करेगी, जो 18 साल की उम्र पूरी करने वाले है। इसे प्रयोग के तौर पर हाल ही में त्रिपुरा सहित पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में आजमाया भी गया था, जिसमें वोटिंग से पहले 18 साल के रहे सभी युवाओं को मताधिकार दिया गया।

**चार बार जोड़े जा सकते हैं नए वोटरों के नाम :** मौजूदा समय में नए वोटरों के नाम साल में चार बार (एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई, एक अक्टूबर को) मतदाता सूची में जोड़े जा सकते है। इन महीनों में जब भी वह 18 साल की उम्र पूरी करते है, वह इसके लिए पात्र हो जाते है। इससे पहले साल में एक बार ही एक जनवरी को ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने की व्यवस्था थी। यानी एक जनवरी को यदि वह 18 साल की उम्र पूरी नहीं करते थे, उन्हें अगले साल भर का इंतजार करना होता था।

### नेपाल चुनाव आयोग का फैसला

## उपराष्ट्रपति के लिए महिला ही उम्मीदवार

**आशा देवी के नाम पर बन सकती है सहमति**

**यशोदा श्रीवास्तव। काठमांडू**

नेपाल में उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर कानूनी पेंच फंस गया है। शुक्रवार को चुनाव आयोग के आए फैसले के अनुसार इस पद के लिए महिला ही उम्मीदवार हो। चुनाव आयोग के फैसले से बड़ा झटका पूर्व उपप्रधानमंत्री उपेंद्र यादव को लग सकता है। उपराष्ट्रपति के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन की तरफ से उनकी पार्टी के सांसद राम सहाय यादव के नाम पर सहमति बनी थी। राम सहाय यादव के उपराष्ट्रपति चुने जाने पर उनकी रिक्त सीट से उपेंद्र यादव उपचुनाव के उम्मीदवार होते। इससे पहले प्रचंड के नेतृत्व वाली नए गठबंधन की सरकार में उन्हें कोई अहम मंत्रालय देने की संभावना थी। बिना किसी सदन का सदस्य रहे भी कोई व्यक्ति 6 माह तक मंत्री बना रह सकता है। लेकिन इस अवधि के भीतर उन्हें किसी सदन का सदस्य होना जरूरी होता है। हाल ही सम्पन्न आम चुनाव में मधेशी क्षेत्र के बड़े नेता उपेंद्र यादव जनमत उम्मीदवार से चुनाव हार गए थे। बता दें कि नेपाल में 17 मार्च को उपराष्ट्रपति चुनाव की तिथि तय थी। उपराष्ट्रपति के लिए महिला उम्मीदवार की अनिवार्यता संबंधी चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ एक पक्ष सुप्रीम कोर्ट में वाद दाखिल कर सकता है। नेपाल संविधान के अनुसार राजनीति में सक्रिय ऐसी कोई महिला राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री नहीं हो सकती जो जन्म से नेपाली नागरिक न हो। नेपाल में राजनीति में सक्रिय ज्यादातर महिलाओं का मायका भारत य अन्य देशों में है। इस तरह संवैधानिक वंदिश के चलते महिला उपराष्ट्रपति उम्मीदवार का टोटा पड़ सकता है। सरकार को सुप्रीम कोर्ट से भी कोई राहत नहीं मिलने की दशा में जनकपुर के शहीद दुर्गा नंद झा की पत्नी आशा देवी के नाम पर विचार हो सकता है। दुर्गा नंद झा 1962 में जनकपुर में ही तत्कालीन राजा के ऊपर बम फेंकने के दोषी पाए गए थे। इस जुर्म में उन्हें फांसी की सजा हुई थी। उनकी पत्नी आशा देवी का मायका और ससुराल दोनों नेपाल में है और वे प्रांतीय सरकार में मंत्री भी रह चुकी हैं। सरकार समर्थक दल के एक नेता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से भी पक्ष में फैसला न आने की दशा में आशा देवी के नाम पर सहमति संभव है।

## पलामू में कार्डधारकों व डीलरों की मिलीभगत से खाद्यान्न का अवैध उठाव

**सरकार के लाखों रुपये का प्रतिमाह लग रहा है चूना**

**मृत व शादीशुदा लाभुकों का खाद्यान्न का हो रहा है उठाव**

**अजय कुमार पांडेय**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा दिये जाने वाले खाद्यान्न में घोर अनियमितता बरते जाने का मामला प्रकाश में आया है। कार्डधारक और डीलर की मिलीभगत से मृत व्यक्तियों और शादीशुदा लड़कियों के ससुराल जाने के बाद भी उनके नाम का खाद्यान्न का उठाव पूरे जिले में बदस्तूर जारी है। आपूर्ति विभाग के अधिकारी ऐसे अनियमितता बरतने वाले कार्डधारकों एवं डीलरों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर वैसे कार्डधारी का नाम सिर्फ कार्ड से हटाकर छोड़ दिया जाता है। जबकि फूड सिक्युरिटी एक्ट के तहत उन कार्डधारकों एवं डीलरों से अवैध रूप से उठाव किये गए राशन की कीमत वसूली करने एवं दोषी के विरुद्ध प्राथमिकी करने का प्रावधान है। किंतु आपूर्ति विभाग के अधिकारी शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। इसका ज्वलन्त उदाहरण उंटारी रोड प्रखंड के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पलामू डीसी एक्शन में, पीडीएस दुकानों की जांच



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने शुक्रवार को सदर प्रखंड अंतर्गत पोखराहा,जमुने,कॉलेज गेट सहित अन्य स्थानों पर जन वितरण प्रणाली की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों के स्टॉक पंजी, सेल पंजी,सहित अन्य महत्वपूर्ण पंजियों का अवलोकन किया। उपायुक्त श्री दोड्डे ने इसके अलावे दुकान पर सूचना पट्ट अंकित है या नहीं सभी पंजियां अद्यतन है या नहीं, सहित अन्य कई विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी जांच की साथ हीकई कार्डधारियों संग संवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद सभी राशन डीलरों को लाभुकों को बेवजह परेशान ना करने व समय पर राशन वितरण करने की बात कही मौके पर सदर प्रखंड के एमओ रजनीकांत पांडेय उपस्थित थे। इसी तरह शुक्रवार को उपायुक्त के निर्देश पूरे जिले में जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण करने का अभियान चलाया गया। इस दौरान अलग-अलग बीडीओ-सीओ व कार्यपालक दंडाधिकारियो ने विभिन्न प्रखंडों में जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया।

### जांच — ईडी का लालू परिवार व करीबियों से जुड़े 15 ठिकानों पर छापा

# लालू की तीनों बेटियों के घर भी छापा

**एजेंसी। नई दिल्ली**




राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू यादव की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती जा रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लालू के परिवार वालों के बिहार और दिल्ली स्थित 15 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की है। केंद्रीय जांच एजेंसी बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, लालू की तीनों बेटियों और गाजियाबाद में उनके रिश्तेदारों के यहां छापा मारा है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जमीन के बदले नौकरी मामले में ईडी ने यह कार्रवाई की है। केंद्रीय जांच एजेंसी मनी लांड्रिंग के मामले में एक साथ 15 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की छापेमारी दिल्ली में लालू प्रसाद की बेटियों के आवास, गुरुग्राम में एक प्राइवेट बिल्डर के दफ्तर समेत बिहार में अलग-अलग शहरों में चली। प्रवर्तन निदेशालय बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के दिल्ली स्थित आवास पर छापेमारी की। ईडी के अधिकारी राष्ट्रीय राजधानी में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित राजद नेता के आवास पर छापेमारी की कार्रवाई की। इसके अलावा लालू परिवार के करीबी रहे पूर्व राजद विधायक सैयद अबू दोजाना के आवास पर फुलवारी शरीफ में छापेमारी की गई है। अबु दोजाना राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के काफी करीबी माने जाते हैं। वे लालू परिवार के पटना के सगुना मोड़ स्थित बन रहे बिहार के सबसे बड़े मॉल का काम देख रहे थे। अबु दोजाना पर लालू परिवार की कई और कारोबारी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगते रहे हैं। लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहने के दौरान नौकरी के बदले जमीन मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### रांची में लालू प्रसाद के करीबी सीए के दफ्तर में ईडी का छापा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रेलवे में हुए आईआरसीटीसी घोटाले व जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में ईडी ने रांची में छापेमारी की। देशभर में चल रही छापेमारी के क्रम में सुबह नौ बजे ईडी की टीम कांटाटोली के मंगल टॉवर के छठे तल्ले पर कमरा नंबर 608 में पहुंची। यह दफ्तर सीए अजय कुमार सिंह, फर्म सीए एसके नायक से जुड़ा है। जानकारी के मुताबिक, सीए का लालू प्रसाद के परिवार से करीबी रही है। सीए फर्म के संचालक सुमन कुमार नायक हैं। दफ्तर के आसपास के लोगों के मुताबिक, पांच साल पूर्व यहां सीए फर्म का दफ्तर खुला था। चारा घोटाले से जुड़े मामलों के बाद भी सीए का नाम चर्चा में आने की बात ईडी सूत्रों ने बताई है। हालांकि, सीए फर्म के संचालक सुमन कुमार नायक का यहां आना जाना बीते कई दिनों से नहीं है।

## वायु सेना के लिए खरीदे जाएंगे 6 डोर्नियर विमान

**667 करोड़ रुपए की आएगी लागत**

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारतीय वायु सेना के लिए छह डोर्नियर-228 विमानों की खरीद की जाएगी। भारतीय वायु सेना के लिए खरीदे जा रहे इन विमानों की लागत लगभग 667 करोड़ रुपए है। रक्षा मंत्रालय ने 10 मार्च को 667 करोड़ रुपये की लागत वाले इस रक्षा सौदे को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार डोर्नियर-228 विमानों की खरीद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से की जाएगी। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि शुक्रवार 10 मार्च को भारतीय वायु सेना के लिए छह डोर्नियर-228 विमानों की खरीद के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस विमान का उपयोग भारतीय वायु सेना द्वारा रूट ट्रांसपोर्ट और संचार संबंधित सैन्य कार्य के लिए किया जाता रहा है। इसके साथ ही इन विमानो का उपयोग भारतीय वायुसेना के परिवहन पायलटों के प्रशिक्षण के लिए भी किया गया है। अब इन छह विमानों की वर्तमान खेप एक उन्नत ईंधन-कुशल इंजन के साथ पांच ब्लेड वाले समग्र प्रोपेलर के साथ खरीदी जाएगी। यह विमान उत्तर पूर्व के अर्ध-तैयार, लघु रनवे और भारत की द्वीप श्रृंखलाओं से छोटी दूरी के संचालन के लिए आदर्श रूप से अनुकूल है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इन छह विमानों के शामिल होने से दूर-दराज के इलाकों में भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता में और इजाफा होगा। इससे पहले इसी महीने 7 मार्च को रक्षा मंत्रालय ने सेना के लिए 70 बेसिक ट्रेनिंग विमानों को खरीदने का फैसला किया है। यह विमान एचटीटी-40 हैं, इन्हे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड(एचएएल) से 6,800 करोड़ रुपए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### विद्युत सब स्टेशन परिसर में उर्जा मेला का आयोजन आज

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पावर सब बिजली स्टेशन में 11 मार्च दिन शनिवार को ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए बिजली विभाग के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निर्देश पर ऊर्जा मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सरकार द्वारा सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने की जानकारी बिजली उपभोक्ताओं को दी जायेगी। साथ ही खराब मीटर बदलने, नया बिजली कनेक्शन, बिल में होई त्रुटि समेत अन्य बिजली समस्याओं का निराकरण मेला के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस ऊर्जा मेला में हुसैनाबाद अनुमंडल के हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज के सभी बिजली उपभोक्ता भाग ले सकते है। उन्होंने इस मेला में अधिक से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को शामिल होने की अपील की है।

### पंचमुखी हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा की बाबत निकली कलश यात्रा

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद सिटी में पंचमुखी हनुमान मंदिर स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जपला पुरानी बाजार से बाजे गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो मुख्य बाजार होते हुए देवरी सोन नदी में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ वाराणसी के पंडित मृत्युंजय पाठक के द्वारा कलश में जल भरकर पुनः मंदिर में कलश स्थापित किया गया। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु देवी देवताओं के जयघोष से शहर गुंजायमान हो गया। मौके पर भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह ने कलश यात्रा में आये श्रद्धालुओं से कहा कि भक्ति भाव से मन और तन दोनों को शांति मिलता है। नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि भक्तों को सच्चे मन से पूजा अर्चना करना चाहिए। इससे मन को शांति मिलती है। क्योंकि भक्ति भाव से किया गया पूजा कभी बेकार नहीं होती है। इस कलश यात्रा में मुख्य रूप से पंडित अंचल शास्त्री, सीबू शास्त्री,मोहन शास्त्री, पवन पाठक, आशीष पाठक, नगर पंचायत उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, पवन अग्रवाल, मधु अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल,मिंटू लाल, श्रवण अग्रवाल, टिंकू अग्रवाल, समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# बीपीओ ने मनरेगा कर्मियों के साथ की बैठक, दिये कई निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा ने मनरेगा कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता, जीआरएस कंप्यूटर आपरेटर सहित कई लोग उपस्थित थे। बैठक में बीपीओ ने मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की। वहीं बीपीओ ने मानव दिवस का लक्ष्य के अनुरूप सृजन करने,शेड की जांच रिपोर्ट,बागवानी के लिए 2023-24 की कार्ययोजना, आधार शिडिंग,मजदूरों को 100 दिन का रोजगार सृजन, सभी पंचायतों में एक-एक खेल मैदान का निर्माण समेत अधूरे योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने,मनरेगा मजदूरों को अपने ही क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध हो सके। उक्त सभी योजनाओं में मनरेगा मजदूरों को काम मिल सकें, इसके लिए सभी कर्मियों को धरातल पर गंभीरता से जुटने का निर्देश दिया। मौके पर सहायक अभियंता अमित मेहता,पंचायत सचिव अखिलेश शर्मा, तीर्थराज सिंह, कनीय अभियंता अभिषेक पासवान, रोजगार सेवक उमेश चौधरी, अजय कुमार, समीर आलम, नसीम अहमद, दिलीप सिंह समेत कई मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

### घायल बाइक सवार को पहुंचाया अस्पताल, रेफर

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के देवरी खुर्द रोड में सड़क दुर्घटना में घायल बीरेंद्र मेहता को उतरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने होलिका दहन की रात हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। बताया जाता है कि कार्यक्रम से लौट रहे जिप सदस्य राजू मेहता को हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द के समीप बाइक के साथ बुरी तरह से घायल एक युवक सड़क पर गिरा हुआ था। जिसे जिप सदस्य ने उठाकर इलाज हेतु अस्पताल पहुंचाया, जहां ऑन ड्युटी मौजूद चिकित्सक डॉ.विकास कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। परंतु उस समय वहां कोई एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं था। घायल युवक देवरी खुर्द निवासी रामसुंदर मेहता का पुत्र बीरेंद्र मेहता है। रेफर होने के बाद एम्बुलेंस के लिए कॉल करने पर बताया जाता है कि एक एम्बुलेंस मरीज लेकर गया है और एक का ब्रेक डाउन है। जब तक एम्बुलेन्स खाली नहीं हो जाता है। तब तक नहीं मिल सकता है।

## भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की बाबत बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांडू।** प्रखंड के ढाचाबार ,बृधखैरा, डाला कलां व पांडू के लोगों ने एक बैठक आयोजित की। जिसकी अध्यक्षता पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने की। बैठक में सर्व सम्मति से भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा योगीबीर बाबा के स्थान के निकट लगाने का निर्णय लिया गया। पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने पांडू प्रखंड की जनता से इस कार्य मे सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संबिधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित 16 अप्रैल 2023 को की जायेगी। जिसमें झारखंड ,विहार के मंत्री सहित गण्यमान लोग शामिल रहेगें। इसके लिए शक्रवार को एक कमिटी गठित की गई। जिसमें रामनरेश राम अध्यक्ष, अमरनाथ बैठा उपाध्यक्ष, राजेंद्र विश्वकर्मा सचिव, शत्रुघन सिंह उपसचिव, प्रमोद कु.सिंह कोषाध्यक्ष, अमित कुमार उप कोषाध्यक्ष, रामाशीष पासवान संयुक्त,मालू राम उप संयुक्त नियुक्त किया गया है। साथ ही मुख्य संरक्षक, राम लखन सिंह, कामेश्वर बैठा, रामबाबू यादव मुखिया डाला कला पंचायत, कमरुद्दीन अंसारी, आसित कुमार, शिक्षक रामवृक्ष राम, धीरेंद्र कु. सिंह उर्फ पप्पू सिंह, मौके पर बुद्धदेव राम, राजमुनी राम वरुण बैठा,बबन कुमार बैठा, लालजी पासवान, प्रणव कुमार, अनिल कुमार अंबेडकर, सोनू कुमार, सुमंत यादव,बैजनाथ राम, रामचंद्र राम, सतीश बैठा, पुनीत बैठा, श्यामलाल राम, महाराज राम, करीमन राम, सुदर्शन राम, सुभाष राम, गोविंदा कुमार, प्रमोद कुमार, अनुज कुमार, परमेश्वर दास, सुनील बैठा, रामप्रसाद बैठा, सोनू कुमार सिंह, महेंद्र राम, दीपक कुमार, चंदन कुमार, अरविंद सिंह, सुरेंद्र चंद्रवंशी, धर्मेंद्र राम, एवं अन्य बहुत सारे लोग भी शामिल रहें।

### जेसीबी से डोभा तालाब का निर्माण

# लाभुक के खिलाफ थाना में एफआईआर दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के तेंदूई पंचायत में बिचौलियों के माध्यम से रात के अंधेरे में जेसीबी मशीन लगाकर डोभा तालाब योजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। क्रियान्वित योजनाएं मनरेगा की हैं। जबकि प्रखंड के सुदूरवर्ती तेंदूई पंचायत अंतर्गत तेनुडीह गांव के पिछूलिया तर स्थित नागदेव यादव का पुत्र भीम यादव के खेत में डोभा तालाब का निर्माण गुरुवार की रात 9 बजे से शुक्रवार सुबह 4 बजे तक मजदूरों की जगह जेसीबी मशीन से कराया जा रहा है। तालाब निर्माण 80 /100 स्क्वायर फीट में फैला है। बताते चलें कि भीम यादव द्वारा रात के अंधेरे में जेसीबी मशीन से व दिन के उजाले में मजदूर लगाकर काम कराया जा रहा है। सूचना के बाद पंचायत के मुखिया उषा देवी ने पिपरा थाना में मामला दर्ज कराया है। पूछे जाने पर बीडीओ अनीता केरकेट्टा ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि मनरेगा में कहीं भी मशीन से काम कराने का प्रावधान नहीं है। जेसीबी से काम कराने की सूचना पर कार्य को रोक दिया गया है। साथ ही आगे की कार्रवाई की जा रही है। डोभा तालाब निर्माण योजना स्थल पर बीपीओ प्रभात कुमार, जेई दीपक कुमार, रोजगार सेवक अवधेश कुमार के अलावे कई ग्रामीण मौजूद थे।

### शिवालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

**हैदरनगर।** देवी धाम व बड़ा शिवालय में आयोजित होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूरे दिन लोग थिरकते रहे। मुख्य अतिथि सह भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह व पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने लोगों को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। संचालन शिक्षक राजेश कुमार सिंह ने किया। जिला पार्षद संगीता देवी सिंह व हैदरनगर पूर्वी पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह ने अतिथियों व कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि होली भाईचारे का त्योहार है। व्यास सुरेन्द्र दीक्षित व विनय बिहारी की टीम ने होली गाया। मुखिया जितेन्द्र सिंह व राजकुमार राम, उपमुखिया पवन कुमार, प्रदीप सिंह, सेवानिवृत शिक्षक भोला राम, संजय सिंह आदि मौके पर उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 20/2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिआँव।
2. परिमाण विपत्र बिकी की तिथि एवं समय :– दिनांक 20.03.2023 अपराहन 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव में दिनांक 21.03.2023 को अपराहन 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव में दिनांक 21.03.2023 को अपराहन 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणी:–

| क0. सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 11 | नागरिक सुविधा | Installation of S/F/F of 20 miter High Mast Light at ward no 11, Manjhiaon Nagar Panchayat | 686339.00 | 5000 | 13750 | 30 दिन |
| 02 | 11 | नागरिक सुविधा | Installation of S/F/F of 20 miter High Mast Light at ward no 11, Manjhiaon Nagar Panchayat | 686339.00 | 5000 | 13750 | 30 दिन |

नोटः– विस्तृत सूचना एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

PR 292230 Urban Development(22-23).D

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिआँव


# निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल व ट्रामा सेंटर का भव्य उद्घाटन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के पुलिस लाइन रोड में शुक्रवार को निर्मला मल्टी स्पेशलिटी एंड ट्रामा सेंटर की भव्य उद्घाटन किया गया। मौके पर काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। हॉस्पिटल की खास बात यह है कि यहां अस्थि प्रत्यारोपण, पोलियो, नस संबंधी रोग ट्रामा, हड्डी प्रत्यारोप, एक्सीडेंटल, इमरजेंसी, प्लास्टिक सर्जरी, फिजियोथैरेपी, चर्म रोग, कुष्ठ रोग, गुप्त रोग, गला, दांत, जबड़ा संबंधित सभी अत्यंत महंगी एवं जटिल बीमारियों का समाधान एक छत के नीचे 24 घंटे उपलब्ध है। निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर उद्घाटन के मौके पर पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ की कार्यप्रणाली अद्भुत है। मौके पर मनिका विधानसभा विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि पलामू में लोग डॉ विजय सिंह एवं उनके परिवार के सेवा से प्रसन्न है। तीन दशकों का विश्वास लेकर डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ एक नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहे हैं।

**शहीदों के परिवारों को दी गई प्रशस्ति पत्र व स्वास्थ्य सुरक्षा कार्ड :** निर्मला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर की खास बात यह है कि यहां पलामू जिले में जितने भी शहीद परिवार हैं उन्हें मुफ्त में इलाज की पूर्णतः व्यवस्था यह संस्थान करेगी। साथ ही शहीद के परिवार को सम्मान करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। जिससे शहीद के आश्रित परिवार वाले मुफ्त में अपना इलाज इस संस्थान में करा सकते हैं।

**तीन दशकों से कर रहे हैं इलाज :** आपको ज्ञात होगा कि 3 दशकों से यानी 30 साल से डॉ विजय सिंह , अपनी जीवन की संपूर्ण कार्य अवधि पलामू की जनता को समर्पित कर दी है । अब करीब डेढ़ दशक से उनके बड़े पुत्र डॉ विनीत सिंह एवं पुत्रवधू डॉ श्वेता सिंह अपनी समर्पण की भूमिका निभाते आ रहे हैं । यहां इनके छोटे पुत्र डॉ प्रवीण सिद्धार्थ बहुत अल्प समय में अपने पिता के पद चिन्हों पर चलकर प्रसिद्धि प्राप्त कर एवं सबसे भरोसेमंद डॉक्टर के रूप में निखर कर सामने आये हैं। डॉक्टर विजय कुमार सिंह , डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ, डॉक्टर उदय सिंह, डॉक्टर श्वेता सिंह, डॉक्टर विनीत सिंह हमेशा आपकी सेवा में उपलब्ध हैं। मौके पर जिले के सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस चंदन सिन्हा, इंदर सिंह नामधारी, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, डीएसपी सुरजीत कुमार, समाजसेवी ज्ञानचंद पांडे, भोला पांडे, राहिल राज आदि शहर के तमाम प्रबुद्ध बुद्धिजीवी समाजसेवी गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### समय की कीमत को पहचानें : पीडीजे

**मेदिनीनगर।** भूतपूर्व विधायक व बरिष्ठ अधिवक्ता सचिदानंद त्रिपाठी के दिब्य स्मृति में शुक्रवार को उनकी 36 वीं पुण्य तिथि सह अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने दीप प्रज्वलित कर व स्वर्गीय त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मौके पर पीडीजे श्री चौबे ने कहा कि सभी को समय की कीमत को पहचानने की जरूरत है। जो समय की कीमत को समझता हैं सफलता उसी को मिलती है। वकालत के क्षेत्र में स्वर्गीय त्रिपाठी के उत्कृष्ट योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। उनका व्यक्तित्व आज हम सबों के लिए प्रेरणादायक है। उनके पुण्यतिथि को मनाकर उनके वकालत के क्षेत्र में किये गए कार्य को जीवंत रखने का कार्य जो शशिभूषण दुबे द्वारा किया जा रहा है। यह अधिवक्ता समाज के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं। स्व. त्रिपाठी ने अपना कर्मक्षेत्र पलामू जैसे क्षेत्र को चुना और यहां के लोगों को सुलभ सरल न्याय दिलाने का प्रयास किया। यही वजह है कि आज उनकी स्मृति में सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। मौके मुख्य अतिथि व विशिष्ठ सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया । साथ ही उन्हें धार्मिक पुस्तकें भेट की गइ।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 291942 (Building)22-23*D जो परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय 13.03.2023 को (पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक) मुहरबंद लिफाफा निविदा प्राप्त की तिथि एवं समय 14.03.2023 को अपराहन 3:00 बजे तक, निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.03.2023 को 03:30 बजे अपराहन तक अंकित है, को अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित करते हुए निविदा प्राप्त एवं खोलने की नई तिथि पढ़ा जाय :–

1.परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय 22.03.2023 को (पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक)
2. मुहरबंद लिफाफा निविदा प्राप्त की तिथि एवं समय–23.03.2023 को अपराहन 03:00 बजे तक
3. मुहरबंद लिफाफा निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 23.03.2023 को 03:30 बजे अपराहन तक

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 292191 (Building)22-23*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-RM-29 / 2022–23
दिनांक–09.03.2023

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि :– 14-03.2023 को 12-30 बजे अपराहन से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 21.03.2023 को 03-30 बजे अपराहन तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 21-03.2023 को 04.30 बजे अपराहन में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer, D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. कार्य का नाम :– नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति प्रमंडल स्तर से की जायेगी)
10. कार्य का विवरण :–

| क0 | प्रखण्ड का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की सं0 (अनुमानित) | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा एवं डंडा | GAR/RM-01 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 2 | गढ़वा एवं डंडा | GAR/RM-02 | 150 Nos | 1,38,778.00 | 3,000.00 | 500.00 | 03 Months |
| 3 | रंका, रमकंडा, चिनियाँ | GAR/RM-03 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 4 | रंका, रमकंडा, चिनियाँ | GAR/RM-04 | 150 Nos | 1,38,778.00 | 3,000.00 | 500.00 | 03 Months |
| 5 | नगर उंटारी, रमना एव विशुनपुरा | GAR/RM-05 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 6 | भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी | GAR/RM-06 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 7 | कांडी, बरडीहा, मझिआँव | GAR/RM-07 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 8 | मेराल एवं डंडई | GAR/RM-08 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 9 | मेराल एवं डंडई | GAR/RM-09 | 150 Nos | 1,38,778.00 | 3,000.00 | 500.00 | 03 Months |
| 10 | धुरकी एवं सगमा | GAR/RM-10 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 11 | भंडरिया एवं बड़गड़ | GAR/RM-11 | 250 Nos. | 2,31,297.00 | 5,000.00 | 500.00 | 03 Months |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय बेवसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO.292232 Drinking Water and Sanitation(22-23):D



## जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू

प्रेस विज्ञप्ति

सामग्रियों की नीलामी हेतु अल्पकालीन सूचना :–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपर पुलिस महानिदेशक, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक–1159/आपूर्ति, दिनांक– 02.09.2022, ज्ञापांक–1606/आपूर्ति, दिनांक–10.11.2022 तथा ज्ञापांक–78/आपूर्ति, दिनांक– 12.01.2023 द्वारा पलामू जिला इकाई के भण्डार में उपलब्ध बेचे जाने योग्य अनुशंसित अनुपयोगी सरकारी सामग्रियों को बेचने/नीलामी का आदेश प्राप्त हुआ है। नीलामी की जाने वाली सामग्रियो की सूची निम्नवत् है :–

| क्रम सं0 | सामानों का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | गैस सिलेंडर 2 लीटर | 1 |
| 2 | गैस सिलेंडर 2 लीटर | 1 |
| 3 | बेलचा | 4 |
| 4 | ड्राम | 2 |
| 5 | वी0आई0पी0कुर्सी | 1 |
| 6 | सिस्टम सी0पी0यू0 | 1 |
| 7 | टाईप मशीन | 1 |
| 8 | प्रिंटर | 1 |
| 9 | यू0पी0एस0 | 2 |
| 10 | एमप्लीफायर | 1 |
| 11 | सी0डी0डी0वी0डी0 | 1 |
| 12 | मॉनीटर एल0जी0 | 1 |
| 13 | कम्प्यूटर ऑल इनवन | 1 |
| 14 | कैनन लेजर फैक्स | 1 |
| 15 | सिग्मा फैक्स मशीन | 1 |
| 16 | सी0आई0टी0शीट | 8 |
| 17 | तीन शेल टार्च | 1 |
| 18 | लालटेन | 2 |
| 19 | साईकिल एवन छोटा | 1 |
| 20 | फायर स्टेडन्ड | 2 |
| 21 | स्टील पंचिंग | 1 |
| 22 | एक्सरसाईज साईकिल | 1 |
| 23 | ट्रेड मिल | 1 |
| 24 | आर्म करल | 1 |
| 25 | वटर फलाई | 1 |
| 26 | बेंच प्रेस | 1 |
| 27 | शल्डर प्रेस | 1 |
| 28 | लेग प्रेस | 1 |
| 29 | लेग एक्सटेन्शन | 1 |
| 30 | शीटेड रौबीनग | 1 |
| 31 | स्कॉट प्रेस | 1 |
| 32 | सिस्ट कन्डीशनर | 1 |
| 33 | डीपिंग फ्री वेट | 1 |
| 34 | एबडोभीनल फ्री वेट | 1 |
| 35 | चीभिंग वार फ्री वेट | 1 |
| 36 | टुविस्टर फ्री वेट | 1 |
| 37 | हीप फ्लेक्सर फ्रीवेट | 1 |
| 38 | हाईपर एक्सटेशन फ्री वेट | 1 |
| 39 | हाई लेट पुली | 1 |
| 40 | रोवर | 1 |
| 41 | वाईपर वेल्टमेसाईजर | 1 |
| 42 | बटाली पतला बड़ा | 4 |
| 43 | बटाली पतला छोटा | 4 |
| 44 | हेक्सा ब्लेड | 11 |
| 45 | लकड़ी बर्मा | 1 |
| 46 | पलास | 1 |
| 47 | सिली पतला | 3 |
| 48 | फायर हुक | 3 |
| 49 | मग | 1 |
| 50 | फेनायल मग | 5 |
| 51 | पेचकस | 2 |
| 52 | बटाली लोहा का | 1 |
| 53 | हेक्सा ब्लेड का बर्मा | 1 |
| 54 | बर्मा हैण्डिल | 1 |
| 55 | ड्रील मशीन | 1 |
| 56 | स्टीगर गैस सिलेंडर | 6 |
| 57 | बाल्टी बड़ा | 2 |
| 58 | बाल्टी छोटा | 3 |
| 59 | किरान का तार | 2 |
| 60 | लोहे का कुर्सी | 1 |
| 61 | धोबी का टब | 1 |
| 62 | रायफल मग | 4 |
| 63 | टीप | 3 |
| 64 | गोदरेज कुर्सी | 3 |
| 65 | गोदरेज मुविंग चेयर | 1 |
| 66 | यू0पी0एस0बैटरी | 3 |
| 67 | यू0पी0एस0 | 1 |
| 68 | कन्धा बैच B.H.G. | 474 |
| 69 | टोपी बैच निस्काम सेवा | 335 |
| 70 | जी0सी0बटन बडा | 213 |
| 71 | टोपी बैच निस्काम सेवा | 113 |
| 72 | कन्धा बैच BHG | 738 |
| 73 | जी0सी0बटन छोटा | 4213 |
| 74 | कन्धा बैच BHG | 103 |
| 75 | कैन्सी बैच | 72 |
| 76 | टोपी बैच निस्काम सेवा | 183 |
| 77 | जी0सी0बटन बडा | 43 |
| 78 | जी0सी0बटन छोटा | 100 |

अतः इच्छुक क्रेता/खरीदार कार्यालय अवधि में जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, मेदिनीनगर, पलामू में दिनांक–14/03/2023 को प्राप्तः 10:00 बजे से 4:00 बजे तक सामग्रियों का अवलोकन कर सकते हैं। दिनांक–15/03/2023 को समय 11:00 बजे से 12:00 बजे तक उक्त सामग्री का क्रय करने वाली इच्छुक पार्टी (व्यक्ति) रद्दीकृत सामग्री का दर बंद लिफाफे में अधिकतम मूल्य निर्धारित कर जिला समादेष्टा कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू में जमा करेंगे। रद्दीकृत सामग्री को लेने का अधिकार अधिकतम मूल्य देने वाले व्यक्ति को बिक्रय/निलामी के बाद पूर्ण राशि भुगतान करने के पश्चात् दिया जायेगा।

ह0/
जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,पलामू

PR 292209 (District)22-23*D

## NEWS इन ब्रीफ

### कोटिया पहाड़ पर फंदे से झुलता मिला शव

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के चांपी गांव में शुक्रवार को 20 वर्षीय बालों तूरी के पुत्र भीम तूरी उर्फ कड़वा का शव घर से आधा किलोमीटर दूर कोटिया पहाड़ के जंगल में स्थित गिंजन के पेड़ से लटका मिला। जिसे लेस्लीगंज की पुलिस बरामद किया है। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी की बगल के पहाड़ पर एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका पड़ा है। पुलिस गांव में पहुंच कर शव को पेड़ से उतरवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच भेज दिया। जानकारी के अनुसार बताया वह कल सुबह घर में रखा खाट बुनने वाली नेवार की रस्सी को लेकर मरने की बात कहकर घर से निकला था। उसकी बहन ने अपने भाई से मरने की बात कहते हुए सुनी थी। उसने रस्सी को दो बार लूटकर छुपा कर रख दिया और उसे समझाया बुझाया । परंतु कुछ देर बाद वह फिर रस्सी लेकर घर से आधा किलोमीटर दूर पहाड़ पर चला गया । जहां पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से बरामद किया । वहीं परिजनों ने बताया कि मुंबई से कमाने के बाद वह होली में घर आया था। उसे गांव की किसी लड़की के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस जांच करने में जुटी हुई हैं।

### ट्रैक्टर के धक्के से बालक गंभीर, रेफर



**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर क्षेत्र अंतर्गत लोहरपुरवा गांव निवासी बलवंत मेहता का 7 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार मेहता ट्रैक्टर के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया। बताया जाता है कि उक्त बच्चा अपने घर के पास खेल रहा था। उसी क्रम में ट्रैक्टर से धक्का लग गया। जिससे बच्चा घायल हो गया।

### दो फरार वारंटी गिरफ्तार

**पाटन।** नावाजयपुर पुलिस ने दो फरार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थाना प्रभारी संजय रजक ने बताया कि 2021 के एसी/एसटी के प्राथमिकी अभियुक्त रोहित कुमार तथा न्यायालय के वांछित एवं थाना कांड के फरारी अभियुक्त इंद्रदेव भुइयां को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

## टेंपो पलटने से 60 वर्षीय वृद्ध घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर टेंपो पलटने से एक मजदूर शामदेव प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कौवल निवासी शामदेव यादव गुरुवार को किसी के यहां तिलक समारोह में शामिल होने गया था। शुक्रवार की सुबह शामदेव यादव टेंपो पर सवार होकर अपने घर जा रहा था । तभी रास्ते में छतरपुर रोड में टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई । जिसमें शामदेव यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी छतरपुर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताते चलें कि घायल व्यक्ति मजदूरी का काम करता है और मजदूरी का काम कर अपने घर परिवार चलाता है। सड़क दुर्घटना में उसकी बाया पैर पुरी तरफ से क्षतिग्रस्त हो गया है। समुचित इलाज कराने के लिए भी उनके पास पैसे की कमी हो रही है।

## राजभवन घेराव को लेकर कांग्रेस की बैठक

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने 10 मार्च को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आगामी 13 मार्च 2023 को केंद्र की मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के नेतृत्व में राजभवन घेराव का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रतिनिधि का उपस्थित होना अनिवार्य है। मौके पर मुख्य अतिथि पलामू प्रभारी विनय कुमार सिन्हा उर्फ दीपू उपस्थित रहेंगे।

# डीसी ने जनता दरबार में सुनी समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जनता दरबार में मुख्य रूप से वृद्धा व विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, जमीन संबंधी, अनुकंपा एवं मुआवजा राशि संबंधी जुड़े आवेदन आये। जिसे उपायुक्त श्री दोड्डे ने गंभीरता से लेते हुए आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द



निष्पादित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का 15 दिनों के भीतर भौतिक सत्यापन करते हुए समस्याओं का समाधान निर्धारित समय सीमा के अंदर करें। उन्होंने फरियाद लेकर पहुंचे लोगों को भरोसा भी दिलाया कि आपकी समस्याओं को जिला प्रशासन पूरी तत्परता के साथ भौतिक सत्यापन करते हुए उसका निदान करेगी। पांकी से आये राजेंद्र शर्मा ने उपायुक्त को अपने आवेदन के माध्यम से बताया कि उनके बड़े भाई के लड़के के द्वारा मेरे घर के पिछले हिस्से के मकान का ताला तोड़कर अपना ताला लगाकर अश्लील शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। वही चैनपुर के ग्राम खुटार खुर्द से आये ग्रामीण लोगों ने अपने आवेदन के माध्यम से बताया कि उनलोगों को अपने घरों से लेकर मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए तीन चार पीढ़ियों से जिस गैरमजरूआ भूमि को रास्ते के इस्तेमाल में लाया जा रहा था। उसपर गांव के ही एक व्यक्ति के पुत्र द्वारा उसको अवरुद्ध कर उसपर मकान का निर्माण कराया जा रहा है। इसी तरह कई अन्य मामले उपायुक्त के समक्ष रखे गए।

# कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए एसडीओ ने किया निर्देश जारी

## परीक्षा केंद्र से 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू

**परीक्षा केंद्र परिसर से 100 गज की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड वार्षिक माध्यमिक(सैद्धांतिक) परीक्षा 2023 व झारखंड वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र से 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू किया गया है। जिसमें कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए एसडीओ ने निर्देश जारी किया है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से 14 मार्च से शुरू हो रही झारखंड वार्षिक माध्यमिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2023 व झारखंड वार्षिक



इंटरमीडिएट परीक्षा को देखते हुए मेदिनीनगर सदर एसडीओ राजेश कुमार शाह ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 गज की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। सदर अनुमंडल क्षेत्र में मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षाओं के लिए कुल 51 केंद्र बनाये गये हैं। इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है। इसी के मद्देनजर एसडीओ ने निषेधाज्ञा लागू की है।

## हादसे से बचाव को लेकर चिपका रिफ्लेक्टर

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में सड़क दुर्घटना से बचाव को लेकर शुक्रवार को रेड़मा,ओवर ब्रिज, छह मुहान डिवाइडर में रिफ्लेक्टर रेडियम चिपकाया गया। ताकि रात में वाहन चालक को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने बताया कि सड़क जाम को लेकर रेड़मा ओवर ब्रिज पर ब्रैकेटिंग लगाया गया है। ताकि लोगों को जाम से



मुक्ति मिल सके। इसके बाद भी लोग बेतरतीब ढंग से वाहन चलाकर दुर्घटना का शिकार हो रहा है। रात में अंधेरा होने के कारण वाहन चालकों को डिवाइडर से साइड लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसी को लेकर डिवाइडर में रिफ्लेक्टर रेडियम चिपकाया गया है।

## योग गुरु स्वामी रामदेव 18 से 20 तक पलामू में



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ और भारत के योग गुरु स्वामी रामदेव पलामू आने वाले हैं। योग ऋषि स्वामी रामदेव का तीन दिवसीय योग शिविर 18 मार्च से 20 मार्च तक पलामू जिला मुख्यालय शहर मेदिनीनगर में आयोजित किया जायेगा। मेयर अरुण शंकर ने बताया कि कार्यक्रम की अनुमति मिल गयी है। इस कार्यक्रम में पलामू चैंबर के अलावा तमाम सामाजिक, राजनीतिक और व्यापारिक संगठन शामिल हैं। सभी को साथ लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया जायेगा और उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। क्योंकि यह महापौर का नहीं बल्कि पूरे पलामू प्रमंडल का कार्यक्रम है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में बाबा रामदेव झारखंड के साथ-साथ पलामू सहित कई अन्य प्रांतों से आये लोगों को योग और ध्यान का लाभ देंगे।

## भांजी हत्या का आरोपी, मामा गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के हरभोंगा में आपसी रंजिश में भांजी की हत्या करने वाले कलयुगी मामा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारीढोढा इलाके से हुई है। हत्या करने के बाद आरोपी इस इलाके में छिपकर रह रहा था । गुप्त सूचना के आधार पर चैनपुर पुलिस ने उसे वहां से धर दबोचा। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। चैनपुर के थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हरभोंगा निवासी और 14वर्षीय भांजी की हत्या में शामिल छोटन पांडे को गिरफ्तार कर लिया गया है। 8 मार्च को छोटन पांडे ने अपनी मौसेरी बहन की बेटी की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी थी और पास के गौशाला में टांग दिया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। इसी बीच गुप्त सूचना मिलने पर उसे अंधारीढोढा इलाके से गिरफ्तार किया गया। बतादें कि 8 मार्च को देवकुमार पांडे अपनी पत्नी के साथ अपने पैतृक घर गढ़वा जिले के विशुनपुरा थाना क्षेत्र के महुलीकला गांव पूजापाठ करने गए थे। देवकुमार अपने ससुराल में ही रहते हैं। इसी का फायदा उठाकर छोटन पांडे ने पूर्व से चली आ रही रंजिश के कारण देवकुमार की पुत्री की हत्या कर दी।

### सहियाओं को मिलेगा टैब, बंडी व बैच

# बेहतर कार्य करने पर सहिया को मिलेगी प्रोत्साहन राशि : डॉ. केनेडी

### आईईसी व सीएम कोषांग की प्रमंडल स्तरीय समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की राज्य इकाई द्वारा आज पलामू सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इसमें समुदाय उत्प्रेरण(सहिया) और आईईसी(प्रचार-प्रसार) आदि कार्यों की समीक्षा की गई। राज्य समुदाय उत्प्रेरण कोषांग के नोडल पदाधिकारी डॉ. जॉन एफ केनेडी ने कहा कि राज्य गाइडलाइंस को फॉलो करें और बेहतर से बेहतर कार्य करने का प्रयास करें। बैठक में बताया गया कि बेहतर कार्य करने वाली सहियाओं को मेडल, बैच, प्रोत्साहन राशि एवं बंडी दी जाएगी। स्वास्थ्य के कुल 14 इंडिकेटर में बेहतर करने वाली कुल स्वास्थ्य सहियाओं को स्वर्ण, रजत, कांस्य और श्वेत बैच पहना कर सम्मानित किया जाएगा। स्वर्ण सहिया को एक हजार रुपए, रजत को 500 और कांस्य श्रेणी की सहिया को 250 रुपए मानदेय के अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त राज्य भर की स्वास्थ्य सहियाओं को टैब भी प्रदान किया जाएगा। जिससे सहिया एप्प के माध्यम से कार्य करने में आसानी होगी। मौके पर सहिया सहायता निधि, सहिया कोर्पस फंड, अनटाइड फंड आदि की भी समीक्षा की गई। बैठक में राज्य समुदाय उत्प्रेरण कोषांग के नोडल पदाधिकारी डॉ. जॉन एफ केनेडी, क्षेत्रीय उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सन्तोष कुमार श्रीवास्तव, पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, गढ़वा के सिविल सर्जन-सह-पलामू एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार, सहिया कोषांग की राज्य समन्वयक-सह-प्रभारी राज्य कार्यक्रम प्रबन्धक अकई मिंज, सहिया प्रशिक्षण समन्वयक मनीर अहमद, मीडिया कंसल्टेंट अजय कुमार सहित पलामू, गढ़वा और लातेहार के डीपीएम स्वास्थ्य, जिला लेखा प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम समन्वयक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीपीएम और प्रखंड लेखा प्रबंधकों ने भाग लिया। बैठक में आईईसी और समुदाय उत्प्रेरण कोषांग के भौतिक और वित्तीय समीक्षा हुई और आवश्यक निर्देश दिए गए।

## 12 प्रखंडों के 29 पैक्सों में चुनाव माह के अंतिम सप्ताह में

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। जिले के 12 प्रखंडो के 29 पैक्सों में सहकारी सहयोग समिति लिमिटेड का चुनाव कराने को लेकर कार्य शुरू कर दिया गया है। इसे लेकर चुनाव संचालन पदाधिकारी कुमारदीप एक्का ने बताया कि मार्च के अंतिम सप्ताह से जिले के 12 प्रखंडों के 29 पैक्सों में विशेष आम सभा के माध्यम से चुनाव कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। अलग-अलग पैक्सों में चुनाव संपन्न कराने को लेकर विभिन्न प्रखंडों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गयी है। इसी तरह लेस्लीगंज प्रखंड के कोहखास पैक्स में चुनाव के लिए पांकी के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी निशीतोष ठाकुर को निर्वाचन पदाधिकारी एवं पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी द्विराज मोहन मिंज को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। इसी तरह लेस्लीगंज के दारूडीह पैक्स में चुनाव के लिए मेदिनीनगर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी विपिन किशोर कुंडुलना को निर्वाचन पदाधिकारी एवं मेदिनीनगर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी आशीष खलखो को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। सभी पदाधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समिति का चुनाव संपन्न कराकर एक प्रति सहायक निबंधक सहयोग समितियां के कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है। सभी निर्वाचन कार्यक्रम का निष्पादन संबंधित समिति के मुख्यालय से किया जायेगा।

## होली पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत अंतर्गत पिपरघाट गांव में गुरुवार की रात होली के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी जानू चौधरी व राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उक्त अवसर पर अबीर गुलाल लगाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। वहीं युवाओं ने जानू चौधरी को अबीर गुलाल लगाकर स्वागत करते हुए खुशी का इजहार किया। आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने होली गीतों का बौछार कर रातभर दर्शकों को खूब झुमाया। मौके पर मुकेश चौधरी, बिट्टू राज,



पप्पू यादव, शिवपूजन मेहता, मुन्ना यादव, टीमन यादव, संजय चौधरी, विवेक कुमार, संजय यादव, कृष्णा मेहता, मिथलेश चौधरी, छोटू चौधरी, बिंदु रजक, अशोक मेहता सहित सैकड़ो की संख्या में दर्शकगण भी उपस्थित थे।

# पलामू सांसद आईपीयू में भाग लेने बहरीन रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद वीडी राम अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के मनामा, बहरीन में11 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित होने वाले 146वीं अधिवेशन में भाग लेने के लिए रवाना हो गए। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा पलामू सांसद को भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की ओर से अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के मनामा बहरीन में 146वीं अधिवेशन के लिए पुनः नामित किया गया है। उक्त अधिवेशन में भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में 10 संसद सदस्यों क्रमशः भर्तृहरि महताब, तिरुचि शिवा, पूनम मदाम, वीडी राम, डॉ० हिना विजय कुमार गावित, रखशा निखिल खडसे, दीपा कुमारी, अपराजिता सारंगी, डॉ० सस्मित पात्रा एवं डॉ० राधा मोहन दास अग्रवाल को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया हैं। सांसद उक्त अधिवेशन में भाग लेने के लिए 10 मार्च 2023 को बहरीन के लिए हुए रवाना। मनामा बहरीन में आयोजित 146वीं अधिवेशन में सतत विकास पर अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) स्थायी समिति जैसे विषयों पर चर्चा की जायेगी। अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) संप्रभु देशों की सांसदों का अंतरराष्ट्रीय संगठन है। आईपीयू की स्थापना वर्ष 1889 में की गयी थी। जिसका उद्देश्य विश्वव्यापी संसदीय परिचर्चा के लिए तथा लोगों के बीच शांति सहयोग और प्रतिनिधिक लोकतंत्र की ठोस स्थापना के लिए कार्य करना। आईपीयू के लगभग 160 देशों के संसद सदस्य हैं। आईपीयू उन क्षेत्रीय अंतर संसदीय संगठनों तथा अंतरराष्ट्रीय अंतर सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से भी कार्य करता है।

### धोखाधड़ी मामले में दो गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना की पुलिस ने लूट और धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कंकारी निवासी और प्राथमिकी आरोपी छोटे लाल चौधरी एवं रजहरा निवासी आनंद उरांव शामिल हैं। चैनपुर के थाना प्रभारी ने बताया कि शाहपुर मेन रोड यादव होटल के पास गोपाल कुमार से 1 लाख 57 हजार एवं मोबाइल लूटने के मामले में प्राथमिकी आरोपी छोटे लाल चौधरी को कंकारी ननफुलिया से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इसी तरह राजकुमार उरांव, ग्राम रजहरा के द्वारा गांव के ही 3 लोगों पर पैसा लेकर जमीन एग्रीमेंट करने के बाद धोखाधड़ी करते हुए उसी जमीन को पुनः बेच देने का आरोप लगा था। जिसमें प्राथमिकी आरोपी आनंद उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

**कार्रवाई** | नौ प्रखंडों के बीडीओ को शो-कॉज

# विभाग ने पशु शेड लाभुकों का मांगा, ब्यौरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में मनरेगा के तहत पशु शेड का निर्माण नियमों और कानूनों को ताक पर रखकर किया गया है। कई प्रखंडों में लक्ष्य से कई गुणा अधिक पशु शेड बना दिये गए हैं। इस मामले में अब कार्रवाई भी शुरू हो गई है। मनरेगा घोटाला को लेकर विधायक बिरंची नारायण ने विधानसभा में भी आवाज उठाई थी। मनरेगा के तहत पशु शेड निर्माण को लेकर पलामू के चैनपुर ,हुसैनाबाद ,मनातू ,नौडीहा बाजार, नीलाम्बर पीताम्बर, पांडू ,पांकी ,छतरपुर एवं पिपरा प्रखंड से शो कॉज किया गया है। इस संबंध में पलामू के उप विकास आयुक्त ने सभी बीडीओ को पत्र लिखकर तीन दिनों के अंदर जवाब उपलब्ध करवाने को कहा है। पलामू में अनुमान से अधिक पशु शेड निर्माण के मामले में विधानसभा में आवाज उठी थी। जिसके बाद मामले में सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव ने पलामू जिला प्रशासन से पत्राचार किया था और वक्तव्य की मांग की थी। सरकार ने पलामू जिला प्रशासन से मनरेगा के तहत बने 'पशु शेड का जांच प्रतिवेदन मांगा था। प्रतिवेदन योग्य, अयोग्य लाभुकों का स्थलीय सत्यापन कर जांच रिपोर्ट तैयार करनी थी और सरकार को भेजी जानी थी। लेकिन नौ प्रखंडों के बीडीओ ने विस्तृत जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी है।

### कई पंचायतों में बना दिया गया सैकड़ों पशु शेड

2021 में मनरेगा के तहत पशु शेड निर्माण की योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत प्रत्येक पंचायत में मात्र पांच पशु शेड का निर्माण किया जाना था। लेकिन पलामू के दर्जनों पंचायत में नियम की -अनदेखी करते हुए कई गुना अधिक पशु शेड बना दिए गए। वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 में पलामू के चैनपुर, हुसैनाबाद, मनातू, नौडीहा बाजार, नीलाम्बर पीताम्बर पांडू, पांकी, छतरपुर एवं पिपरा पाटन प्रखंड में कई पंचायत में सैकड़ों पशु शेड बना दिए गए हैं। पलामू के पाटन प्रखंड के सबसे पहले मनरेगा के तहत पशु शेड की जांच शुरू हुई थी। जांच में पाया गया कि एक पंचायत में 400 से भी अधिक पशु शेड बना दिए गए हैं। जिसके बाद पूरे मामले में पलामू जिला प्रशासन ने दोषी कर्मियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज किया था। पाटन में घोटाला पकड़े जाने के बाद पूरे जिले में पशु शेड की जांच शुरू की गई है।

# पंकज सिंह के अंतिम संस्कार में विधायक व कई लोग हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** मालगाड़ी की चपेट में आने से मृत पंकज सिंह का शव पोस्टमार्टम के उपरांत कंचनपुर पहुंचने पर शुक्रवार दोपहर बाद कोयल नदी किनारे अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह समेत काफी संख्या में लोगों ने लोग पहुंचे। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात्रि बनवारी सिंह के पुत्र पंकज सिंह की मोटरसाइकिल से रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान रात्रि के अंधेरे में मालगाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। मृतक का शव पोस्टमार्टम के उपरांत कंचनपुर पहुंचने के उपरांत आज ही दोपहर बाद मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह जहां अंतिम संस्कार में शामिल हुए वहीं मृतक के पिता बनवारी सिंह से मिलकर घटना में दुख व्यक्त करते हुई संवेदना प्रकट किया। उन्होंने इस दुख की घड़ी में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। जानकारी हो कि पंकज सिंह (उम्र लगभग 30 वर्ष )बरवाडी प्रखंडकार्यालय में दैनिक वेतन भोगी के रूप में बहुत दिनों से कार्यरत था, वर्तमान में सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मी को हटाए जाने के बाद वह अपने घर पर ही रहते थे। युवक पंकज सिंह के अंतिम संस्कार में जहां आसपास के काफी संख्या में लोग जुटे। जिसमे 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, युवा कांग्रेस कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, अंचल अमीन



झामन सिंह ,भाजपा नेता ईश्वरी सिंह, मंसूर आलम, समसुल अंसारी, मो आलम,दिनेश मेहता ,विष्णु प्रसाद ,बसंत सिंह समेत काफी संख्या में आसपास के लोग शामिल थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

# लंबित योजनाओं को तय समय पर पूरा करें : उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में डीएमएफटी की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा माननीय विधायक लातेहार बैद्यनाथ राम को डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। बैठक में माननीय विधायक ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे पीसीसी पथ निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रगति के रिपोर्ट के साथ कार्य का गुणवत्ता फोटोग्राफ अवश्य संलग्न करें। इसके आलावा उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयवधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ हीं वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी से हो रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली एवं अविलंब कार्यकारी एजेंसी को संचालित लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता श्री आलोक शिकारी कच्छप, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री बंधन लांग, लातेहार विधायक प्रतिनिधि श्री प्रभात कुमार, मनिका विधायक प्रतिनिधि श्री हरि शंकर प्रसाद, संबंधित पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, डीएमएफटी की टीम समेत अन्य उपस्थित थे।

### बाल श्रम उन्मूलन को लेकर बैठक

# बाल श्रम करवाने वालों पर होगी कार्रवाई : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** उपायुक्त आबू इमरान ने जिले में बाल श्रम उन्मूलन व पुनर्वास हेतु गठित टास्क फोर्स द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा शुक्रवार को संबंधितों के साथ बैठक कर की। जिसमें बाल श्रम उन्मूलन व पुनर्वास के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि नशा मुक्ति अभियान और बाल श्रम उन्मूलन अभियान नियमित रूप से कराया जाए तथा टास्क फोर्स की बैठक महीने में एक बार नियमित रूप से हो। बाल श्रम धावा दल गठन करने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि नियमित अभियान चलाकर बाल श्रम कराने के मामले में संलिप्त नियोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान बाला कल्याण समिति के अध्यक्ष धनंजय तिवारी ने उपायुक्त से श्रम विभाग द्वारा मुक्त किए गए बाल श्रमिकों के पुनर्वास को लेकर श्रम विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी सीडब्ल्यूसी से साझा करने का अनुरोध किया। बताया गया की समिति में ही बाल श्रम से मुक्त कराए गए बालक को सुरक्षित पुनर्वास हेतु किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत प्रस्तूत किया जाता है। साथ ही बाल श्रम करने वालों के विरुद्ध चिन्हित कर बाल श्रम उन्मूलन अधिनियम के साथ मानव तस्करी का भी मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई का उपायुक्त ने संबंधितों को निर्देश दिये। इसके अलाव बाल श्रम आदि पर जागरूकता अभियान चलाने पर चर्चा की गई।

## संदिग्ध हालत में मिला टुल्लू पांडेय का शव

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के चंदनडीह मोहल्ला निवासी टुल्लू पांडेय का शव गुरुवार की रात घर से थोड़ी दूर स्थित खेत में संदिग्ध हालत में मिला। टुल्लू पांडेय के शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। लोगों का कहना है कि यह एक आपराधिक घटना है, उनकी हत्या हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शरू कर दी है।कल रात जब टुल्लू पांडेय घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान पता चला कि एक व्यक्ति खेत में पड़ा हुआ है। सूचना पाकर जब लोग वहां गये तो टुल्लू पांडेय को वहां देखकर उसे तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जांच के बाद डॉ. सुनील भगत ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सदर अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। वहीं, मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद काफी कुछ साफ हो पायेगा।

## सरहुल की तैयारी को लेकर बैठक कल

**चंदवा।** शहर के कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म के प्रांगण में प्रकृति पर्व सरहुल की तैयारी को लेकर एक आवश्यक बैठक 12 मार्च दिन रविवार को 11 बजे से रखी गई है। बैठक में सरहुल पर्व को भव्य बनाने को लेकर विचार विमर्श किया जायेगा। बैठक में सभी प्रखंड सरना समिति, आदिवासी भाइयों समेत गण्यमान्य लोगो से भाग लेने की अपील की गई है। उक्त जानकारी पड़हा राजा धनेशर उरांव के द्वारा दी गई है।

## स्थायी वारंटी गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के कुचिला पंचायत में छापामारी अभियान चला कर उपेंद्र राम को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि उपेंद्र पर वारंट था जो पिछले कई दिनों से फरार चल रहा था जिसे बिशेष छापामारी अभियान चला कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आगे और भी अभियान चला कर वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा.छापामारी अभियान में एसआई काशी महली, सहायक अवर निरीक्षक सुरेश यादव सहित आइआरबी के जवान शामिल थे।

## हादसे में तीन युवक गंभीर, दो रिम्स रेफर

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 99 (नया 22) रांची-चतरा मुख्य पथ पर कुजरी के समीप बोलेरो से बचने के क्रम में बाइक सवार तीन युवक असन्तुलित होकर सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए।घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जँहा डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दो युवकों कुलदीप गंझू पिता भुजु गंझू व सुमन भोक्ता पिता शनिचर भोक्ता की गंभीरता को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया।तीसरे युवक बलराम गंझू पिता अशोक गंझू का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही चल रहा है।मिली जानकारी के अनुसार तीनो युवक जमीरा पंचायत के चोतरो गांव के रहने वाले हैं।घटना के संबंध बताया जाता है कि तीनों युवक गांव से एक ही बाइक पर सवार होकर चंदवा की ओर आ रहे थे। कुजरी के समीप विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो वाहन से बचने के क्रम में तीनों सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गए।

## संदेहास्पद स्थिति में लाया अस्पताल, मृत घोषित

**लातेहार।** शहर के चंदनडीह निवासी तुल्लु पांडेय को गुरुवार की रात आंगन बाड़ी के समीप एक खेत से संदेहास्पद स्थिती मे पाए गए।जिन्हे स्थानीय लोगो द्वारा सदर अस्पताल इलाज हेतु लाया गया। डॉ. अखलेश्वर व १ि सुनील भगत ने मृत घोषित कर दिया। हालाकि मौत किस कारण से हुई है।डॉक्टरों के मुताबिक पोस्टमार्टम के बाद ही बताया जा सकता है।मौके पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन सिन्हा,सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर विशाल भास्कर अमरजीत सिंह , प्रदीप राम समेत स्थानीय लोग मौजूद थे।इस घटना से चंदनडीह मुहल्ले के लोग स्तब्ध है।घटना की सूचना सदर थाना पुलिस को दे दी गई है।इधर नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन सिन्हा ने कहा है की यह बहुत ही दुखद घटना है।

## महापर्व सरहुल मनाने को लेकर बैठक



**बारियातू।** बारियातू स्थित सरना पहाड़ा भवन परिसर नचना में प्रखंड स्तरीय प्राकृतिक का महापर्व सरहुल की तैयारी को लेकर बैठक की गई। बैठक का संचालन रामकिशुन उरांव ने की। बैठक मे मुख्य रूप से सरना धर्मावलंबियों के साथ शांतिपूर्ण तरीके से सरहुल पर्व मनाने को लेकर विभिन्न विन्दुओं पर चर्चा किया गया. विधिव्यवस्था के लिए 13 मार्च सोमवार 12 बजे से पहाड़ा भवन नचना में रखा गया है। जिसमे प्रखंड क्षेत्र के प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, व आदिवासी समाज के अगुआ गण सम्मिलित होंगे ' विधि व्यवस्था के चर्चा के पश्चात सरहुल पर्व संचालन हेतु कमिटी की भी रूपरेखा तैयार किया जाएगा। बैठक में साल्वे मुखिया राजीव भगत ,पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव , धनेश्वर उरांव, धर्म अगुआ तेतर उरांव ,प्रधान उरांव, जयपाल उरांव, रामप्रीत लोहरा,जगदिश उरांव, विना उरांव, जितेंद्र उरांव, तेतरी देवी, सीता मनी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**बरवाडीह।** बरवाडीह थानाक्षेत्र के मंगरा और केचकी रेलवे स्टेशन के बीच दोमुहान पुल के पास रेलवे ट्रैक खंभा नंबर 268/7के समीप कंचनपुर निवासी पंकज सिंह पिता बनवारी सिंह का शव मिला है। वही रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी पर तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी बाइक पासेन प्रो जेएच 03टी 4673बाइक के नंबर प्लेट व गाड़ी के कुछ हिस्से भी बरामद किए गए हैं जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि उक्त व्यक्ति की मौत बाइक से रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात्रि बिना फाटक वाले रेलवे क्रॉसिंग से पंकज सिंह( उम्र 30 वर्ष लगभग) रेलवे ट्रैक पार करते समय रात्रि में पूरी तरह अंधेरे के बीच गुजरते हुए मालगाड़ी के चपेट में आकर जहां उसकी मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## लक्ष्मण हार्डवेयर हैवेल्स उत्सव एक्सक्लूसिव शॉप खुला



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड मुख्यालय के एसबीआई रोडमें शुक्रवार को लक्ष्मण हार्डवेयर हैवेल्स उत्सव एक्सक्लूसिव शॉप की शुरूआत की गई। उद्घाटन में हैवेल्स कंपनी के झारखंड हेड अमित मिश्रा,जिप सदस्य संतोषी शेखर, लक्ष्मण प्रसाद द्वारा फीता काट व दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर कंपनी के झारखंड हेड अमित मिश्रा ने कहा कि हमारी कंपनी आज देश के हर छोटे से छोटे शहरों में एक सामान्य परिवार तक अपने कंपनी के सारे सामानों को अन्य कंपनी के मुकाबले बेहतर और कम दामों में उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है जिसको लेकर बरवाडीह में हैवेल्स के पॉइंट की शुरूआत की गई। वही जीप सदस्य ने कहा की प्रखंड मेंआए दिन नए व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की शुरूआत हुई है जो क्षेत्र के विकास के लिए शुभ संकेत है और हमारे शहर में इलेक्ट्रॉनिक कंपनी के शोरूम का खुलना यह भी एक बड़ी सफलता है .इस दौरान मौके पर संचालक लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता, गौतम कुमार, एरिया मैनेजर राहुल कुंडू , रीजनल मैनेजर अमरनाथ मिश्रा, एसडीए प्रताप सक्तेश, समीर कुमार, अजीत दुबे, गिरधारी मिश्रा ,लोकेश कुमार, हरीश कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पीडीएस दुकान की जांच में कई खामियां उजागर

**गिद्धौर(चतरा)।** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर शुक्रवार को पंचायती राज पदाधिकारी सह उपनिर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी ने गिद्धौर प्रखंड के आधा दर्जन पीडीएस दुकानों की जांच की। जांच के क्रम में गिद्धौर के शारदा देवी, गुलाबी दांगी, गांगपुर के मो. नेसार मियां, इचाक के धनेश्वरी देवी व पेक्सा के रामेश्वर राम दांगी के दुकानों के जांच के क्रम में आवंटन पंजी, वितरण पंजी, कार्डधारियों का राशन कार्ड आदि की जांच गहन पूर्वक किया। जांच के क्रम में गुलाबी दांगी का पीडीएस दुकान बंद पाया गया। जबकि पीडीएस संचालक शारदा देवी के राशनकार्डधारियों से पूछ ताछ करने पर बीच दुकान संचालीका द्वारा जानकारी देने पर संचालक को जमकर फटकार लगाते हुए नाराजगी व्यक्त की।

# सास-बहू सम्मेलन में परिवार नियोजन को लेकर किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू** स्वास्थ्य विभाग के निदेशानुसार सिबला पंचायत के भाटचतरा में सास बहु पति सम्मलेन सह परिवार कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। जहाँ एएनएम अर्चना हस्सा सीएचओ ममता कुजूर ने मौजूद हुवे महिलाओ को जनसंख्या नियंत्रण के सम्बन्ध मे विशेष प्रकार की जानकारी दिए सम्मलेन मे उपस्थित नव विवाहित महिलाओ को बीमारी से बचाव तथा बच्चे को जन्म का अंतराल रखने के लिए सयम बरतने की भी सलाह दी गई. साथ ही बताया की क्षेत्र मे लगातार दो बच्चे से अधिक संख्या मे जन्म दिए जाने के कारण बढ़ते जनसंख्या से रोजगार सहित अन्य समस्या उत्पन्न हो रहे समस्या से निजात के लिए जनसंख्या नियंत्रण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया . नियमित दो वर्ष के अंतराल दो बच्चे जन्म के बाद बंध्याकरण करवाने वाले महिलाओं को पुरुस्कार भी दिया गया। मौके पर सहिया पूनम देवी, बिंदिया देवी, सोनी देवी, सबिता देवी, प्रीति देवी, रिंकू, रिंकी देवी, कविता देवी, पूनम देवी, शांति, सरिता देवी, सविता देवी, हलीमा खातून सहित अन्य कई महिला उपस्थित थे।

## गहरे पानी में डूबने से युवक की मौत, श्रम मंत्री ने परिजनों से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत जबड़ा पंचायत के ईश्वर यादव के बड़े पुत्र रूपेश यादव 22 वर्षीय की मौत नावाडीह पनारी स्थित माइंस तालाब नुमा गड्ढ़े में डूब जाने से हो गई है। युवक के निधन की सूचना पर गांव पहुंच राज्य के श्रम मंत्री सत्यानन्द भोगता गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति की कामना की। शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर ढ़ाढस बंधाते हुए हरसंभव मदद करने की बात कही। ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व ही रूपेश कुमार होली पर्व में नहाने माइंस तालाब गया था, जहां गहरा पानी में डूब जाने मौत हो गई। शुक्रवार को भी शव के खोजबीन में एनडीआरएफ की टीम लगी रही।

**आस्था** | **पांच दिवसीय हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन**

# कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी** जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत बिसनापुर गांव में शुक्रवार को पांच दिवसीय हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रुप में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सुजीत भारती शामिल थे। यज्ञ स्थल से 501 महिलाओं ने कलश लेकर गांव स्थित नदी पहुंचे। जहां विधिवत जल पूजन के उपरांत कलश में जल भरा गया और कलश यात्री नगर भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चार व शंखनाद के साथ कलश को यज्ञ स्थल में स्थापित किया गया। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं




द्वारा लगाए जा रहे हर-हर महादेव, जय श्री राम, जय बजरंग बली, जय माता दी आदि देवी देवताओं के जयकारों से पुरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर सागर कुमार सिंह, बजरंग सिंह, योग गुरु शंकर चन्द्रवंशी, अनिल सिंह, संतोष सिंह व सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## फरार आरोपियों के घर चिपकाया इश्तेहार

**मयूरहंड(चतरा)।** शुक्रवार को चतरा जिले के मयूरहंड थाना क्षेत्र अंतर्गत चेरी गांव में फरार आरोपियों के घर में ढोल बजाकर व ग्रामीणों के उपस्थिति में पुलिस द्वारा इश्तहार चिपकाया गया। 2022 में चेरी गांव में ही दो पक्षों में हथियार से लैस होकर हिंसक झाड़प हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों से मयूरहंड थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। एक पक्ष से मालती देवी व दूसरे पक्ष से अनिता देवी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्रथम पक्ष से मालती देवी व एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गए थे। जिसमें कांड संख्या 69/22 में रंजित मेहता पिता द्वारिका मेहता, महेश मेहता पिता डेगन मेहता, अनिता देवी पति विनोद मेहता, सकुनवा देवी पति द्वरिका महतो एवं अनिता देवी पति महेश मेहता सभी ग्राम चेरी को अभियुक्त बनाया गया था। जिसमें दो आरोपी को पहले ही न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। वहीं अन्य पांच आरोपी फरार चल रहे हैं।

# जलसा इसलाह-ए-मुशायरा कार्यक्रम का आयोजन, उमड़ी लोगों की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** शहर के तिलैयाटाँड़ स्थित मदरसा खैरुल उलूम में गुरुवार की रात सालाना तालीमी मुजाहिरा व जलसा इसलाह-ए- मुशायरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मौलाना मुफ्ती अब्दुल हकीम साहब नदवी ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन मदरसा खैरुल उलूम के नाजिम मौलान रिजवान दानिश नदवी कर रहे थे। जलसा की शुरूआत हजतर कारी वाहजुल हक साहब के द्वारा प्रस्तुत तिलावत ए कुरान पाक से हुआ। जलसा में मदरसा में पढ़ने वाले छात्रों के द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेश किए गए बेहतर स्पीच, नात, तकरीर सुनाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर नवाजा गया। जलसे में पहुंचे मुख्य मोकररीर ए खुशुसी मौलाना



मुस्तफीज रहमान नदवी आरा (बिहार) ने जलसे में लोगों को तकरीर में बताया कि हिफ्जे कुरान की दौलत दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है कुरान के पढ़ने और पढ़ाने वाले दोनों खुशनसीब हैं। वहीं उन्होंने कहा कि अल्लाह और उसके रसूल के बताएं मार्ग पर चलकर ही लोगों को कामयाबी मिल सकती है हमें दुनियावीं तालीम के साथ साथ दीनी तालीम भी हासिल करनी चाहिए जिससे दुनिया के साथ साथ आखिरत की भी तैयारी हो सके। वहीं हर दिल अजीज शायर मौलाना बशीर अहमद भोजपुर (बिहार) ने अपने सुरीली आवाज से लोगों को खुश कर दिया। जलसा को कामयाब बनाने में मदरसा के नाजिम मौलाना रिजवान दानिश नदवी, डॉ शम्स राजा, हाफिज मो एहसान, हाजी तौफीक, हाजी शकील, मौलाना इरफान व मदरसा के उस्ताद व बच्चों का सराहनीय योगदान रहा।

## NEWS इन ब्रीफ

### कुआं में डूबने से 26 वर्षीय युवक की मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोकबहार कूनू टोली गांव में कुआं में 26 वर्षीय युवक का पुलिस ने शव बरामद किया है। युवक की पहचान गांव के ही उसमान केरकेट्टा के रूप में हुई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया।

### युवक पर चाकू से हमला, स्थिति गंभीर, रिम्स रेफर

**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के जामडी में बदमाश ने चाकू मारकर एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। खून से लथपथ पड़े घायल युवक को स्थानीय लोगों की सहायता से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया। घटना गुरुवार की रात 10 : 30 से 11 बजे की बताई जा रही है। घायल युवक की पहचान कुडू के जामड़ी गांव निवासी राजेन्द्र चौधरी के पुत्र अशोक चौधरी 34 के रूप में हुई है। बदमाश ने पीड़ित युवक के शरीर पर चाकू कई वार किया है। मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक के पिता ने पुलिस को आपसी रंजिश में गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा वारदात को अंजाम देने की बात बताई है।

### आग में झुलस कर 50 वर्षीय व्यक्ति की जंगल में हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीरू पिंडाटांगर जंगल में महुआ चुनने के लिए लगाए गए आग में झुलस कर 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति की पहचान अथनस कीड़ो के रूप में हुई। घटना की जानकारी जंगल गए कुछ लोगों को हुई जिसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी परिवार वालों को दिया। वहीं परिवार वालों ने पुलिस को जानकारी दी जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल सिमडेगा लाया। घटना के संबंध में उसके परिवार के विपिन कीड़ो ने बताया वह जंगल महुआ चुनने के लिए अपने पेड़ के नीचे गिरे सूखे पत्ते को आग लगाने के लिए गया था। इसी बीच में पैर फिसलने से वह गिरा और माथे में चोट लगने की वजह से वहीं बेहोश हो गया और जिसके बाद आग की लपेटे उसके शरीर में फैल गई और झुलसने से उसकी मौत हो गई।

### दिव्यांगों के लिए विशेष शिविर आयोजित

**चैनपुर।** चैनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को दिव्यांगो के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के कुल 82 दिव्यांगो का रजिस्ट्रेसन कराया गया। जिले से डॉक्टरो की टीम में शामिल प्रेमचंद्र भगत, स्वाति कुमारी सभी दिव्यांगो की शारीरिक जांच की और उनके प्रमाण पत्र के लिए कागजी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। डॉक्टरो ने बताया कि जैसे ही प्रक्रिया पूरी होती है दिव्यांगो के घर तक उनका कार्ड पहुंचाया जाएगा। जिसके बाद सरकार के द्वारा दिव्यांगो को मिलने वाली सारी सुविधाएं उनको उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर मुख्य टीम के साथ आये ललित मिंज, रोसन लकड़ा, चैनपुर स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय कार्यशाला/प्रशिक्षण का आयोजन

**लोहरदगा।** सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला/प्रशिक्षण का आयोजन झारनेट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रखंडों में पेंशन से संबंधित डाटा इंट्री, आधार सीडिंग, पेमेंट सिस्टम आदि का कार्य देख रहे कर्मियों को जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, लोहरदगा के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अरूण कुमार सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, लोहरदगा द्वारा सर्वजन पेंशन योजना की समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश दिये गये।

# सीओ और मजिस्ट्रेट पर जानलेवा हमला, मुखिया व अन्य पर लगा आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचेडेगा में गुरुवार की रात राशन की कालाबाजारी के आरोप में कार्रवाई करने के लिए पहुंचे अंचलाधिकारी प्रताप मिंज एवं कार्यपालक दंडाधिकारी पंकज कुमार भगत के ऊपर जानलेवा हमला किया गया। जिसमें कार्यपालक दंडाधिकारी पंकज भगत को गंभीर चोट आई और किसी तरह भागकर उन्होंने अपनी जान बचाई। अंचलाधिकारी ने बताया कि मुखिया शिशिर टोप्पो के इशारे पर उसके भाई सहित ग्रामीणों ने घेर कर उनके साथ मारपीट की जिसमें गंभीर चोटें आई। जानकारी देते हुए विस्तार पूर्वक अंचलाधिकारी ने बताया कि शाम में पंचायत के मुखिया द्वारा दूरभाष के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि गांव के पीडीएस राशन डीलर के द्वारा ग्रामीणों को राशन ना देते हुए परेशान की जा रही है। साथ ही रात के अंधेरे का फायदा उठाकर कालाबाजारी की जा रही है। जिसे कालाबाजारी करते हुए पकड़ा गया है। सूचना के आलोक में कार्यपालक दंडाधिकारी के साथ जांच के लिए पहुंचे इस बीच बातचीत होने लगी और इसी दौरान पंचायत के मुखिया सहित उनके भाई एवं ग्रामीणों के द्वारा रू. 300000 लेकर मामला को दबाने एवं एकपक्षीय फैसला देने का आरोप लगाते हुए मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। सीओ ने बताया कि 107 एवं 144 धारा के तहत पिछले दिनों हुए मामले का जिक्र करते हुए नाराजगी जाहिर करते हुए घटना को अंजाम दिया। गौरतलब हो कार्यपालक दंडाधिकारी पंकज कुमार भगत की कोर्ट में मुखिया शिशिर टोप्पो के विरुद्ध धारा 107 के तहत मामला चल रहा है। इधर घटना में कार्यपालक दंडाधिकारी पंकज कुमार भगत को पैर हाथ सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट लगी। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सिमडेगा के तमाम प्रशासनिक अधिकारियों ने सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचकर इलाजरत कार्यपालक दंडाधिकारी पंकज कुमार भगत का हालचाल जाना एवं इस घटना की निंदा की। इधर जिलाधिकारी द्वारा मुफस्सिल थाना में लिखित आवेदन देते हुए नामजद मुखिया सहित कई लोगों के ऊपर जान से मारने एवं सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में मामला दर्ज के लिए आवेदन दिया है। वहीं इस मामले में पंचायत के मुखिया शिशिर टोप्पो ने कहा कि बीती रात हमने राशन कालाबाजारी की शिकायत अंचलाधिकारी से किया था और कार्रवाई की मांग के लिए उन्हें बुलाया था और इसी बीच अंचल अधिकारी एवं कार्यपालक दंडाधिकारी नशे की हालत में आकर फैसला करने के बजाए गाली गलौज एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जिसके बाद ग्रामीण उग्र हो गए और ग्रामीणों के साथ मामला आगे बढ़ गया। वहीं घटना में मुखिया ने मारपीट की बात को इनकार करते हुए खुद से गिरने की बात करते हुए अपने आप को बेकसूर बताया है। समाचार लिखे जाने तक मुफस्सिल थाना में मामला दर्ज नहीं हो सका था।



## ग्रामीणों ने एसडीओ कार्यालय घेराव की सूचना पर भारी संख्या में की गई पुलिस बल तैनात

**कार्यपालक** दंडाधिकारी के ऊपर जानलेवा हमला के बाद प्रशासन द्वारा पुलिसिया कार्रवाई करने की सूचना पर पंचायत के मुखिया द्वारा काफी संख्या में ग्रामीणों के साथ एसडीओ कार्यालय के घेराव की सूचना मिली। जिसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कुरडेग रोड में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करते हुए रोड में आने जाने वाले को बारीकी से वेरीफाई करते हुए आने जाने दिया। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, इंस्पेक्टर कई थाना के थाना प्रभारी एवं काफी संख्या में पुलिस बल पूरे दलबल के साथ एवं तैयारी के साथ दिखे वहीं इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि सिमडेगा पुलिस हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है हालांकि इस प्रकार की किसी प्रकार की कोई भी घटना नहीं हुई इसके बाद पुलिस बल जगह जगह पर अभी भी प्रतिनियुक्त किए गए।



## उपायुक्त ने किया जनवितरण दुकान का निरीक्षण, कहा

# गड़बड़ी पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा प्रखंड के क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम में उपायुक्त ने किया जनवितरण दुकान का निरीक्षण। अरु ग्राम में सेवा महिला मंडल द्वारा संचालित जन वितरण दुकान का औचक निरीक्षण जिला के उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्णा द्वारा किया गया। मौके पर डीसी ने आवंटन एवं वितरण सम्बन्धित जानकारी पीडीएस दुकानदार से लिया। साथ ही उन्होंने दुकान में रखे चावल और गेहूं बोरे का गिनती करने का निर्देश दिया। दुकान में 139 चावल की बोरी पाया गया। उन्होंने तत्काल जिले के अधिकारी डीटीओ मनीष कुमार को निर्देश दिया कि हर बिंदु पर सेवा महिला मंडल दुकान की जांच कर रिपोर्ट अग्रसारित करें। इसके अलावा उपायुक्त ने जन वितरण दुकान के कार्डधारी के लाभुकों से बात कर चावल आपूर्ति की जानकारी लिया। वही मौके पर ही नुसरत खातुन, परिण खातुन, बिपता उरांव, रफीक अन्सारी, नुरेशा खातुन, बेबी खातुन, बिरसी उराइन, कालो उराइन, सफरुद्दीन अन्सारी सहित लगभग 14 कार्डधारीयों से माप तौल के बारे में पूछताछ कर जानकारी लिया गया। कार्डधारीयों ने बताया कि 35 किलो चावल के जगह में 32 किलो राशन मिलता है। या 20 किलो राशन में 19 किलो राशन प्राप्त होता है। साथ ही तो कुछ लोगों ने कहा कि जब से नया ई-पौश मशीन आया है। तब से दो-तीन माह से राशन सही मिल रहा है उससे पहले 6 व्यक्ति में 30 किलो राशन में 2 किलो राशन की कटाई की जाती थी। पर्ची मिलने की बात पूछने पर लोगों ने बतलाया की पर्ची नहीं दिया जाता है। उपायुक्त द्वारा कार्डधारीयों का राशन कार्ड का भी सत्यापन किया गया।

राशन कार्ड के अनुसार प्रति व्यक्ति 5 किलो राशन की जानकारी लिया गया। तो लोगों द्वारा राशन कटौती या माप तौल के बारे स्पष्ट रूप से उपायुक्त को नहीं बताया गया। वही पर किसी ने कहा कि राशन कुछ कम मिलता है। तो किसी ने कहा ई-पोश मशीन से राशन सही तौल कर देता है। उपायुक्त द्वारा राशन दुकान में बोर्ड अच्छी तरह लगाने और प्रतिदिन आवंटन एवं बचत को दशार्ने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने मीडियाकर्मियों को जानकारी देते कहा कि पूरे जिले भर में पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में अगर कही भी किसी दुकान पर गड़बड़ी पाई जाती है। तो निश्चित तौर से उस दुकान पर कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर सत्यकाम श्रीवास्तव, पंचायत सचिव रिजवान अख्तर, रोजगार सेवक योगेन्द्र ठाकुर के अलावे कार्डधारी ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।



## झालसा ने किया महिला दिवस का आयोजन

# महिलाओं को मिली कानून की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

महिला दिवस के अवसर पर झालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में प्रखंड के जेएसएलपीएस आजीविका महिला संकुल संगठन की महिला सखी दीदीओं को उनके अधिकारों से सम्बंधित कानूनी सहायता की जानकारी पैनल अधिवक्ता पद्मन सिंह द्वारा दी गई। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा महिलाओं दी जानेवाली निःशुल्क कानूनी सहायता के विषय में जानकारी दी। मानव तस्करी, महिला उत्पीड़न एवं उसके सरक्षण, डायन प्रथा उन्मूलन, महिलाओं पर होनेवाली घरेलू हिंसा से महिलाओं को संरक्षण से सम्बंधित कानून की जानकारी दी। पद्मन सिंह ने नशा से मुक्त समाज बनाने के लिए महिलाओं को अपनी भागीदारी बढ़ाने की बात कही। वर्तमान में नशा करने से परिवार तबाह हो रहे हैं, बच्चो की शिक्षा दीक्षा पर प्रभाव पड़ रहा है जिससे हमारा समाज टूट रहा है। वर्तमान में समाज के प्रति महिलाओं का दायित्व काफी बढ़ गया है। महिलाओं को शिक्षा पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि यदि हमारी बच्चियां शिक्षित होंगी तो दो परिवार शिक्षित होगा। इस लिए बच्चियों की पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कही। विधिक जागरूकता शिविर में पीएलवी मदन दास, मो. मुस्कतिम, बीपीओ मृत्युंजय कुमार, बालमुकुंद सिंह, गौतम साहू, आदि लोग उपस्थित थे।



# लाठी डंडा से पीटकर दामाद की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सेरेंदाग थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या लाठी डंडे से पीटकर कर दी गई। घटना गुरुवार देर रात की है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रंकुली निवासी सोहन असुर के रूप में हुई है। सोहन मुंगो की ओर से रंकुली जा रहा था। उसी दौरान रंकुली नदी के आसपास घटना को अंजाम दिया गया है। सोहन असुर की हत्या के 15 दिन पूर्व उसकी पत्नी का भी देहांत हुआ था। जो बीमारी से होने की बात बताई जा रही है। इस घटना को अंजाम देने की पीछे किसका हाथ है इसका खुलासा नहीं हो पाया है। लोगों के बीच तरह-तरह की बातें चल रही। सोहन असुर के हत्या के पीछे आपराधिक या फिर आपसी रंजिश का कारण होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# चैनपुर दौरे पर पहुंचे केंद्रीय नीति आयोग के सचिव व डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर दौरे पर शुक्रवार को पहुंचे केंद्रीय नीति आयोग के सचिव राहुल शर्मा एवं गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव व टीम ने कई योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह अंचलाधिकारी गौतम कुमार व कई पदाधिकारियों के साथ प्रखंड सभागार में एक आवश्यक बैठक कर मुख्य रूप से जल जीवन मिशन पर समीक्षा करते हुए 1 वर्ष के अंदर सत प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन पहुंचा कर पेयजल उपलब्ध करा सके। जिसे लेकर एक नीति बनाई। साथ ही उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं इससे पूर्व उन्होंने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां शैक्षणिक व्यवस्था पर उन्होंने काफी संतोष जाहिर कर कुछ कमियों को दूर करने की बात करते हुए कहा कि विद्यालय का पूरा विकास कीजिए फंड की कमी हुई तो भारत सरकार से फंड भी उपलब्ध कराया जाएगा।

वही प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित गरिमा केंद्र का अवलोकन किया। जहां जेएसएलपीएस की दीदियों ने पारंपरिक तरीके से पुष्पगुच्छ व माला पहनाकर उनका स्वागत किया साथ ही उनके स्वागत में स्वागत गान भी प्रस्तुत किए। वहीं उन्होंने परिसर में बन रहे पुस्तकालय इंडोर स्टेडियम का भी अवलोकन किया।

## अंतरजातीय विवाह मामला

# ग्रामीणों ने परिवार की कर दी पिटाई, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

पाकरटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भेलवाडीह पूरब कोहली गांव में अंतरजातीय विवाह करने से ग्रामीणों ने गुस्सा होकर एक परिवार की जमकर पिटाई कर दी। जिसमें पति पत्नी सहित कई लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया गया है जहां पर उनकी इलाज चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुंज बिहारी पातर नामक व्यक्ति के पुत्र अजय पातर गांव के ही बगल गांव की दूसरे समुदाय की लड़की के साथ प्रेम विवाह कर लिया और लंबे समय से गांव में ही रह रहा था। इधर ग्रामीणों द्वारा इस बात को लेकर नाराजगी हुई कि वह समाज छोड़ दूसरे समुदाय की लड़की के साथ विवाह किया इसलिए उसे दुकान से सामान खरीदने, पीने की पानी लाने सहित अन्य चीजों पर प्रतिबंध लगा दिया और काफी लड़ाई झगड़ा हुआ। इधर ग्रामीणों द्वारा लड़ाई की सूचना पर परिवार वालों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस द्वारा गांव में बैठक करते हुए मध्यस्था करते हुए मामले को शांत कराया। लेकिन महज 15 दिन बाद फिर से मामला आगे बढ़ गया और ग्रामीणों ने अजय पातर की मां नमो देवी, कुंज बिहारी पातर, अजय सहित उनके दो छोटे भाई एवं पत्नी के साथ मारपीट की। इधर घायल अवस्था में अजय की मां उसकी बहन सिमडेगा एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। जिसके बाद थाना प्रभारी ने सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन किया। इधर इस मामले में नियंत्रण कक्ष प्रभारी मनीष कुमार रॉय भी अस्पताल पहुंच कर मामले की छानबीन की। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि महिला का पुत्र अजय पूर्व में ग्रामीणों के साथ गाली गलौज करते हुए झगड़ा किया था जिसकी वजह से ग्रामीण उग्र हो गए थे। इधर बीती रात भी नशे की हालत में लड़ाई झगड़ा किया जिसके बाद ग्रामीणों से मारपीट किया। थाना प्रभारी रंजीत कुमार महतो ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए बारीकी से जांच करते हुए आगे की कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल किसी भी पक्ष से कोई आवेदन नहीं मिला है और जैसे ही आवेदन मिलती है उसके आधार पर आगे की कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।



## लोहरदगा में जल्द शुरू होगी शूटिंग रेंज : धीरज साहू



**लोहरदगा।** लोहरदगा में जल्दी शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया जाएगा। इसके तहत निर्माण कार्य और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के बी एस कॉलेज मैदान में नवनिर्मित शूटिंग रेंज में राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने पहुंचकर आवश्यक तैयारियों और कार्य का जायजा लिया। इस दौरान राज्यसभा सांसद ने कहा कि स्थानीय प्रतिभाओं की प्रतिभा उजागर कर उन्हें आगे लाने के लिए उनका प्रयास हमेशा रहा है। शूटिंग रेंज के युवाओं के अभ्यास के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। शूटिंग रेंज के प्रतिभा खिलाड़ियों को पहचान दिलाने उनकी प्राथमिकता में शामिल है। इसी उद्देश्य से उन्होंने यहां पर शूटिंग रेंज का निर्माण कराने का काम किया है। स्थानीय प्रतिभाओं को आगे जाने का मौका मिल पाएगा। राज्यसभा सांसद ने शूटिंग रेंज को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि अशोक यादव, हाजी जब्बारुल अंसारी भी मौजूद थे।

# पुलिस ने किया आदिवासी युवक का शव बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के किस्को थाना क्षेत्र के हुटाप मंडप के पूर्वी छोर पर स्थित खेत में ग्राम पंचायत पाखर डूमर पाठ का एक आदिवासी युवक का शव किस्को पुलिस के द्वारा बरामद किया गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज आगे की कार्यवाही में जुट गई है। किस्को थाना क्षेत्र के ग्राम पाखर डूमर पाठ निवासी कुंदन नगेसिया का 27 वर्षीय पुत्र राजेंद्र नगेसिया बीते गुरुवार को अपने घर से तिसिया बाजार खाद्य सामग्री व सब्जी खरीददारी करने बोलकर बाजार गया था उसके बाद से घर वापस नहीं लौटा। इस दौरान देर रात तक युवक के घर नहीं लौटने पर परिजन उक्त युवक की काफी खोजबीन किया लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल पाया। जिसके बाद दूसरे दिन हुटाप गांव के एक खेत में एक अज्ञात युवक का शव किस्को पुलिस द्वारा बरामद किये जाने की सूचना पाते ही पाखर पंचायत के भूतपूर्व मुखिया सह आजसू प्रखंड अध्यक्ष शनिचरवा किसान व युवक के पिता कुंदन नगेसिया चाचा रामधन नगेसिया भाई बीरेन्द्र नगेसिया के द्वारा किस्को थाने में शव की शिनाख़्त किया गया। इस संदर्भ में किस्को थाना पुलिस की ओर से युवक की मौत के पीछे के कारणों का गहनता के साथ जांच पड़ताल शुरू कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इधर युवक के पिता कुंदन नगेसिया ने अपने बेटे की हत्या कर शव को छिपाने के उद्देश्य से हुटाप गांव में स्थित एक खेत में फेंके जाने की बात कही है। मृतक युवक के पिता द्वारा थाना में दी गई फर्द बयान के आधार पर किस्को थाना में हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। इधर शव को छिपाने के उद्देश्य से मुख्य पथ से लगभग पांच सौ फूट की दूरी पर स्थित एक खेत में हत्यारों के द्वारा घसीटकर फेंका गया था।



### एसडीपीओ और इंस्पेक्टर ने किया घटना स्थल का मुआयना

**लोहरदगा** जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हुटाप में पाखर डूमर पाठ का एक आदिवासी युवक का शव मिलने की सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह और किस्को अंचल पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार के द्वारा घटना स्थल का मुआयना कर हत्या के पीछे के कारणों का गहनता से जांच पड़ताल किया गया।

## अभियान | जल निकायों की सफाई अभियान कार्यक्रम

# 150 महिलाओं ने चलाया जागरूकता अभियान

### महिला संगठनों ने श्रमदान से जल निकायों की सफाई की

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सदर प्रखड अंतर्गत नदिया गांव में हरमू आजीविका महिला संकुल संगठन- जेएसएलपीएस के तत्वावधान से श्रमदान के माध्यम से जल निकायों की सफाई अभियान कार्यक्रम के तहत सरकारी तालाब नदिया की साफ-सफाई महिलाओं द्वारा किया गया। महिला संगठन के लगभग 150 महिलाओं ने एकजुटता के साथ श्रमदान विधिवत रूप से पूजा कर प्रारंभ किया। अभियान के द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मुखिया सुनिल लकड़ा, पहान सुभाष उरांव, संकुल संगठन की अध्यक्षा शिला उरांव एवं जेएसएलपीएस के डीपीएम प्रकाश रंजन ने कहा कि महिलाओं के द्वारा श्रमदान कर लोगों के बीच जल निकायों की साफ-सफाई के प्रति जागरूकता पैदा करने की दिशा में समाज की बेहतरी के लिए सामुदाय की सामुदायिक कार्य को बढ़ावा देने के उदेश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिससे गांव में सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण स्थापित होगा।

वहीं सामुदायिक संसाधनों का प्रबंधन, देखरेख, साफ-सफाई, निगरानी इत्यादि कार्यो में ग्रामीण समाज की भागीदारी सुनिश्चित होंगी। श्रमदान कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के डीपीएम प्रकाश रंजन, डीएम एसएमआईबी अमिताभ मजुमदार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक पुष्पा मंजुला टोप्पो, बीपीओं सुनील रजक, सुमती कुमारी, पीआरपी रेशमा कुमारी, अन्नपूर्णा देवी, बीएपी बिमला देवी, प्रेस मिडिया के कार्यकर्त्ता, ग्रामीण एवं सखी मंडल की दीदियां उपस्थित थी।



# मोटोरोला ने किया भारत में 6.5 इंच डिस्प्ले वाला नया फोन लॉन्च



**एजेंसी। नई दिल्ली**
वैश्विक स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने शुक्रवार को अपने नए स्मार्टफोन 'मोटो जी73 5जी' को भारत में लॉन्च करने की घोषणा की है, जिसमें 6.5 इंच का डिस्प्ले है और यह 5,000 एमएएच की बैटरी के साथ आता है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि नया 'मोटो जी73 5जी' स्मार्टफोन 16 मार्च से फ्लिपकार्ट, मोटोरोला डॉट इन और प्रमुख खुदरा स्टोरों पर 18,999 रुपये की शुरूआती कीमत पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। यह दो कलर वैरिएंट- मिडनाइट ब्लू और ल्यूसेंट व्हाइट में आता है। नए डिवाइस में 'अल्ट्रा पिक्सेल तकनीक' के साथ 50 एमपी का कैमरा है। स्मार्टफोन मीडियाटेक डाइमेंसिटी 930 प्रोसेसर के साथ आता है और इसे 8 जीबी रैम प्लस 128 जीबी स्टोरेज के साथ जोड़ा गया है। इसमें 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट के साथ 6.5 इंच का फुल एचडी डिस्प्ले है और डॉल्बी एटमॉस के साथ स्टीरियो स्पीकर के साथ पैक किया गया है। इसके अलावा, नया स्मार्टफोन 'मोटो सिक्योर' फीचर के साथ आता है जो उपयोगकर्ता के फोन के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करता है। मोटो सिक्योर सभी प्राइवेसी फीचर्स को एक ही स्थान पर लाता है। उदाहरण के लिए, इसमें एक सुरक्षित फोल्डर है, जहां उपयोगकर्ता अपनी निजी फाइल्स और ऐप्स रख सकते हैं और एक पिन स्क्रैम्बल विकल्प भी है जो हर बार पिन लेआउट को बदल देता है ताकि कोई भी उपयोगकर्ता के पिन को देखकर अनुमान न लगा सके। कंपनी ने कहा, एक किफायती 5जी स्मार्टफोन होने के बावजूद मोटो जी73 5जी लेटेस्ट और नियरस्टॉक एंड्रॉइड 13 के साथ आता है। इसमें कहा गया है, शानदार एक्रेलिक ग्लास (पीएमएमए) बॉडी के साथ यह स्मार्टफोन सिर्फ 8.29 मिमी पतला है और यह काफी आसान है और इसे दिखने में भी अच्छा लगता है।

## झारखंड में ब्लॉक बस्टर बीयर लॉन्च




**रांची।** अमेरिकन ब्रू क्राफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने झारखंड में आगामी गर्मियों के मौसम के लिए एक नए नए रूप में ब्लॉकबस्टर बीयर लॉन्च किया है। शुक्रवार को स्थानीय होटल में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक बस्टर बीयर को मुख्य कार्यकारी अधिकारी नागेंद्र तईई और उनकी टीम ने लॉन्च किया। झारखंड के बाजार में अभी केन बीयर उपलब्ध है। जल्द ही बोतल बीयर भी बाजार में उतारेंगे। केन बीयर की कीमत 150 रुपए हैं। जबकि बोतल बीयर 190 रुपए में बाजार में उपलब्ध होगा। ब्लॉकबस्टर बीयर 330, 650 एमएल बोतलों और 500 एमएल डिब्बे में उपलब्ध है। तईई ने कहा कि ब्लॉकबस्टर बीयर ने अपने नए नए रूप और आकर्षक पैकेजिंग को भी जीवंत रंगों और सभी वेरिएंट के लिए आधुनिक ग्राहक के लिए तैयार किया गया है।

### गर्मियों में बिजली की नहीं होगी किल्लत

# सरकार ने लॉन्च किया एचपी-डीएएम पोर्टल



**एजेंसी। नई दिल्ली**
केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने पीक डिमांड सीजन में बिजली की जरूरत को पूरा करने के लिए स्पेशल पोर्टल लॉन्च किया है, जिसकी मदद से ऊर्जा कंपनियां बिजली की खरीद कर सकती हैं। इस पोर्टल पर एक विशेष श्रेणी के विक्रेताओं से बिजली खरीद की तय की गई अधिकतम 12 रुपये प्रति यूनिट से ज्यादा कीमत चुकाकर बिजली की खरीद की जा सकती है। केंद्र सरकार की ओर से ये पोर्टल ऐसे समय पर लॉन्च किया गया है, जब माना जा रहा है कि आनी वाली गर्मियों में बिजली मांग 239 गीगावॉट को छू सकती है। फरवरी की शुरूआत में पावर नियामक सीईआरसी ने एचपी-डीएएम पोर्टल को मंजूरी दी थी, जहां बिजली को पावर कंपनियां 50 रुपये प्रति यूनिट तक बेच सकती है। एचपी-डीएएम गैस और आयातित कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को पीक डिमांड सीजन में मांग को पूरा करने के लिए महंगी बिजली बनाने और बेचने में मदद करेगा। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री की ओर से कहा गया कि केवल उन्हीं कंपनियों को एचपी-डीएएम पोर्टल पर 12 रुपये प्रति यूनिट से अधिक कीमत पर बेचने की इजाजत होगी, जिनकी बिजली उत्पादन करने की लागत इससे अधिक आ रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण और ग्रिड नियंत्रक यह सुनिश्चित करेगा कि एचपी-डीएएम में कीमतें उचित रहें और इस बात का भी ध्यान रखा जाएगा कि कोई भी बिजली उत्पादक अत्यधिक कीमत नहीं वसूले, जो उत्पादन लागत से बहुत अधिक है। ऊर्जा सचिव आलोक कुमार ने इस पोर्टल के फायदों के बारे में बताते हुए कहा कि 50 रुपये प्रति यूनिट एक केवल टेक्निकल कैप है। बाजार में कीमत इससे काफी कम होगी। सरप्लस पावर पोर्टल अपनी तरह की अनूठी पहल है, जो बिजली मंत्रालय और नियामक की कार्य कुशलता को दर्शाता है।

## हसीना, मोदी 18 मार्च को सीमा पार तेल पाइपलाइन का करेंगे उद्घाटन



**एजेंसी। ढाका**
बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 मार्च को देश में डीजल परिवहन के लिए पहली सीमा पार तेल पाइपलाइन का संयुक्त रूप से उद्घाटन करेंगे। विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन ने यह जानकारी दी है। मोमेन ने शुक्रवार अपराह्न मंत्रालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, अच्छी खबर यह है कि भारत हमें डीजल भेजेगा। तेल पाइपलाइन का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा, दोनों प्रधानमंत्री 18 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पाइपलाइन का उद्घाटन करेंगे। मोमेन की यह घोषणा पिछले सप्ताह जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक के मौके पर नयी दिल्ली में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बातचीत के एक सप्ताह बाद आई है। बंगलादेश पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसी) के अधिकारियों के अनुसार भारत 130 किलोमीटर लंबी भारत-बंगलादेश मैत्री पाइपलाइन (आईबीएफपीएल) के माध्यम से डीजल का निर्यात करेगा। इसे करीब 3.46 अरब भारतीय रुपये की लागत से बनाया गया है। पाइपलाइन बंगलादेश क्षेत्र में 125 किलोमीटर और भारत में पांच किलोमीटर तक फैली हुई है। दोनों प्रधानमंत्री सितंबर 2018 में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आईबीएफपीएल की आधार शिला रखे जाने के समारोह में शामिल हुए थे। बंगलादेश अब तक भारत से रेलगाड़ियों के जरिए डीजल का आयात करता था। उन्होंने बताया कि भारत ने जीरो लाइन के साथ बंगलादेश क्षेत्र के 150 गज के भीतर बंगलादेश प्राधिकरण द्वारा किसी भी प्रतिष्ठान के निर्माण पर अपनी आपत्ति वापस ले ली है।उन्होंने कहा, अब हम अपनी परियोजनाएं शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर हत्या की घटनाओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर तीन मार्च को श्री जयशंकर के साथ उनकी बातचीत हुई थी। इस दौरान उन्होंने भारत से बंगलादेश को आवश्यक उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया।

### इमरान खान की मुसीबतें बढ़ीं

## एक-गैर जमानती वारंट जारी पूरे पाक में 80 मुकदमे दर्ज

**एजेंसी। क्वेटा**
पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के चेयरमैन और पाक के पूर्व पीएम इमरान खान की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। क्वेटा में एक स्थानीय कोर्ट ने गुरुवार को इमरान के विरुद्ध एक मामले में गैर जमानती वारंट जारी किया है। न्यायिक दंडाधिकारी ने अधिकारियों को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान को कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री के विरुद्ध तोशखाना मामले में इससे पहले एक कोर्ट ने गैरजमानती वारंट जारी किया था। शिकायतकर्ता अब्दुल खलील काकर ने क्वेटा के बिजली रोड थाने में पीटीआइ प्रमुख के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। अब्दुल ने आरोप लगाया है कि पीटीआइ प्रमुख का रविवार का बयान कानून व्यवस्था ध्वस्त करने वाला है। तोशखाना मामले में गिरफ्तारी के लिए अपने आवास जमां पार्क पर इस्लामाबाद पुलिस के पहुंचने के बाद इमरान ने सरकारी संस्थानों को निशाने पर लिया था। लाहौर पुलिस ने गुरुवार को पीटीआइ प्रमुख इमरान एवं 400 अन्य के विरुद्ध हत्या एवं आतंकवाद का मामला पंजीकृत किया है। पूर्व प्रधानमंत्री के विरुद्ध अभी तक 80 मामले पंजीकृत किए जा चुके हैं। पुलिस से टकराव में एक कार्यकर्ता की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। पुलिस ने पीटीआइ के 100 कार्यकताओं को गिरफ्तार किया है। इस बीच लाहौर रैली रोके जाने के बाद इमरान ने कहा कि देश में जंगल राज है। एक सर्वेक्षण में पीटीआइ प्रमुख देश के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे हैं। गालुप पाकिस्तान द्वारा देश भर में कराए गए सर्वेक्षण में देश के 61 प्रतिशत लोगों ने उन्हें पसंद किया है। दूसरे स्थान पर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो नवाज शरीफ और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) चेयरमैन बिलावल भुट्टो हैं।


**कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 20/2022-23**

1. विज्ञापन दाता का नाम :- कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑंव।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :- दिनांक 20.03.2023 अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :- कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक 21.03.2023 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :- कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक 21.03.2023 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणी :-

| क0. सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 11 | नागरिक सुविधा | Installation of S/F/F of 20 miter High Mast Light at ward no 11, Manjhiaon Nagar Panchayat | 686339.00 | 5000 | 13750 | 30 दिन |
| 02 | 11 | नागरिक सुविधा | Installation of S/F/F of 20 miter High Mast Light at ward no 11, Manjhiaon Nagar Panchayat | 686339.00 | 5000 | 13750 | 30 दिन |

नोटः- विस्तृत सूचना एवं शर्ते अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑंव

PR 292228Urban Development(22-23)#D



**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, लोहरदगा।**
**भर्त्ती कैम्प संबंधी सूचना**

दिनांक 13.03.2023 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:-

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Pay Scale/Stipend |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | Shivam Corporate Services Add:- 23/39, 1st Floor, Abirami Nagar, Irumbuliyur, West Tambaram, Chennai. | Production Operator | 500 | 10th/12th/ Degree/Diploma/ITI/BE | 17 to 35 | 14000/- |
| | | Quality Inspection | 500 | 10th/12th/ Degree/Diploma/ITI/BE | 17 to 35 | 14000/- |
| | | Welder | 100 | 10th/12th/ Degree/Diploma/ITI/BE | 17 to 35 | 14000/- |
| | | Fitter | 100 | 10th/12th/ Degree/Diploma/ITI/BE | 17 to 35 | 14000/- |
| | | Machine operator (CNC) | 200 | 10th/12th/ Degree/Diploma/ITI/BE | 17 to 35 | 14000/- |
| | | Assembly Machine operator | 200 | 10th/12th/ Degree/Diploma/ITI/BE | 17 to 35 | 14000/- |
| | | Fabrication Machine operator | 200 | 10th/12th/ Degree/Diploma/ITI/BE | 17 to 35 | 14000/- |
| | | Primary school teacher | 100 | Degree | 17 to 35 | 14000/- |
| | | Nursing | 100 | Diploma | 17 to 35 | 14000/- |
| | | Electrical/Electronic | 200 | 10th/12th/ Degree/Diploma/ITI/BE | 17 to 35 | 14000/- |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharkhandrojgar.nic.in/ www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपीए फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से होगी। कोविड 19 को देखते हुए समाजिक दूरी एवं मास्क का इस्तेमाल अनिवार्य होगा। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

District Employment Officer,
Lohardaga.

PR 292238 Lohardaga(22-23)D



**Office of the**
**Secretary, District Legal Services Authority, Lohardaga**

**Very Short Term Tender Notice**
**Tender No. 02/22-23, D.L.S.A., Lohardaga**

The District Legal Services Authority, Lohardaga invites sealed quotations from the reputed vendors/firms for purchase of following items required for the office of Legal Aid Defense Counsel System, Lohardaga.

| SI No. | Name of item | Quantity | Period of Supply for all the mentioned items | Last date of receipt of Bid | Name and address of the inviting authority |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Godrej Storewell Plan | 5 | 3 days from the day of opening of Bid | 20th day of March, 2023 | District Legal Services Authority, Lohardaga |
| 2 | Godrej Table T/9 | 5 | | | |
| 3 | Godrej Revolving BRAVO | 5 | | | |
| 4 | Godrej Vistors Chair for BRAVO 2 | 20 | | | |
| 5 | Godrej Computer Table C-9 | 2 | | | |

Hence, tenders are invited for the aforesaid items in a sealed envelope in the office of the Secretary, District Legal Services Authority, Lohardaga. Bidder may contact on the number 1. 9431318932 during the office hour from 11:00 AM to 04:00 PM on working days only.

Note:
1. Price quoted must be inclusive of all taxes and installation charges.
2. Items must be ready to display.
3. No quotation will be entertained after due date.
4. Warranty of the items cover local service support by vendor/firm during the period of warranty.
5. The Chairman, DLSA, Lohardaga reserves the right to accept or reject any or all quotations without assigning any reasons.
6. Bidder can visit https://districts.ecourts.gov.in/lohardaga for further reference.

Sd/-
Secretary,
DLSA, Lohardaga

PR 292222 Lohardaga(22-23).D



**Office of the Civil Surgeon cum CMO, Ramgarh**
**(Health Department)**

**Tender Notice**

**NOTICE FOR INVITING REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR SELECTION OF AGENCY FOR EMPANELMENT OF SERVICE PROVIDER FOR MANAGEMENT OF UNDERNOURISHED CHILDREN AND MOBILE TELEMEDICINE VAN AT VILLAGE LEVEL, RAMGARH DISTRICT IN JHARKHAND STATE.**

**RFP No: 01/2022-23** **Ramgarh, Dated: 09-03-2023**

The Health Department Ramgarh inviting RFP for Selection of Agency for Selection of Agency for Empanelment of Service Provider for Management of Undernourished Children and Mobile Telemedicine Van at Village Level, Ramgarh District in Jharkhand State.

The document can be downloaded from the website: http://ramgarh.nic.in. Response to this Request for Proposal (RFP) shall be deemed to have been done after careful study and examination of this document with full understanding of its implications.

The bids are to be submitted by post (Registered/ Speed) or by hand as per the format specified in this RFP, at the following address latest by 01:00 PM on 24-03-2023

**Address for communication & Submission of documents**
Office of Civil Surgeon cum CMO, Ramgarh, 825101 Phone: 9142363737,
Email: csramgarh@yahoo.co.in

The RFP would be opened in office of the Civil Surgeon Office, Ramgarh, Chattarmandu, Ramgarh, 825101 **on** 25-03-2023 **at** 02:00 PM in the presence of bidders who choose to be present and supporting documents are in order.

ह0/-
असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़

**PR 292237 Health Med Edu and Family Welfare(22-23).D**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**

Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई0 प्रोक्योरमेन्ट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**(3rd Call)**

**Short E-Tender Notice Reference No.- DWSD/SVS/CLUSTER/GAR-20/2022-23 Dated-09/03/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date & time of Publication of Tender on Website | 13/03/2023 12:30 P.M. |
| 3 | Date & time of Pre-bid Meeting | 14/02/2023 12:30 P.M. |
| 4 | Last date/Time for receipt of Bid | 20/03/2023 05:00 P.M. |
| 5 | Last date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (in Hard copy) | 21.03.2023 10:30 AM to 05:00 P.M.<br>(i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa.<br>(ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle,Medininagar<br>(iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 22/03/2023 05:00 P.M. |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 9 | Contact No. Of Procurement officer | 9973003856 |
| 10 | Help No. Of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |

**Detailed Survey, designing and drawing, Construction of 7116 Nos FHTC in different block of Garhwa District comprising of suitable R.C.C./Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey basis" under D.W.&S.Division, Garhwa.**

| Sl.No. | Group No. | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | No. of FHTC | Estimated cost (in Rs) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SVS/CLUSTER-21 | 1 | 4 | 59 | 1290 | 5,07,82,000.00 | 5,08,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 2 | SVS/CLUSTER-29 | 3 | 18 | 93 | 2880 | 9,39,39,000.00 | 9,40,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 3 | SVS/CLUSTER-30 | 3 | 6 | 87 | 2946 | 9,40,26,000.00 | 9,41,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |

- **Estimated Cost & EMD Cost may vary.**
- **Further details can be seen on website-http://jharkhandternders.gov.in**

**Executive Engineer**
**D.W.&S.Division, Garhwa.**

PR 292234 Drinking Water and Sanitation(22-23)D



**District Legal Services Authotity,Lohardaga**
**E-mail-dlsalohardaga@gmail.com**

**No. 01/LADCS/2023 Dated 10th day of March, 2023**
**Notice No. 1 contractual engagement of Deputy Legal Aid Defense Counsel and Assiatant Legal Aid Defense Counsel**

Applications are invited from the eligible lawyers having requisite qualification for the contractual full time engagement for the posts of Deputy Legal Aid Defense Counsel and Assistant Legal Aid Defense Counsels in the legal aid defense counsel sysyem(LADCS) in the District Legal Services Authority, Lohardaga. The duly filled appilcation form along with self attested copies of documents must be addressed to the Secretary, District Legal Services Authority, Civil Court, Lohardaga. Application may be submitted either through speed post or in person in envelope which must reach in the office of the Secretary, DLSA, Lohardaga, on or berore 20th March, 2023 by 17:00 hours. Any application received after due date and time shall not be considered.

1.

| Name of Post | Number of vacancy |
|---|---|
| Deputy Legal Aid Defense Counsel | 02 |
| Assistant Legal Aid Defense Counsel | 03 |

**2. Honorarium:-** For Deputy Legal Aid Defense Counsel- Rs. 50,000/-
For Assistant Legal Aid Defense Counsel- Rs. 30,000/-

**3. Qualifications:-**
- Practice in Criminal law at least 7 years(For Deputy Legal Aid Defence Counsel),
- Practice in Criminal law for 0 to 3 years(For Assistant Legal Aid Defence Counsel)
- Excellent understanding of criminal law,
- Excellent oral and written communication skills,
- Skill in legal research,
- Thorough understanding of ethical duties of defense counsel,
- Ability to work effectively and efficiently with others,
- Must have handled at least 20 criminal trials in Sessions Court for the post ofDeputy LADC,may be relaxed in exceptional circumstances, by Hon'ble executive Chairman, JHALSA, Ranchi,
- IT knowledge with proficiency in work,

4The scheme of engagement along with application may be downloaded from official website of Civil Court, Lohardaga https://districts.ecourts.gov.in/lohardaga
5The selection would be on the basis of performance in the interview which will be held on date to be announced later and it would be available in the website of D.L.S.A., Lohardaga.
6The shortlisted candidates shall be called for interview individually through E-mail address provided by them and, if candidate does not receive the admit card, he/she may contact the Secretary, D.L.S.A., Lohardaga, at least two days before the scheduled date of interview.
Applying for engagement does not create any right/ assurance whatsoever.

Sd/-
Secretary I/C
DLSA, Lohardaga

**No. 02/LADCS/2023 Dated 10th day of March, 2023**
PR 292223 (Lohardaga)22-23*D

**ज्ञान की बात**

जो लोग धर्म के लिए युद्ध नहीं करेंगे, वे मरेंगे नहीं, उनका शरीर अमर रहेगा, ये सारे शरीर अपने समय पर नष्ट होंगे! समय आने पर वे घर में, वन में, कहीं भी काल के गाल में समा जाएंगे और समय न आया तो युद्ध के मध्य में रहकर सुरक्षित लौट आएंगे। अच्छा है कि मनुष्य का जीवन धर्म स्थापना के हित काम आए। अधर्म की रक्षा के लिए शरीर को बचाए रखने का क्या लाभ? - *ठाकुरजी*

# बदलाव की ओर पलामू

***पलामू*** की पहचान नक्सल हिंसा ,पलायन, सुखाड़ और अकाल के लिए चर्चित है। लेकिन वैसी बात नहीं है। अन्नमय कोश के लिए भले ही यह धरती प्रकृति पर निर्भर रहती हो,लेकिन ज्ञानमय और अकूत खजिन द्रव्य के लिए यह पूरे दुनिया में विख्यात है। समय के अंतराल में यहां सब कुछ बदल गया है या बदलाव की बयार में आगे बढ़ रहा है। अब उस इलाके की बेटियां अपने हौसलों की बदौलत उड़ान भरने लगी हैं। हौसलों की उड़ान की बदौलत एक स्टार्टअप शुरू किया गया है। जिससे दर्जनों लड़कियों को रोजगार से जोड़ा गया है। हम बात कर रहे है झारखण्ड की राजधानी रांची से 165 पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर के इलाके की। शाहपुर में आयुषी एंजेल मिंज नामक लड़की ने स्टार्टअप की शुरूआत की है।

**शाहपुर में आयुषी एंजेल मिंज नामक लड़की ने स्टार्टअप की शुरूआत की है। इस स्टार्टअप के माध्यम से आयुषी एक दर्जन के करीब लड़कियों को रोजगार उपलब्ध करवायी है।**

इस स्टार्टअप के माध्यम से आयुषी एक दर्जन के करीब लड़कियों को रोजगार उपलब्ध करवायी है। जबकि आधा दर्जन से अधिक लड़के भी इससे जुड़े हैं। आयुषी ने सुपर मार्केट की तरह एक मॉल की शुरूआत की है। इस मॉल में कई तरह के सामान उपलब्ध हैं। आयुषी शाहपुर की ही रहने वाली है और उनके पिता एलआईसी से रिटायर हुए हैं। आयुषी ने पिता की मदद से ऋण लेकर स्टार्टअप शुरू किया है। आयुषी बताती हैं कि बिजनेस की दुनिया में उसका नाम स्थापित हो ,यही सपना उसने शुरू कर के देखा है। हजारीबाग के संत कोलंबस कॉलेज से ग्रेजुएशन की पढ़ाई करने के बाद स्टार्टअप की योजना तैयार की थी। स्टार्टअप के लिए पिता ने सहयोग किया। जबकि बैंक से भी ऋण उपलब्ध करवाया गया है। आयुषी बताती हैं कि पलामू जैसे पिछड़े इलाके में इस तरह की योजना पर काम करना काफी मुश्किल भरा रहा है। वो पलामू के अलावा व झारखंड के कई जिलों में अपने प्रतिष्ठान को खोलना चाहती है। फिलहाल स्टार्टअप से प्रत्येक महीने 15 से 20 लाख की आय हो रही है। उनकी योजना है कि इलाके की लड़कियों को बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध करवायी जाये। पलामू के रहने वाले युवक देव आनंद भारद्वाज बताते हैं कि आयुषी का यह साहस भरा कदम है। पलामू का इलाका पिछड़ा रहा है और लड़कियों के लिए बिजनेस करना एक चुनौतीपूर्ण रहा है। यह बेहद खुशी की बात है कि आयुषी जैसी लड़की समाज में एक उदाहरण बन कर सामने आ रही है। अब आने वाले दिनों में व्यवसाय की दुनिया में भी यहां की बेटियां और कई महिलायें आगे बढ़ रही हैं। यह शुभ संकेत है। ऐसे में पलामू में रोजगार के और द्वार खुलने की संभावना से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। अच्छा होता इससे प्रेरणा लेकर झारखंड के और हिस्सों में ऐसे कार्य किये जायें।

# इन्फ्लूएंजा के विषाणु को गंभीरता से लेने की जरूरत






ललित गर्ग

***कोविड*** वायरस की तरह ही है इन्फ्लूएंजा का विषाणु इनदिनों देश में अपना खतरनाक प्रभाव दिखाने लगा है, जिससे दो लोगों की एक हरियाणा एवं एक कर्नाटक में मौत हुई है। इस नये वायरस से खांसी, बुखार, गले में जलन की तकलीफें बढ़ रही है। इनदिनों गला खराब होने की शिकायत आम है जो पीड़ित को लम्बे समय तक परेशान कर रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में एच3एन 2 वायरस के लगभग 90 मामले सामने आये हैं। एच1एन1 वायरस के आठ मामलों का भी पता चला है। विशेषज्ञों के अनुसार वायरस अत्यधिक संक्रामक है और संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने और निकट संपर्क से फैलता है। डॉक्टरों ने नियमित रूप से हाथ धोने और मास्क लगाने समेत कोविड जैसी सावधानियों की सलाह दी है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च छींकने और खांसने के दौरान मुंह और नाक को ढंकने, बहुत सारे तरल पदार्थ, आंखों और नाक को छूने से बचने और बुखार और शरीर में दर्द के लिए पेरासिटामोल के सेवन का आग्रह किया है। नये वायरस को लेकर बरती जा रही लापरवाही नुकसान का कारण बन सकती है। इसलिए भी लोगों को अपने स्वास्थ्य को लेकर लगातार सावधानी बरतने की अपेक्षा है। बाहर निकलते समय ऐसे तमाम उपाय अपनाने चाहिए जिनसे वातावरण में पनप रहे विषाणुओं को शरीर में प्रवेश करने से रोका जा सके। पर ऐसी स्थितियों में सरकारी स्वास्थ्य तैयारियां भी पहले से रहनी चाहिए, ताकि लोगों में अफरातफरी जैसी स्थिति न बनने पाये। आम जनता भी अपनी जीवनशैली को सात्विक एवं संयममय बनाये, ताकि नये वायरस का प्रभाव कम से कम हो। पिछले कुछ महीनों से अधिकांश लोग खांसी के शिकार होते हुए देखे गये हैं। देश में फ्लू के मामले भी बढ़ रहे हैं। अधिकांश संक्रमण एच3एन2 वायरस के कारण होते हैं, जिसे 'हांगकांग फ्लू' के रूप में भी जाना जाता है। यह वायरस देश में अन्य इन्फ्लुएंजा उपप्रकारों की तुलना में अधिक खतरनाक है जो अस्पताल में भर्ती होने का कारण बनता है। भारत में अब तक केवल एच3एन2 और एच1एन1 संक्रमण का पता चला है। दोनों वायरस में कोविड जैसे लक्षण हैं। जैसाकि सर्वविदित है कि कोविड ने दुनिया भर में लाखों लोगों को संक्रमित किया और 68 लाख लोगों की मौत हुई। महामारी के दो साल बाद बढ़ते फ्लू के मामलों ने लोगों में चिंता पैदा कर दी है। लक्षणों में लगातार खांसी, बुखार, ठंड लगना, सांस फूलना और घरघराहट शामिल हैं। मरीजों ने मतली, गले में खराश, शरीर में दर्द और दस्त की भी सूचना दी है। ये लक्षण लगभग एक सप्ताह तक बने रह सकते हैं। भारत की संस्कृति एवं जीवनशैली ने पूर्व कोरोना कहर को परास्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका

**इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च छींकने और खांसने के दौरान मुंह और नाक को ढंकने, बहुत सारे तरल पदार्थ, आंखों और नाक को छूने से बचने और बुखार और शरीर में दर्द के लिए पेरासिटामोल के सेवन का आग्रह किया है।**

**इन दिनों**

निभाई। क्योंकि योग, अहिंसा, शाकाहार, संयम आदि जीवन के आधारभूत जीवनमूल्य इसी देश की माटी में रचे-बसे हैं। विशेषतः भारत में जैनधर्म एवं उसका जीवन-दर्शन कोरोना संकट के दौर में समाधान के रूप में सामने आया है, जैनमुनि मुंह पर पट्टी (मुंहपत्ती) बांधते हैं, जिसे मॉस्क के रूप में समूची दुनिया ने अंगीकार किया था। सामाजिक दूरी (सोशल डिस्टेंसिंग), आइसोलेशन, व क्वारंटीन (एकांत) जैन मुनि एवं साधक के जीवन के अभिन्न अंग दुनिया के लिये कोरोना मुक्ति के सशक्त आधार बने थे। शाकाहार एवं मद्यपान का निषेध भी जैन जीवनशैली का आधार है, जिनका बढ़ता प्रचलन कोरोना महासंकट से मुक्ति का बुनियादी सच बना था। लगता है कोरोना जाते-जाते दुनिया में शाकाहार का सशक्त वातावरण बना कर गया, लेकिन नये एच3एन2 और एच1एन1 के संक्रमण भी ऐसे भारतीय प्रयोगों एवं उपक्रमों को बड़े. पैमाने पर अपनाने की अपेक्षा को जाहिर कर रहे हैं। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के अलावा बड़े वयस्कों और छोटे बच्चों जैसे उच्च जोखिम वाले समूहों के लिए संक्रमण गंभीर हो सकता है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने हाल ही में डॉक्टरों से आग्रह किया है कि संक्रमण जीवाणु है या नहीं, इसकी पुष्टि करने से पहले मरीजों को एंटीबायोटिक्स न दें, क्योंकि वे एक प्रतिरोध विकसित कर सकते हैं। एक बार फिर नये विषाणु का संक्रमण तेजी से फैलना शुरू हो गया है। इन्फ्लूएंजा का यह विषाणु भी कोविड विषाणु की तरह ही लोगों को प्रभावित कर रहा है, हालांकि इससे उस तरह भयभीत होने की जरूरत नहीं है, मगर इसका लंबे समय तक लोगों पर असर बना रह रहा है। इस विषाणु के पैदा होने की एक खाज वजह मौसम के अचानक सर्द से गर्म होने को बताया जा रहा है। अब यह विषाणु इतनी तेजी से संक्रमण फैला रहा है कि अस्पतालों में भीड़भाड़ देखी जाने लगी है, कई अस्पतालों ने इसके लिए अलग से वार्ड बना दिया है। इसी विषाणु के प्रभाव में कोरोना के मामले भी बढ़े हुए दर्ज हो रहे हैं। स्वाभाविक ही स्वास्थ्य विभाग लोगों से सावधान रहने और बचाव के उपाय आजमाने की अपील कर रहा है। मगर इसमें राहत की बात यह है कि भारत की अधिकतर आबादी को कोरोना के टीके लगाये जा चुके हैं, बहुत सारे लोग एहतियाती खुराक भी ले चुके हैं, इस तरह ज्यादातर लोगों में प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो चुकी है। मगर जब भी कोई विषाणु अपने पांव पसारता है।

**बोधि वृक्ष**

## आईए सुनें भगवान शनिदेव की कथा

***अपनी*** बेटी की खुशी के लिए राजा-रानी अपंग विक्रमादित्य से मोहिनी का विवाह करने के लिए तैयार हो गये। दोनों का विवाह हुआ और वो तेली के घर रहने लगे। उसी दिन विक्रमादित्य के सपने में शनिदेव आए। उन्होंने कहा कि देखा तूने मेरा प्रकोप राजा ने शनिदेव से उसे क्षमा करने को कहा। उन्होंने कहा कि जितना दुःख आपने मुझे दिया है, उतना किसी और को मत देना। इस पर शनिदेव ने कहा, 'राजा! मैं तुम्हारी प्रार्थना स्वीकार करता हूँ। जो कोई व्यक्ति मुझे पूजेगा, व्रत करेगा और मेरी कथा सुनेगा उस पर मेरी कृपा-दृष्टि बनी रहेगी। सुबह जब राजा विक्रमादित्य की नींद खुली तो उसने देखा की उसके हाथ-पांव वापस आ गए हैं। उन्होंने मन ही मन में शनिदेव को नमन किया। राजकुमारी भी विक्रमादित्य के हाथ-पैर देखकर हैरान रह गई। तब राजा ने शनिदेव के प्रकोप की कथा सुनाई। जब सेठ को यह बात पता चली तो वो तेली के घर पहुंचा। उसने राजा विक्रमादित्य से उनके पैरों में गिरकर माफी मांगी। राजा ने सेठ को माफ कर दिया। सेठ ने राजा से उसके घर जाकर भोजन करने के लिए कहा। भोजन करते हुए अचानक से ही खूंटी ने हार उगल दिया। सेठजी ने अपनी बेटी का विवाह भी राजा के साथ कर दिया। उन्होंने उसे स्वर्ण-आभूषण, धन आदि देकर राजा के साथ विदा कर दिया। राजा विक्रमादित्य अपनी दोनों पत्नियों यानी राजकुमारी मोहिनी और सेठ की बेटी के साथ अपने राज्य उज्जयिनी पहुंचे। सभी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राजा विक्रमादित्य ने पूरे राज्य में घोषणा करते हुए कहा कि आज से शनिदेव सब देवों में सर्वश्रेष्ठ माने जायेंगे।

*(क्रमशः)*

# समाज के लिए कैंसर है भ्रष्टाचार



लालजी जायसवाल

***देश*** में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई बहुत समय से चली आ रही है। यह परिणाम तक कब पहुंचेगी कह पाना कठिन है। पिछले दिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पैसे की भूख ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह पनपने में मदद की है। बहरहाल, यह टिप्पणी कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रधान सचिव अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति के मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के उच्च अदालत के फैसले को रद्द करते हुए की है। अदालत ने कहा कि संविधान के तहत स्थापित अदालतों का देश के लोगों के प्रति कर्तव्य है कि वे दिखाये कि भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। साथ ही वे अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी करें। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ उच्च अदालत ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में राज्य के पूर्व प्रधान सचिव अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करते हुए कहा था कि मामला दर्ज करना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग था और आरोप प्रथम दृष्टया संभावनाओं पर आधारित थे। हाई कोर्ट के फैसले को रद्द करने के बाद पीठ ने टिप्पणी किया कि संविधान के प्रस्तावना में भारत के लोगों के बीच धन का समान वितरण करके सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का वादा किया गया है, लेकिन यह अभी तक दूर का सपना ही बना हुआ है। भ्रष्टाचार यदि प्रगति हासिल करने में मुख्य बाधा नहीं भी है, तो भी निस्संदेह यह एक बड़ी बाधा जरूर है। भ्रष्टाचार एक बीमारी है, जो जीवन के हर क्षेत्र में व्याप्त है। यह अब शासन की गतिविधियों तक सीमित नहीं है, अफसोस की बात है कि जिम्मेदार नागरिक कहते हैं कि यह जीवन का हिस्सा ही बन गया है। खैर, यह तो पूरे समुदाय के लिए चिंता की बात है कि हमारे संविधान निर्माताओं के मन में जो ऊंचे आदर्श थे, उनका पालन करने में लगातार गिरावट आ रही है और समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास तेजी से बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि भ्रष्टाचार की जड़ का पता लगाने के लिए अधिक बहस की आवश्यकता नहीं है। अगर हम गौर करें तो हिंदू धर्म में सात पापों में से एक माना जाने वाला 'लालच' अपने प्रभाव में प्रबल रहा है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि पैसे की भूख ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह पनपने में मदद की है। भ्रष्टाचार का मूल कारण हमारे नैतिक तथा सांस्कृतिक मूल्यों का ह्रास होना है, जो आज हर क्षेत्र में फैल चुका है। भ्रष्टाचार से देश को मुक्त करने के लिए हमें अपना योगदान देना ही होगा। साथ में प्रत्येक नागरिक को अपने चरित्र का निर्माण कर देश व समाज की सेवा करनी होगी। उल्लेखनीय है कि भारत में राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर नैतिकता में गिरावट के मूल कारण सामान्यतः समान ही हैं जिसमें अधिकतम भौतिक सुख की प्राप्ति, शक्ति का केंद्रीकरण, भ्रष्ट गतिविधियां, किसी भी स्थिति में नाम कमाने की लालसा, नेता-अधिकारी गठजोड़, सार्वजनिक नैतिक मूल्यों की अपेक्षा व्यक्तिगत मूल्यों का हावी होना इत्यादि प्रमुख वजहें हैं। इसके अलावा राजनीति का अपराधीकरण, धन-बल का प्रयोग बढ़ने से भी राजनीतिक नैतिकता में गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं, प्रशासकों की शिक्षा और चयन प्रक्रिया में खामियों की वजह से नैतिक मूल्यों से शून्य व्यक्तियों का प्रवेश हो जाता है और अंततः भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने लगता है। अकसर देखा जाता है कि जेल की सजा होने तथा भ्रष्टाचार साबित होने के बावजूद भी कई बार भ्रष्टाचारियों का गौरव गान किया जाता है। आज भी समाज में ऐसे कुछ लोग मिल ही जाते हैं, जो दोषी पाए जा चुके भ्रष्टाचारियों के पक्ष में भांति-भांति के तर्क देते हैं। ऐसे में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। अतः समय-समय पर

**नागरिक को अपने चरित्र का निर्माण कर देश व समाज की सेवा करनी होगी। उल्लेखनीय है कि भारत में राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर नैतिकता में गिरावट के मूल कारण सामान्यतः समान ही हैं।**

**राजनीति**

ऐसे लोगों को समाज द्वारा अपने कर्तव्य का बोध कराया जाना बेहद आवश्यक हो जाता है। इसलिए समाज में अब वैचारिक क्रांति लाना बहुत जरूरी है। ऐसा नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार ऐसा कोई निर्णय दिया है। लेकिन न्यायालय के लगातार प्रयासों के बावजूद सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार कम नहीं हो सका है। बहरहाल संविधान पीठ के इस निर्णय से शायद कुछ कमी आ सके। निर्णय में न्यायालय ने इस मिथक को खारिज कर दिया कि अपराध का पूर्ण प्रमाण ही अपराधी को दोषी ठहराने में मदद कर सकता है। न्यायालय ने अब यह निर्धारित किया है कि भले ही अभियोजन पक्ष के गवाह अपनी बात से पलट जाएं, तो भी अभियोजन पक्ष एवं अपराधी के विरुद्ध न्यायालय में प्रस्तुत सभी साक्ष्यों के आधार पर अपराधी का दोष सिद्ध माना जा सकेगा।

**फोटो की दुनिया**



**ट्वीट-ट्वीट**




**फेसबुक वॉल से**




# समाज के सकारात्मक परिवर्तन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आगे



प्रहलाद सबनानी

***देश*** में पिछले 97 वर्ष से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश के नागरिकों में देशप्रेम की भावना का संचार करने का लगातार प्रयास कर रहा है। वर्ष 1925 (27 सितम्बर) में विजयदशमी के दिन संघ के कार्य की शुरूआत ही इस कल्पना के साथ हुई थी कि देश के नागरिक स्वाभिमानी, संस्कारित, चरित्रवान, शक्तिसंपन्न, विशुद्ध देशभक्ति से ओत-प्रोत और व्यक्तिगत अहंकार से मुक्त होने चाहिए। आज संघ, एक विराट रूप धारण करते हुए, विश्व में सबसे बड़ा स्वयं सेवी संगठन बन गया है। संघ के शून्य से इस स्तर तक पहुंचने के पीछे इसके द्वारा अपनाई गई विशेषताएं यथा परिवार परंपरा, कर्तव्य पालन, त्याग, सभी के कल्याण विकास की कामना व सामूहिक पहचान आदि विशेष रूप से जिम्मेदार हैं। संघ के स्वयंसेवकों के स्वभाव में परिवार के हित में अपने हित का सहज त्याग तथा परिवार के लिये अधिकाधिक देने का स्वभाव व परस्पर आत्मीयता और आपस में विश्वास की भावना आदि मुख्य आधार रहता है। 'वसुधैव कुटुंबकम' की मूल भावना के साथ ही संघ के स्वयंसेवक अपने काम में आगे बढ़ते हैं। वैश्विक स्तर पर कई देशों में तो संघ की कार्य पद्धति पर कई शोध कार्य किये जा रहे हैं कि किस प्रकार यह संगठन अपने 97 वर्षों के लम्बे कार्यकाल में फलता फूलता रहा है एवं किस प्रकार यह समाज के समस्त वर्गों को अपने साथ लेते हुए अपने कई कार्यकर्मों को लागू करने में सफलता अर्जित करता आया है। आज जब कई देशों में अलगाववाद के बीज बोकर भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है ऐसे माहौल में संघ भारत के नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना विकसित कर उनमें सामाजिक समरसता के भाव को जगाने में सफल रहा है। मुट्ठीभर विदेशी आक्रांताओं ने भारत पर कई सैकड़ों वर्षों तक राज किया क्योंकि हम सब एक नहीं थे। इसलिए संघ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ही देश के लिए समाज को एकजुट करना था, है और रहेगा, जिसे पूर्ण करने के लिए डॉक्टर हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की और यह मंत्र दिया कि उच्च जाति के हों या निम्न जाति के, पहले अपना अहंकार छोड़कर और दूसरे अपनी लाचारी या हीनता छोड़कर तथा अमीर हो या गरीब, विद्वान हों या अज्ञानी सब एक पंक्ति में खड़े हों, यही संघ का मुख्य उद्देश्य भी है। समाज और राष्ट्र को प्रथम मानने वाला संघ में व्यक्ति गौण होता है। संघ ने कभी अपना प्रचार नहीं किया और संघ के प्रचारकों या स्वयंसेवकों ने जो दायित्व प्राप्त किए वे भी प्रचार से दूर रहे, संघ का और स्वयंसेवकों का कार्य उनकी लग्न और त्याग देश के सामने है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस लम्बी यात्रा में वैश्विक स्वीकार्यता प्राप्त कर चुका है। व्यक्ति निर्माण, त्याग और राष्ट्र्भक्ति के संस्कार से ओतप्रोत संघकार्य आज दुनिया के सम्मुख है। आपदा में अद्वितीय सेवाकार्य और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्धता के संघ के गुणों को विरोधी भी स्वीकारते हैं। संघ की योजना प्रत्येक गांव में, प्रत्येक गली में अच्छे स्वयंसेवक खड़े करने की है। अच्छे स्वयंसेवक का मतलब है जिसका अपना चरित्र विश्वासप्रद है, शुद्ध है। जो सम्पूर्ण समाज को, देश को अपना मानकर काम करता है। किसी को भेदभाव से शत्रुता के भाव से नहीं देखता और इसके कारण जिसने समाज का स्नेह और विश्वास अर्जित किया है। संघ सम्पूर्ण हिन्दू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से आगे बढ़ रहा है। संघ की कार्यपद्धति में पंथ-उप पंथ, जातीय मतभेद आदि बातें उपस्थित हो ही नहीं सकती क्योंकि संघ सम्पूर्ण हिन्दू समाज में एकता लाने की दृष्टि से कार्य करता है। संघ में छुआछूत की भावना तो कभी की समाप्त हो चुकी है क्योंकि संघ में सभी जातियों के लोग एक झंडे के नीचे काम करते हैं। हाल ही के समय में देश भर में संघ का

**` 97 वर्षों के लम्बे कार्यकाल में फलता फूलता रहा है एवं किस प्रकार यह समाज के समस्त वर्गों को अपने साथ लेते हुए अपने कई कार्यकर्मों को लागू करने में सफलता अर्जित करता आया है।**

**दुनियादारी**

कार्य बहुत तेजी से फैला है। दैनिक शाखाओं में 61 प्रतिशत शाखाएं छात्रों की हैं और 39 प्रतिशत व्यवसायी शाखाएं हैं। संघ की दृष्टि से देशभर में 6506 खंड हैं, इनमें से 84 प्रतिशत से अधिक खंडों में शाखायें हैं। 59,000 मंडलों में से लगभग 41 प्रतिशत से अधिक मंडलों में संघ का प्रत्यक्ष शाखा के रूप में कार्य है। 2303 नगरीय क्षेत्रों में से 94 प्रतिशत नगरों में शाखा का कार्य चल रहा है एवं आने वाले दो वर्षों में सभी मंडलों में संघ की शाखा हो, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ कार्य एक लाख स्थानों तक ले जाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। 2017 से 2022 तक संघ की वेबसाइट में 'ज्वाइन आरएसएस' के माध्यम से 20 से 35 आयु वर्ग के लगभग 1 लाख से 1.25 लाख युवाओं ने प्रतिवर्ष संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की है।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# त्वचा के लिए फायदेमंद है विटामिन और पोषक तत्वों से भरपूर टमाटर

जब त्वचा की देखभाल की बात आती है, तो आपको स्वस्थ और चमकदार त्वचा देने वाली सामग्री की तलाश में दूर-दूर जाने की जरूरत नहीं है। लगभग हर रसोई में आसानी से उपलब्ध और सभी को पसंद आने वाला टमाटर त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें कई त्वचा-लाभदायक विटामिन और पोषक तत्व होते हैं जो आपको अपने सपनों की त्वचा दे सकते हैं। लाइकोपीन से भरपूर, टमाटर में पाया जाने वाला एक एंटीऑक्सीडेंट, यह क्षतिग्रस्त त्वचा की मरम्मत कर सकता है और इसकी प्राकृतिक, स्वस्थ चमक को बहाल कर सकता है। इसके अम्लीय और कसैले गुण इसे तैलीय और मुहांसे वाली त्वचा वाली महिलाओं के लिए एक उत्कृष्ट सामग्री बनाते हैं।

## तेल कम करें

टमाटर त्वचा को कई तरह से लाभ पहुंचाता है, यह सबसे लोकप्रिय है। तैलीय और मुहांसे वाली त्वचा वालों में अत्यधिक तेल उत्पादन एक आम चिंता है। यह समग्र रूप में बाधा डाल सकता है और साथ ही आपके मेकअप को जगह पर रखना मुश्किल बना सकता है। अगर आप अपने चेहरे से तेल सोख कर थक चुके हैं तो इस प्राकृतिक तरीके को आजमाएं जिसमें टमाटर का इस्तेमाल शामिल है।

## कैसे करें उपयोग

एक टमाटर को आधा काटें और इसे पूरे चेहरे पर मलें। इसे 10-15 मिनट के लिए लगा रहने दें और फिर चिकनी, मुलायम और मैट जैसी दिखने वाली त्वचा पाने के लिए धो लें। नियमित उपयोग के साथ, यह अत्यधिक तैलीय त्वचा की समस्या का समाधान करेगा और आपकी त्वचा के प्राकृतिक पीएच स्तर को संतुलित करेगा।

## मृत त्वचा को हटाता है

हमारी त्वचा पर्यावरण से गंदगी, तेल, प्रदूषण और अन्य हानिकारक चीजों को आकर्षित करती है और इससे आपकी त्वचा समय के साथ सुस्त और असमान दिखने लगती है। इस गंदगी से छुटकारा पाने के लिए नियमित सफाई ही काफी नहीं है क्योंकि यह त्वचा के रोमछिद्रों में फंस जाती है। टमाटर में मौजूद एंजाइम मृत त्वचा कोशिकाओं की ऊपरी परत को हटाकर हल्के से त्वचा को एक्सफोलिएट करते हैं।

## कैसे करें उपयोग

आपने टमाटर के गूदे में चीनी मिलाकर अपनी त्वचा पर लगाने के बारे में सुना होगा, हमारा सुझाव है कि आप इसे केवल बॉडी स्क्रब के रूप में उपयोग करें। आपके चेहरे की त्वचा संवेदनशील होती है और चीनी के दानों से आसानी से चिढ़ सकती है। चेहरे की त्वचा के लिए टमाटर के फायदे पाने के लिए आप इसके गूदे को वैसे ही लगा सकते हैं।

## मुंहासे रोकता है

मुँहासे किशोरों और वयस्कों के बीच एक आम चिंता का विषय है, जबकि समस्या की जड़ तक पहुँचना महत्वपूर्ण है, कभी-कभी इससे छुटकारा पाने के लिए टमाटर के फायदों को भी इस्तेमाल किया जा सकता है। टमाटर में डीप क्लींजिंग



एजेंट होते हैं और जैसा कि ऊपर बताया गया है, यह त्वचा के पीएच स्तर को भी ठीक करता है, इसलिए यह ब्रेकआउट को बहुत अच्छी तरह से रोक सकता है और मुंहासों को कम कर सकता है।

## कैसे करें उपयोग

एक टमाटर से गूदा निकाल लें और उसमें टी ट्री एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें मिलाएं और पूरे चेहरे पर लगाएं और 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें फिर धो लें। अपनी मुहांसे वाली त्वचा का इलाज करने के लिए सप्ताह में दो से तीन बार दोहराएं।

## त्वचा में निखार लाता है

जो लोग एक अच्छे स्किनकेयर रूटीन का पालन नहीं करते हैं या सनस्क्रीन लगाना छोड़ देते हैं, वे पा सकते हैं कि उनकी त्वचा सुस्त और असमान दिखती है। टमाटर के फायदे इस समस्या को ठीक करने में मदद कर सकते हैं। विटामिन सी, ई और बीटा कैरोटीन से भरपूर, टमाटर त्वचा की रंगत को निखारने के साथ-साथ त्वचा को चमकदार बनाता है और इसके प्राकृतिक रंग को प्रकट करता है।

## कैसे करें उपयोग

एक कटोरी में एक टमाटर का रस लें और पेस्ट बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में चंदन पाउडर के साथ थोड़ी मात्रा में हल्दी पाउडर मिलाएं। इस स्किन-ब्राइटनिंग पैक को अपने चेहरे पर लगाएं और सूखने तक आराम करें। मास्क धोएं और फर्क देखें!

## उम्र बढ़ने के संकेतों में देरी करता है

ऐसे शहर में रहना जहां प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक है, आपकी त्वचा के स्वास्थ्य को कई तरह से प्रभावित कर सकता है। आपकी त्वचा को सुस्त और बेजान बनाने के अलावा, यह समय से पहले बुढ़ापा भी पैदा कर सकता है। जबकि हाइड्रेटेड रहना और स्वस्थ भोजन करना महत्वपूर्ण है, उम्र बढ़ने के संकेतों से लड़ने वाले उत्पादों और सामग्रियों का उपयोग करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। टमाटर विटामिन बी कॉम्प्लेक्स से भरे होते हैं जो उम्र बढ़ने के शुरूआती लक्षणों का मुकाबला करते हैं।

## कैसे करें उपयोग

टमाटर के गूदे और एवोकाडो को मैश करके पेस्ट बना लें। कुछ मिनट के लिए धीरे-धीरे पूरे चेहरे पर रगड़ें, फिर माइल्ड क्लींजर से धो लें।

## रोमछिद्रों को कसता है

बड़े, खुले रोमछिद्र आपको उम्रदराज दिखाते हैं। खुले छिद्र गंदगी, धूल और प्रदूषण को आकर्षित करते हैं जो बाद में त्वचा के तेलों के साथ मिल जाते हैं जिससे मुंहासे निकलते हैं। टमाटर एक प्राकृतिक कसैले के रूप में काम करता है जो छिद्रों को सिकोड़ने में मदद करता है और ब्रेकआउट की घटना को कम करता है। यदि आपके रोमछिद्र बड़े हैं, तो अपनी त्वचा के लिए टमाटर के लाभों का उपयोग करके देखें।

## कैसे करें उपयोग

बड़े पोर्स को सिकोड़ने के लिए एक टमाटर का गूदा लें और उसमें कुछ बूंदे नींबू के रस की मिलाकर अच्छे से मिलाएं और पूरे चेहरे पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें।

## त्वचा की जलन से राहत दिलाता है

मेकअप और स्किनकेयर उत्पादों में कुछ सामग्री त्वचा में जलन पैदा कर सकती हैं और मुंहासे रोधी उत्पादों के अत्यधिक उपयोग से भी आपकी त्वचा में निखार आ सकता है। टमाटर के लाभों में से एक यह है कि यह एंटी-इंफ्लेमेटरी यौगिकों से भरपूर होता है जो जलन को शांत करता है और त्वचा को शांत करता है।

## कैसे करें उपयोग

एक टमाटर का गूदा निकाल लें और उसमें ताजा खीरे का रस मिलाकर अच्छी तरह मिलाएं और पूरे चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद धो लें। हर दिन दोहराएं जब तक कि आपकी त्वचा शांत न हो जाए और जलन दूर हो जाए।

# फालतू लेखन प्रदूषण



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

लेखक महोदय! आपके अनुभव और पहुंच के चलते इस बार विश्व पुस्तक मेले में आपकी बड़ी धूम रही। जितनी बार सांसें नहीं लीं उतनी बार तो आपने पुस्तकों का लोकार्पण कर दिया। जहां देखिए वहां आप ही आप छाए हुए थे। मधुमक्खी के छत्ते की तरह फोटों खिंचवाने की लेखकों में बड़ी चुल मची थी। पता ही नहीं चल रहा था कि लेखक कौन है और उसके रिश्तेदार कौन हैं? एक सप्ताह-दस दिन गुजर जाने के बाद लेखक खुद को उन फोटो में ढूंढ़ने में गच्चा खा जाएगा। यह सब छोड़िए। यह बताइए इतनी सारी पुस्तकें घर ले आए हैं, इनका क्या करेंगे?' - मैंने पूछा।

पहुंचे हुए लेखक थे। सो उन्होंने एक लंबी सांस छोड़ते हुए कहा - 'पिछली बार की तुलना में इस बार इतनी किताबें मिली हैं कि घर में उन्हें रखने भर की जगह नहीं है। इसलिए किताबें बरामदे में कूड़े की तरह रख डाली हैं। सूखे कूड़े की तरह सूखी किताबें, गीले कूड़े की तरह गीली किताबें अलग करने का समय नहीं मिला। कोई बात नहीं है। इस बार मैंने एक बढ़िया उपाय ढूंढ़ निकाला है।'

'उपाय? कैसा उपाय?' मैंने आश्चर्य से पूछा।

'उपाय बता तो देता। डर है कहीं तुम किसी को बता न दो। पहले मैं इस उपाय का कॉपीराइट करवाऊंगा। फिर किसी को बताऊंगा।' लेखन ने संदेह की नजर से मेरी ओर देखा।

'आपको मुझ पर इतना भी विश्वास नहीं है। मैंने कितनी सारी आपकी रचनाओं का टंकण किया है। चाहता तो उसमें कुछ इधर-उधर कर उसे अपनी रचना बना सकता था लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। कम से कम इतना तो विश्वास कीजिए।' - मैंने गिड़गिड़ाते हुए कहा।

'कॉपी कर भी लेते तो क्या कर लेते। यहां लोग कंटेंट नहीं नाम देखकर किताबें खरीदते हैं। तुम्हारे जैसों की कोई किताब अपने पास रखकर अपनी भद्द थोड़े न पिटवायाएगा।' लेखक ने चिढ़ाते हुए कहा।

'बात तो आपकी बिल्कुल सही है। यह सब छोड़िए। उपाय बताइए। मैं किसी को नहीं बताऊंगा।' - उत्सुकतावश पुनः पूछने लगा।

'ठीक है! ठीक है! बताता हूं। इस बार मैं इन पुस्तकों की कंपोस्टिंग खाद बनाऊंगा। इसके लिए सबसे पहले एक गड्ढा खोदूंगा। उसमें इन किताबों फेंक दूंगा। उसी में वे सुखेंगी, गलेंगी और सड़ेंगी। कुछ दिनों के बाद यह एक अच्छी खाद बन जाएगी। तब देखना एकदम ऑर्गानक साग-सब्जी, फल-फूल उगाऊंगा। इस तरह कंपोस्ट की गई खाद से फालतू लेखकों का कचरा लेखन मिट जाएगा। भू, जल, ध्वनि, वायु प्रदूषण के बाद कचरा लेखन प्रदूषण बड़ा जानलेवा होता जा रहा है। इस तरह के खाद निर्माण से कई पाठकों की जान बचाई जा सकती है।'

'लेकिन इस तरह की खाद से आपके और आपके परिवार की जान को खतरा हो सकता है। उसका क्या?'

'खतरा? कैसा खतरा?'

'इस तरह की खाद से उगाई गई खाद्य सामग्री के सेवन से दस्त, उल्टियां और कभी-कभी जान भी जा सकती है। जान गई तो कोई बात नहीं है। पागल बन गए तो दूसरों की जानमाल को खतरा हो सकता है।'

इतना सुनना था कि पहुंचे हुए लेखक मोबाइल निकालकर रद्दीवाले को फोन लगाने लगे।

# कई बीमारियों से अलसी की चटनी करती है बचाव

अलसी के बीज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इस छोटे-छोटे बीज में बड़े-बड़े फायदे छिपे हुए हैं। इसका इस्तेमाल कई व्यंजनों में भी किया जाता है। इसे 'तीसी' के नाम से भी जाना जाता है। इसके सेवन से आप कई बीमारियों से बच सकते हैं। अलसी के बीज में मैंगनीज, कॉपर, प्रोटीन, ओमेगा-3 एसिड और कई पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए जरूरी होते हैं। अलसी के बीज दिल के लिए काफी फायदेमंद हैं, लेकिन किसी भी समस्या में इन बीजों का सेवन करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।



## पाचन को रखता है दुरुस्त

अलसी के बीज में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड पाचन संबंधी समस्याओं के लिए कारगर है। इसमें मौजूद फाइबर कब्ज की समस्या से राहत दिलाने में कारगर है। आप पाचन शक्ति बढ़ाने के लिए आहार में अलसी के बीज को शामिल कर सकते हैं।

**कैंसर के जोखिम को करता है कम**

एक स्टडी के अनुसार, अलसी के बीज कैंसर के जोखिम को कम करने में सहायक है। दरअसल, अलसी का तेल और इसके बीज का पाउडर ओमेगा-3 फैटी एसिड और अल्फा-लिनोलेनिक से भरपूर होता है, जो कैंसर में लाभदायक माना जाता है।

## कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करें

अगर आपको कोलेस्ट्रॉल की समस्या है, तो नियमित रूप से अलसी के बीज का सेवन कर सकते हैं। इससे कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद मिल सकती है। अलसी के बीज घुलनशील फाइबर से भरपूर होते हैं, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करते हैं।

## डायबिटीज के मरीजों के लिए गुणकारी

अलसी के बीज टाइप-2 डायबिटीज के रोगियों के लिए काफी फायदेमंद है। इसके सेवन से रक्त शर्करा के स्तर में सुधार लाया जा सकता है। इस छोटे-छोटे बीज में मौजूद फाइबर, प्रोटीन और अल्फा- लिनोलेनिक ब्लड शुगर की मात्रा को कंट्रोल करन में मददगार साबित हो सकते हैं।

## दिल के लिए फायदेमंद

अलसी के बीज एंटी ऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो दिल को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद उच्च फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं और रक्त में गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में सहायता करते हैं।

इतने सेहत से जुड़े फायदे होने के बाद भी लोग अलसी के बीज खाना पसंद नहीं करते, ऐसे लोगों के लिए अलसी की चटनी एक बेहतरीन विकल्प है। इसे अपनी डाइट में शामिल करके आप अपनी सेहत को बेहतर कर सकते हैं।

## अलसी की चटनी बनाने की सामग्री

अलसी के बीज- 100 ग्राम
लहसुन कलियां- 5-6
हरी मिर्च- 3-4
नींबू- 1
नमक- स्वादानुसार

## अलसी की चटनी बनाने की विधि

अलसी की चटनी बनाने के लिए सबसे पहले अलसी के बीजों को साफ कर लें।
इसके बाद एक तवे को मीडियम आंच पर गर्म करने के लिए रख दें।
जब तवा गर्म हो जाए तो उस पर अलसी के बीज डालें और उन्हें ड्राई रोस्ट कर लें।
अलसी को अच्छे से सेकने के बाद उसे ठंडा होने के लिए कुछ देर तक अलग रख दें।
जब अलसी ठंडी हो जाए, तो उसे एक मिक्सी के जार में डाल दें।
इसमें बारीक कटी हुई हरी मिर्च, लहसुन, नींबू का रस, स्वादानुसार नमक और तीन-चार चम्मच पानी डाल दें।
आपकी अलसी की चटनी तैयार है।

## सूडोकु नवताल- 6635

★★★✬☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6634 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**11 मार्च 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.29 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मेष | 07.59 बजे से |
| मंगल | वृष में | वृष | 09.39 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.37 बजे से |
| गुरु | मीन में | कर्क | 13.51 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.07 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.19 बजे से |
| राहु | मेष में | तुला | 20.30 बजे से |
| केतु | तुला में | वृश्चिक | 22.44 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.00 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मकर | 03.06 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.52 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 70 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** चतुर्थी 22.06 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 07.11 बजे को समाप्त।
**योग** ध्रुव 19.51 बजे को समाप्त।
**करण** बव 09.58 बजे तदनन्तर बालव 22.06 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 18.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 03° 54'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871549
**जूलियन दिन** 2460014.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** सावान **तारीख** 18
**विशेष** संकष्टी चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7698

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | ■ |
| | ■ | 5 | | | | | ■ | 6 |
| 7 | 8 | | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | |
| ■ | | ■ | ■ | 13 | ■ | ■ | | ■ |
| 14 | | 15 | ■ | | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | | | | ■ | |
| ■ | 19 | | ■ | | ■ | 20 | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. रोशनी-3
4. आशा, उम्मीद-2
5. एक प्रकार की बंगाली मिठाई-2,3
7. भ्रमण, घूमना-3
9. फिजूल, व्यर्थ ही-3
11. गुनाह, जुर्म-4
12. स्नान करवाना-4
14. डग, पांव, पैर-3
16. मक्खन(अंग्रेजी-3)
18. रावण, दशानन-5
19. टेलीफोन, दूरभाष-2
20. असली, शुद्ध-3

**ऊपर से नीचे**

1. वार, घात-3
2. आश्रय, पनाह-3
3. पायल की आवाज-4
4. दर्पण, शीशा-3
6. चिपकू, जलौका-2
8. स्वयं की पसंद का, स्वरुचिकर-2,3
10. हकलाना, अटक-अटक कर बोलना-5
13. पशु, जन्तु-4
14. मजार, मकबरा-2
15. कामदेव-3
16. बारिश, बरसात-3
17. धनवान, संपन्न-3

### शब्द पहेली -7697 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जा | न | प | ह | चा | न | ■ | बा | त |
| न | ■ | ल | ■ | ल | ल | क | ■ | न |
| की | ल | ■ | बा | बा | ■ | क्ष | त्रि | य |
| ना | ■ | श | ■ | ज | ■ | ■ | का | ■ |
| थ | का | व | ट | ■ | म | म | ल | न |
| ■ | ज | ■ | ■ | स | ■ | त्य | ■ | क |
| फ | ल | क | ■ | ह | द | ■ | ऐ | ब |
| रे | ■ | म | स | ला | ■ | गो | ■ | ज |
| ब | ल | ■ | ब | ना | व | टी | प | न |

# आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में मंदी देखने को मिल सकती है। कोई ऐसी योजना बनाएंगे, जिससे भविष्य में अच्छा मुनाफा कमाने की संभावना रहेगी।

**वृष राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा रहेगा, लेकिन कार्यभार की अधिकता रहने से मन अशांत हो सकता है। अन्यथा बेवजह विवाद में फंस सकते हैं।

**मिथुन राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। धन प्राप्ति के नए मार्ग खुलेंगे। मेहनत करने वालों को सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार अच्छा रहेगा।

**कर्क राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की मिलने के योग रहेंगे। बच्चों के करियर के लिए परिवार में बुजुर्गों से परामर्श लेंगे।

**सिंह राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्य विस्तार के लिए नई योजना शुरू कर सकते हैं। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कन्या राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कोराबार में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। मन में उत्साह रहेगा और आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे।

**तुला राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा रहेगा। आकस्मिक धनप्राप्ति के योग रहेंगे, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा रहेगा। आर्थिक मामलों में ध्यान देंगे और सभी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यक्तिगत कार्यों में सफल होंगे और कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। बेरोजगारों को नौकरी के अवसर मिलेंगे।

**मकर राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार विस्तार की नई योजनाएं बनेंगी और उनमें सफलता भी मिलेगी। कोई नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है। ऑफिस और बिजनेस का ज्यादातर काम निपट जाएगा।

**कुंभ राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधे में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्च की अधिकता रहेगी, जिससे तनाव बढ़ सकता है।

**मीन राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्य में विस्तार की योजना बनाएंगे। सामूहिक रूप से काम करने से सफलता मिलेगी।




## NEWS इन ब्रीफ

### असम में दस करोड़ की हेरोइन जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार



**करीमगंज/असम।** करीमगंज के नए पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने फिर से नशा (ड्रग्स) तस्करों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी दास के नेतृत्व में सिविल ड्रेस में पुलिस की विशेष टीम ने शुक्रवार को तड़के असम-मिजोरम सीमावर्ती इलाके में छापा मारा और 10 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद करने के साथ ही तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान तस्करों ने स्वीकार किया कि वे मिजोरम के चाम्पाई से ड्रग्स एकत्र कर करीमगंज जिला के आसिमगंज ला रहे थे।

### स्कूली छात्राओं से यौन उत्पीड़न मामले में पांच गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने हासन में एक आवासीय परिसर में स्कूली छात्राओं के यौन उत्पीड़न के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना हासन जिले के बेलुरु तालुक के हलेबीडु पुलिस थाने की सीमा के बालिका आवासीय विद्यालय में हुई थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने आवासीय सुविधा में पढ़ने वाली आठ नाबालिग लड़कियों का यौन उत्पीड़न किया है। पुलिस ने इस मामले में प्रधानाध्यापक, दो शिक्षकों और एक सुरक्षा गार्ड समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

### अपने बच्चे की हत्या के आरोप में शख्स गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के सोनितपुर जिले में शुक्रवार को एक व्यक्ति को अपने एक साल के बच्चे की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आरोपी व्यक्ति की पत्नी द्वारा दर्ज शिकायत के बाद गिरफ्तारी की गई। बताया जा रहा है कि आरोपी की पहचान गोहपुर के सचिन बोरदोलोई के रूप में हुई है। आरोपी गुरुवार को बच्ची को लेकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। बाद में बच्चे का शव धान के खेत में मिला। बोरदोलोई के अपराध में शामिल होने पर संदेह पैदा हुआ, क्योंकि वह घटना के बाद से लापता था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहाः अपराध को अंजाम देने के बाद आरोपी सीमेंटछापरी के लिए रवाना हुआ और शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे घर लौटा।

### पीएम मोदी का अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष से द्विपक्षीय वार्ता

# मंदिरों पर हमले का मुद्दा उठाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से द्विपक्षीय वार्ता के दौरान हिन्दू मंदिरों पर हो रहे हमलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने संयुक्त प्रेस वक्तव्य के दौरान कहा कि भारत के लोगों की भावनाओं और चिंताओं से उन्हें अवगत कराया है। यह आश्वासन दिया गया है कि भारतीयों की सुरक्षा को ऑस्ट्रेलिया विशेष प्राथमिकता देता है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री चार दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं। शुक्रवार को उनका राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद दोनों नेताओं ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय व प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की।

वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य के दौरान प्रधानमंत्री ने हिन्दू मंदिरों पर हमले के मुद्दे पर हुई चर्चा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह खेद का विषय है कि पिछले कुछ हफ्तों से ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमलों की खबरें नियमित रूप से आ रही हैं। आगे मोदी ने कहा कि स्वाभाविक है कि ऐसे समाचार भारत में सभी लोगों को चिंतित करते हैं, हमारे मन को व्यथित करते हैं। हमारी इन भावनाओं और चिंताओं को मैंने प्रधानमंत्री एल्बनीसि के समक्ष रखा और उन्होंने मुझे आश्वस्त किया है कि भारतीय समुदाय की सुरक्षा उनके लिए विशेष प्राथमिकता है।



**मोदी बोले : यह खेद का विषय है कि पिछले कुछ हफ्तों से ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमलों की खबरें नियमित रूप से आ रही**

**स्वाभाविक है कि ऐसे समाचार भारत में सभी लोगों को चिंतित करते हैं और हमारे मन को व्यथित करते हैं**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और आस्ट्रेलिया की साझेदारी विश्व चुनौतियों और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। सुरक्षा सहयोग हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। आज हमारे बीच इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में मैरीटाइम सिक्योरिटी और आपसी रक्षा व सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। सुरक्षा एजेंसियों के बीच भी नियमित और उपयोगी सूचनाओं का आदान-प्रदान होता है। हमने इसे अधिक सुदृढ़ करने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पिछले साल लागू हुए व्यापार समझौते- ईसीटीए से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के बेहतर अवसर खुले हैं। हमारी टीमें व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते पर भी काम कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि मई में क्वाड देशों की बैठक में शामिल होने प्रधानमंत्री ऑस्ट्रेलिया जायेंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री सितंबर में एक बार फिर जी-20 देशों के सम्मेलन में भाग लेने भारत आयेंगे। दोनों नेताओं ने वक्तव्य के दौरान इसकी भी जानकारी दी।

## एजेंडा चला रहे विदेशी मीडिया संस्थानों से हमें लोकतंत्र समझने की जरूरत नहीं : अनुराग ठाकुर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अमेरिकी समाचार पत्र न्यूयार्क टाइम्स में छपे कश्मीर में पत्रकारिता की स्वतंत्रता विषय पर लेख की आलोचना करते हुए कहा कि हमें एजेंडा चलाने वाले मीडिया संस्थानों से लोकतंत्र का व्याकरण सीखने की जरूरत नहीं है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को एक वक्तव्य में कहा कि न्यूयार्क टाइम्स और उसके जैसे विदेशी मीडिया संस्थान गलत मंशा के साथ भारत के खिलाफ मनगढ़ंत प्रोपेगंडा चलाते हैं। इन संस्थानों में बैठे भारत के प्रति द्वेष पाले कुछ लोग सिलसिलेवार ढंग से भारतीय लोकतंत्र और बहुलतावादी समाज के बारे में झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने कहाः कुछ विदेशी मीडिया भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ द्वेष पाले बैठे हैं।

## भ्रष्टाचार में लिप्त है पूरी आप : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है। यह पार्टी सिर्फ नाम की ईमानदार पार्टी रह गई है। कांग्रेस प्रवक्ता अलका लांबा ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि आप भ्रष्टाचार के विरोध में उपजी पार्टी है, लेकिन पंजाब से लेकर दिल्ली तक आप के कई नेता भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए हैं। अलका ने कहा कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, गीता रावत, संदीप रावत सहित दिल्ली और पंजाब के कई नेता भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खुद को कट्टर ईमानदार कहते हैं। आगे अलका ने कहा कि गिरफ्तार हुए मनीष सिसोदिया ही अरविंद केजरीवाल के राजदार हैं, जो ज्यादा वक्त तक चुप नहीं रह पाएंगे। जिस दिन उनकी चुप्पी टूटेगी, वह अरविंद केजरीवाल की कुर्सी तक पहुंचेगी, क्योंकि शराब नीति से जुड़े फैसले मुख्यमंत्री की जानकारी में हो रहे थे।

# वनवेब के 40 उपग्रहों को किया प्रक्षेपित

**एजेंसी। चेन्नई**

ब्रिटेन स्थित उपग्रह संचार कंपनी नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लिमिटेड (वनवेब) ने शुक्रवार को कहा कि उसके 40 उपग्रहों को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से स्पेसएक्स द्वारा लॉन्च किया गया। वनवेब भारत की दूरसंचार प्रमुख भारती समूह द्वारा समर्थित है। वनवेब के मुताबिक, 40 उपग्रहों को ले जाने वाले रॉकेट ने गुरुवार को उड़ान भरी। उपग्रह रॉकेट से सफलतापूर्वक अलग हो गए और 40 मिनट की अवधि में तीन अलग-अलग समूहों का उपयोग करके दूर हो गए।

अंतिम अलगाव लॉन्च के एक घंटे और 35 मिनट बाद हुआ। वनवेब ने कहा कि सभी 40 उपग्रहों ने सिग्नल देना शुरू कर दिया है। यह लॉन्चिंग वनवेब का अब तक का 17वां और आखिरी मिशन है। कक्षा में अब 582 उपग्रहों के साथ, वनवेब इस महीने के अंत में इसरो, एनएसआईएल के साथ एक रिकॉर्ड स्थापित करेगा। वन वेब के सीईओ नील मास्टर्सन ने कहाः आज का लॉन्च एक रोमांचक मील का पत्थर है, क्योंकि अब हम अपने जनरल 1 समूह को पूरा करने से केवल एक मिशन दूर हैं, जो 2023 में वैश्विक सेवा को सक्रिय करेगा। इसे बड़े पैमाने पर कनेक्टिविटी का समाधान किया जा सकेगा। आज की सफलता पूरी टीम के समर्पण का परिणाम है। गौरतलब है कि इस महीने के अंत में, एक भारतीय रॉकेट एलवीएम 3, 36 वनवेब उपग्रहों को ले जाएगा। इससे वनवेब के लो अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट्स की संख्या 618 हो जाएगी।




# कर्नाटक में एच3एन2 वेरिएंट से पहली मौत

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक के हसन में एच3एन2 वेरिएंट से 85 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य में इस वेरिएंट से यह पहली मौत दर्ज की गई है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक, हसन के अलूर के रहनेवाले बुजुर्ग की मौत एक मार्च को हुई थी। स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डी. रणदीप ने शुक्रवार को एच3एन2 वेरिएंट से मौत की पुष्टि की। मृतक व्यक्ति में ठंड लगना, खांसी और गले में खराश जैसे लक्षण थे। मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें अलूर और आसपास के क्षेत्रों में चिकित्सा परीक्षण कर रही हैं। लक्षणों वाले लोगों से स्वाब के नमूने एकत्र किए जा रहे हैं और परीक्षण के लिए भेजे जा रहे हैं।

विभाग ने कई बीमारियों से ग्रस्त लोगों और 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की निगरानी के निर्देश दिए हैं। लोगों में जागरुकता पैदा की जा रही है कि लक्षण विकसित होने पर खुद से दवा न लें। सूत्रों ने कहा कि पूरे राज्य में एच3एन2 के 50 से अधिक मामले सामने आए हैं और अकेले हसन जिले में छह मामलों की पुष्टि हुई है। राज्य सरकार ने एक उच्च स्तरीय बैठक की है और इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. के. सुधाकर ने कहा कि 15 साल से कम उम्र के बच्चों को एच3एन2 वेरिएंट से ज्यादा खतरा होता है। यह 60 साल से ऊपर के लोगों को भी संक्रमित करता है। सुधाकर ने सलाह दी कि गर्भवती महिलाओं को भी सावधान रहना चाहिए।

## शाह ने 154 करोड़ के विकास कार्यों का ई-लोकार्पण किया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 154 करोड़ रुपए की लागत वाले अहमदाबाद नगर निगम और अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण के विभिन्न विकास कार्यों का ई-लोकार्पण किया। इनमें चांदखेड़ा, साबरमती, शेला, थलतेज और सरखेज में स्मार्ट स्कूलों सहित कई अन्य विकास कार्य शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक विकास कार्यों में चांदखेड़ा व नवाडज में 62 लाख रुपए की लागत से सीनियर सिटीजन पार्क, अहमदाबाद-वीरमगाम ब्रॉडगेज लाइन के पास 4.39 करोड़ रुपए की लागत से पैदल यात्री सब-वे, 40 लाख रूपए की लागत से 5 आंगनवाड़ी, 97 करोड़ रुपए की लागत से सरदार पटेल रिंग रोड के सनाथल जंक्शन पर बना ओवरब्रिज सहित अन्य कार्य भी शामिल हैं। इस दौरान अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि आज का दिन अनेक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती है जिन्होंने देश में स्वराज, स्वधर्म और स्वभाषा के आधार पर आत्मसम्मान की नई व्याख्या दी थी। शाह ने कहा कि उस समय शिवाजी महाराज ने मात्र 15 साल की आयु में मुगल शासकों के सामने एक दृढ़ संकल्प के साथ हिंदु साम्राज्य खड़ा किया था।

### रंग लगाने के बहाने जापानी महिला से छेड़छाड़

**नई दिल्ली।** होली के दिन का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे कथित तौर पर दिल्ली के पहाड़गंज इलाके का बताया जा रहा है। वीडियो में लड़को का ग्रुप 'होली है' चिल्लाते हुए जापानी महिला को रंग लगा रहे हैं। वहीं एक लड़के उसके सिर पर अंडा फोड़ते हुए भी देखा जा सकता है।

### बीएसएफ ने पाक ड्रोन को मार गिराया

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सतर्क जवानों ने एक बार फिर पाकिस्तानी तस्करों के नापाक मंसूबे को नाकाम किया। बीएसएफ ने पंजाब के गुरदासपुर सेक्टर में एक पाक ड्रोन को मार गिराया साथ ही ड्रोन से भेजे गए हथियार और गोलियां भी बरामद की हैं। बीएसएफ ने शुक्रवार को ये जानकारी दी है। बीएसएफ ने बताया कि शुक्रवार को तड़के सुबह सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने गुरदासपुर जिले के मेटला गांव के पास पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में एक ड्रोन के घुसने की आवाज सुनी। निर्धारित अभ्यास के अनुसार जवानों ने फायरिंग कर ड्रोन को रोकने का प्रयास किया।

## FILMY हलचल

### सुनील शेट्टी 'हंटर- टूटेगा नहीं तोड़ेगा' में पुलिस वाले की भूमिका निभाएंगे



**बॉलीवुड** अभिनेता सुनील शेट्टी आगामी वेब सीरीज 'हंटर- टूटेगा नहीं तोड़ेगा' में पुलिस एसीपी विक्रम सिन्हा की भूमिका निभाते नजर आएंगे, जिसमें ईशा देओल, राहुल देव, बरखा बिष्ट, मिहिर आहूजा, टीना सिंह, चाहत तेजवानी, करणवीर शर्मा, सिद्धार्थ खेर, गार्गी सावंत और पवन चोपड़ा भी हैं। एक्शन के लिए ही वह वेब सीरीज में भूमिका के प्रति आकर्षित हुए और इसके लिए 'हां' कहा। अपनी एक्शन भूमिकाओं के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता ने अपनी आने वाली वेब सीरीज और उसमें किस तरह का किरदार निभाने जा रहे हैं, के बारे में बात करते हुए कहा : एक शैली के रूप में एक्शन एक ऐसी चीज है जिसके लिए मैं हमेशा से जुनूनी रहा हूं और 'हंटर टूटेगा नहीं, तोड़ेगा' मुझे उस जुनून को फिर से जीने में मदद कर रहा है।

### रेड कार्पेट पर हम पूरे देश को अपने दिल में लेकर चलेंगे : एनटीआर जूनियर



**एकेडमी** अवॉर्ड्स के लिए एनटीआर जूनियर ऑस्कर में हिस्सा लेने के लिए लॉस एंजेलिस में हैं, जहां एक्शन ड्रामा फिल्म 'आरआरआर' के 'नाटू नाटू' को गोल्डन ग्लोब्स के शानदार जीत के बाद 'बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग' कैटेगिरी में नॉमिनेट किया गया है। एक्टर के फैंस ऑस्कर में रेड कार्पेट पर अपने हीरो को देखने के लिए उत्साहित हैं। लॉस एंजेलिस के एक न्यूज चैनल केटीएलए के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में ग्लोबल आइकन ने बताया कि वह अकेले नहीं बल्कि पूरा देश उनके साथ रेड कार्पेट पर चलेगा। एनटीआर ज्यूनियर ने कहाः मुझे नहीं लगता कि यह एनटीआर जूनियर या कोमाराम भीम होंगे जो रेड कार्पेट पर चलने वाले हैं। यह भारत के सभी लोग होंगे, जो रेड कार्पेट पर चलेंगे। हम रेड कार्पेट पर चलते हुए पूरे देश को अपने दिल में लेकर चलेंगे, मैं इसके लिए उत्सुक हूं। इंटरव्यू में एक्टर ने बताया कि वह म्यूजिक कंपोजर एमएम केरावनी और सिंगर राहुल सिप्लिगुंज और काल भैरव को ऑस्कर स्टेज पर परफॉर्म करते देखने के लिए उत्सुक हैं। आरआरआर की सफलता के बाद भारत में वापस, एनटीआर जूनियर जल्द ही अपने अगले एनटीआर 30 पर निर्देशक कोराताला शिव और जान्हवी कपूर के साथ काम करना शुरू करेंगे, जो 5 अप्रैल 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।

### बादशाह कल दुबई में करेंगे परफॉर्म



**जुगनू,** कर गई चुल, डीजे वाले बाबू और कई अन्य चार्टबस्टर गानों के लिए पहचाने जाने वाले रैपर बादशाह दुबई में मंच पर लाइव परफॉर्म के लिए तैयार हैं। बादशाह 12 मार्च को डे टू नाइट पार्टी के लिए दीप मनी के साथ परफॉर्म करेंगे। वह दुबई में जीरो ग्रेविटी बीच क्लब में काला चश्मा, लेट्स नाचो, अख लड़ जावे, डीजे वाले बाबू, गर्मी जैसे गाने परफॉर्म करेंगे। बादशाह ने उसी के बारे में बात करते हुए कहा कि मैंने अपने यूएई (दुबई) दर्शकों के लिए पहले भी परफॉर्म किया है और वे हमेशा मेरे लिए जेनरस रहे हैं। उनके लिए परफॉर्म करने के लिए मुझे जिस तरह का आनंद मिलती है, वह बिल्कुल बेमिसाल है। बादशाह ने आगे कहाः मैं वास्तव में परफॉर्म करने और अपने प्रदर्शन के माध्यम से अपने दर्शकों के जीवन में रंग लाने और उन्हें इस होली के सीजन में एक तरह का अनुभव देने के लिए उत्सुक हूं।

### फैंटेसी ड्रामा 'बालवीर 3' में नजर आएंगी अदिति सनवाल



**एक्ट्रेस** अदिति सनवाल 'बालवीर' के नए सीजन में देव जोशी के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। फंतासी ड्रामा के रूप में 'बालवीर' अपने तीसरे सीजन के साथ जल्द ऑनएयर होने वाला है। देव मुख्य किरदार निभाते नजर आएंगे और अदिति काशवी एक ऐसी लड़की की भूमिका निभाएंगी, जो अपने माता-पिता से बहुत प्यार करती है। उसके माता-पिता एक दूसरे से दूर रहते हैं। शो में शामिल होने के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि वह थोड़ी नर्वस और उत्साहित भी हैः 'बालवीर' टीवी पर सबसे पसंदीदा सुपरहीरो फ्रेंचाइजी में से एक है और शो के लिए फैनडम अविश्वसनीय है।

## कर्नाटक चुनाव : भाजपा ने बनाई दो चुनाव समिति

# बोम्मई को चुनाव अभियान समिति की कमान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मई में होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य की चुनाव प्रचार समिति और चुनाव प्रबंधक समिति का गठन किया है। चुनाव प्रचार समिति की कमान मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और चुनाव प्रबंधक समिति की कमान शोभा करंदलाजे को सौंपी गई है। कर्नाटक में लिंगायत और वोक्कालिगा दो बड़े समुदाय हैं। दोनों राज्य की राजनीति को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं। इसी को देखते हुए लिंगायत समाज से आने वाले बोम्मई और वोक्कालिगा से आने वाली शोभा करंदलाजे को समितियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई। चुनाव प्रचार समिति में पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा सहित तीन केंद्रीय मंत्री मिलाकर कुल 25 सदस्य हैं। वहीं, चुनाव प्रबंधक समिति में दो केंद्रीय मंत्रियों सहित 14 सदस्य हैं। उल्लेखनीय है कि 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए मई में चुनाव होने हैं।

कर्नाटक के तीनों पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा, सदानंद गौड़ा एवं जगदीश शेट्टार के अलावा कर्नाटक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटील, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि, केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी, शोभा करंदलाजे, ए नारायणस्वामी और बीएस येदियुरप्पा के बेटे बीवाई विजयेंद्र सहित कई सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों और राज्य सरकार के मंत्रियों को इस समिति में सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। वहीं, पार्टी आलाकमान ने अलग से 14 नेताओं की एक चुनाव प्रबंधक समिति का भी गठन किया है जिसका संयोजक केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे को बनाया गया है। इस समिति में केंद्रीय मंत्री भगवंत खुबा के साथ-साथ राज्य भाजपा संगठन के कई पदाधिकारियों और बोम्मई सरकार के मंत्री को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है।

# टॉपर्स को सरकार देगी प्रोत्साहन राशि



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित और सम्मानित करेगी। ये बच्चे किसी भी बोर्ड के हो सकते हैं। उन्हें इसी महीने से प्रोत्साहन राशि, लैपटॉप और मोबाइल दिया जाएगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग इसकी तैयारियों में जुट गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से सहमति मिलते ही सम्मान समारोह के तारीखों की घोषणा कर दी जाएगी। लेकिन टॉपर्स को इसी महीने से सम्मानित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार झारखंड एकेडमिक काउंसिल, सीबीएसई और आईसीएसइ बोर्ड से मैट्रिक और इंटर के टॉपर को सम्मानित किया जाएगा। इसकी एक सूची तैयार की गयी है। इस सूची के मुताबिक 68 विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि, लैपटॉप और मोबाइल दिया जाएगा। विभिन्न बोर्ड के टॉप थ्री होंगे सम्मानित झारखंड एकेडमिक काउंसिल, सीबीएसई और आईसीएसई के तीन टॉपर्स को सरकार सम्मानित करेगी। इन्हें नगद राशि के साथ-साथ 60 हजार का लैपटॉप और 20 हजार का स्मार्ट फोन भी दिया जाएगा। स्टेट टॉपर को तीन लाख रुपए, सेकेंड टॉपर को दो लाख रुपए और थर्ड टॉपर को एक लाख रुपए मिलेंगे। टॉपर्स को नगद राशि देने की योजना राज्य सरकार ने 2020 से शुरू की थी राज्य सरकार ने टॉपर्स को नगद राशि देने की योजना 2020 से शुरू की थी। 2020 में हुई 10वीं-12वीं की परीक्षा के टॉपर्स को नगद राशि दी गई थी, लेकिन 2021 के टॉपर्स को यह सम्मान नहीं मिल सका। अब सरकार 2022 के टॉपर्स को सम्मानित करने जा रही है।

**इन्हें सरकार करेगी सम्मानित**

जैक 10वीं के टॉपर्स स्टेट टॉपर्स : अभिजीत शर्मा, तनू कुमारी, तानिया शाह, रिया कुमारी, निशा वर्मा, निशू कुमारी।

सेकेंट टॉपर : राहुल रंजन तिवारी, श्वेता कुमारी गुप्ता।

थर्ड टॉपर : शिवम कुमार, रिना कुमारी, खुशी कुमारी, विशाल कुमार शर्मा, अभिजीत कुमार, मनीषा कुमारी।

जैक 12वीं के टॉपर्स आट्र्स : मानसी शाह (पहला), रोहित कच्छप (दूसरा), अंचल (तीसरा) ।

साइंस : प्रिया कुमारी (पहला), प्रिया कुमारी (दूसरा), जूही परवीन (तीसरा) ।

कॉमर्स : निक्की कुमारी (पहला), श्रेया पांडेय (दूसरा), नूसरत जहां, संजना प्रमाणिक, प्रगति सुसांग (तीसरा स्थान)।

आईसीएसई 10वीं के टॉपर्स स्टेट टॉपर : वेद राज, सुलगना बास्के।

सेकेंड टॉपर : मानव दालमिया, सुरभी थर्ड टॉपर : ऋष्टि सिंह, इसिका गुप्ता, श्रेयोसी नंदी।

आईसीएसई 12वीं के टॉपर्स आट्र्स : आस्था सिंह (पहला), अपाला (दूसरा), तुलिका सिंह।

(तीसरा) साइंस : स्वास्तिक भद्र और हिमानी दास (पहला), स्तुति दास (दूसरा), हर्ष ननरा, सुदिती मंडल, अर्नब शाह, अक्षत राज दुबे (तीसरा)।

कॉमर्स : दिव्यांशु मिश्रा, वंशिका (पहला), खुशी मुंद्रा और अरको मुखोपाध्याय (दूसरा), पूजा केजरीवाल और वैष्णवी अग्रवाल (तीसरा)।

सीबीएसई 10वीं के टॉपर्स स्टेट टॉपर : अथर्व सिंह।

सेकेंड टॉपर : शाहीन परवीन, श्रेया सुमन, दिव्यांशु गौरव, देवनाश व्रत, आदित्य कुमार शर्मा।

थर्ड टॉपर : प्रभात नायक, ऋष्टि आनंद, दीक्षा शर्मा।

सीबीएसई 12वीं के टॉपर्स आट्र्स : शकीब अर्सलान (पहला), हर्ष प्रियम (दूसरा), आध्या गुप्ता (तीसरा) ।साइंस : कशिश अग्रवाल (पहला), आयूष राज, तनिशा अग्रवाल, अक्षय दत्ता (दूसरा), रितिशा रंजन (तीसरा)। कॉमर्स : स्मृति गोयल (पहला), रीत कशेरा (दूसरा), नेहा भगत (तीसरा)।

## हाई कोर्ट से तत्कालीन निजी सचिव को नहीं मिली राहत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने शुक्रवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसे पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के तत्कालीन निजी सचिव उमाशंकर मालवीय की क्रिमिनल रिवीजन को खारिज कर दिया है। ईडी की विशेष अदालत द्वारा 26 मार्च 2018 को उमाशंकर मालवीय की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दिए जाने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी। उल्लेखनीय है कि उमाशंकर मालवीय पर पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के द्वारा अर्जित की गई करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति को मनी लॉन्ड्रिंग करने में सहयोग करने का आरोप है। विजिलेंस थाने में तत्कालीन विधायक भानु प्रताप शाही की आय से अधिक संपत्ति को लेकर दर्ज कांड संख्या 9/2009 के आधार पर सीबीआई ने एक प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई ने तत्कालीन विधायक भानु प्रताप शाही के खिलाफ 13 मार्च 2005 से 24 जुलाई 2009 की अवधि को चेक पीरियड मानते हुए उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कराया था।

# मासूम के हत्यारे का साथ न दें अधवक्त्ता : रूना मिश्रा





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आठ वर्षीय मासूम शौर्य की सोची समझी साजिश के तहत निर्मम हत्या हुई है, इस बात की जानकारी सभी को है। मासूम की जिंदगी अभी शुरू नहीं हुई थी और उसे अपने स्वार्थ के कारण खत्म कर दिया गया। आरोपी संजीव कुमार पंडा ने इस जुर्म को कबूल भी कर लिया है। इस भयानक जुर्म को लेकर रूना मिश्रा का कहना है कि कोई भी अधिवक्ता इस मुजरिम का साथ न दें। इसलिए कि अगर उन्हें बढ़ावा मिलेगा तो उसे और शह मिलने की संभावना बढ़ती जायेगी। कोई अधिवक्ता इसका केस न लें और न ही पैरवी करें। ताकि उसे अपने किये की सजा मिलनी चाहिए। ताकि आगे इस तरह का जुर्म करने के लिए उसे दस बार सोचना पड़े। अगर अपराधियों को किसी का साथ नहीं मिले तो उसे आगे बढ़ने की हिम्मत कभी भी नहीं मिलेगी। बड़े से बड़े अपराधियों का साथ सफेदपोशों का मिलता रहता है जिससे दुनिया में अपराध बढ़ता जाता है और लोग अपनी निजी जिंदगी में खौफ के माहौल में जीने को विवश हो जाते हैं। अगर इनपर नकेल पूरी तरह से कस दी जाये तो उन्हें फलने और फूलने का मौका कभी भी नहीं मिलेगा।

# महिलाओं के विकास से ही समाज का विकास संभव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महिलाओं के विकास से ही समाज का विकास संभव है। महिलाएं किसी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है। महिलाओं के उन्नति के बिना उन्नत समाज का सपना कभी साकार नहीं किया जा सकता है। 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को हम विशेष रूप में याद करते हैं क्योंकि यह दिन महिलाओं के लिए खास है। बेहतर के लिए हमें लगातार प्रयास करते रहना जरूरी है। उक्त बातें मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2023 के अवसर पर बेड़ो प्रखंड भवन, रांची में ग्रामीण विकास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान कहीं। श्रीमती तिर्की ने कहा कि कि सरकार की चलायी जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए महिलाओं को जागरूक करने की आवश्यकता है। सरकार ने महिलाओं की बेहतरी के लिए कई प्रयास किये हैं। उन्हें कई जगहों पर आरक्षण प्राप्त है। कानूनी रूप से कई अधिकार महिलाओं को दिये गये हैं। आवश्यकता है तो उन्हें अपने अधिकारों का लाभ उठाने की। श्रीमती तिर्की ने मनरेगा के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि मनरेगा द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से महिलाओं को रोजगार और स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। महिलाएं दीदी बाड़ी जैसी योजनाओं में कार्य कर दीदी बगिया योजना से लाभान्वित होकर या फिर गाय निर्माण योजना का लाभ उठाकर अपने परिवार का सहारा बन रही हैं। इससे उनमें एक नया आत्मविश्वास उभर रहा है, उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि महिलायें पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को संवार रही हैं। ग्राम स्तर पर ऐसी हजारों महिलाओं ने आज अपने भविष्य को संवारने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है, यह महिला सशक्तिकरण का एक अनुपम उदाहरण है। मनरेगा आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी बी ने कहा कि खुद को बदले बिना लक्ष्य की प्राप्ति किसी भी कीमत पर हासिल नहीं की जा सकती है। अपने आप को बदलने से ही बदलाव संभव है। मनरेगा ग्रामीणों का जीवन बदल रहा है। मनरेगा के तहत आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह सम्मान समारोह में महिला मेट एवं लाभर्थियों को सम्मानित किया गया, यह विभाग के लिए अत्यंत हर्ष की बात है। सरकार की सोच है कि महिलाओं की आजीविका के साधन को बढाया जाये। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में 50 लाख से अधिक परिवारों को जॉब कार्ड दिया गया है, उसमें से 21 लाख से अधिक महिलायें निबंधित हैं, यह खुशी की बात है। महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी दीदी बाड़ी योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना से जुड़ कर महिलायें स्वावलंबी बन रही हैं।

## राजभवन घेराव की तैयारी को लेकर कांग्रेस की हुई बैठक

**रांची।** भाजपा की मोदी सरकार की घोर पूंजीवाद नीति के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन के तहत 13 मार्च को राजभवन घेराव की तैयारी को लेकर आज कार्यकारी अध्यक्षों एवं जिलाध्यक्षों की वर्चुअल बैठक हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भ्रष्ट यार-बचाए सरकार आज पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति से त्रस्त है। उन्होंने कहा की गहरे आर्थिक संकट के समय में भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है और एसबीआई और एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयें की करोड़ो की बचत जोखिम में है। बैठक में उन्होनें सभी जिलाध्यक्षों से संबद्ध जिलों से बड़े तादाद में उपस्थिति हो यह सुनिश्चित करना चाहिए।

# झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं, तराशने की जरूरत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खेलो इंडिया 10 का दम महिला हॉकी टूर्नामेंट में आवासीय हॉकी सेंटर सिमडेगा, आवासीय हॉकी सेंटर बरियातू रांची, आर सी मध्य विद्यालय करगागुड़ी और हॉकी क्लब कोरोमिया की टीम विजयी हुई। मुख्य अतिथि सिमडेगा के विधायक भूषण बाड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो तो बेहिचक मुझे फोन करें आपकी हर समस्याओं के लिए आपका विधायक 24 घंटा तैयार है। झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, सिर्फ उन्हें निखारने की जरूरत है। भारतीय खेल प्राधिकरण एवं हॉकी इंडिया के दिशा निर्देशानुसार शुक्रवार को एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में हॉकी झारखंड के द्वारा हॉकी सिमडेगा के सहयोग से महिला खिलाड़ियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से खेलो इंडिया 10 का दम महिला हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें सब जूनियर स्तर की 4 टीम और जूनियर स्तर की चार महिला टीम ने भाग लिया। जूनियर और सब जूनियर दोनों वर्गों में 2-2 मैच खेले गए जूनियर वर्ग में आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र बरियातू रांची ने एसएस बालिका उच्च विद्यालय सिमडेगा को पराजित की वहीं आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र सिमडेगा ने आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र लचरागढ़ को पराजित की । उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा जबसे हमारी सरकार आई है तब से हम लोग खेल को बढ़ावा देने के लिए कई कार्य कर रहे हैं पूर्ववर्ती खिलाड़ियों के लिए पेंशन योजना। प्रशिक्षकों के प्रोत्साहन के लिए प्रोत्साहन राशि खिलाड़ियों के ट्रेनिंग के लिए प्रत्येक पंचायतों में मैदान निर्माण सहित कई कार्य कर रहे हैं। आप खिलाड़ी अपना मेहनत करते जाएं किसी भी तरह की समस्या हो आर्थिक या प्रशासनिक स्तर से या किसी भी तरह का मुझे तुरंत फोन करें 24 घंटे आपका विधायक आपकी सेवा के लिए तैयार है। मैं भी पूर्व खिलाड़ी रह चुका हूं इसलिए खिलाड़ियों की समस्याओं को जानता हूं और मेरा प्रयास है कि पूरी भारतीय टीम हमारे सिमडेगा जैसे ग्रामीण इलाके से निकले।

# पेंशन योजना का शत-प्रतिशत किया जायेगा सर्वेक्षण : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिले में योग्य व्यक्तियों को सर्वजन पेंशन योजना का शत प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति करने के लिए सभी प्रखंड-अंचल क्षेत्र में सर्वेक्षण किया जायेगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को जिला के सुयोग्य लाभुकों को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ देने के लिए सभी बीएलओ पयर्वेक्षक एवं सभी बूथ लेवल पदाधिकारियों को अपने बूथ( मतदान केन्द्र)के तहत सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया है। बीएलओ पयर्वेक्षक एवं सभी बूथ लेवल पदाधिकारियों को सर्वजन पेंशन योजना का आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। सर्वेक्षण के माध्यम से छूटे हुए आवेदकों एवं सुयोग्य व्यक्तियों को सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित किया जाना है। उपायुक्त ने जिला के संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी (शहरी क्षेत्र), बीएलओ को पर्याप्त मात्रा में प्रपत्र उपलब्ध कराने को कहा है। साथ ही बीएलओ और पर्यवेक्षक से सभी मतदान केन्द्रों का प्रपत्र में प्राप्त प्रतिवेदन का संकलन कर जिला सामाजिक सुरक्षा, कोषांग को प्रतिदिन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

## दिव्यांगों को नहीं मिल रहा सर्वजन पेंशन योजना का लाभ

**रांची।** जिले के 11 हजार दिव्यांग लोगों को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। डीसी राहुल कुमार सिन्हा के आदेश के बाद अब जिला प्रशासन सभी दिव्यांग व्यक्ति जो सर्वजन पेंशन योजना की अहर्ता रखते हों, उनके लिये शिविर लगायेगा। रांची जिला के (बुढ़मू प्रखंड को छोड़कर) सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी के अनुशंसा के अलोक में छूटे हुए दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिये एक दिवसीय मेडिकल कैंप संबंधित प्रखंड/अंचल में आयोजित किया जायेगा ताकि शत-प्रतिशत दिव्यांग व्यक्तियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सके।

# धूमधाम से मना महिला दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। कांके**

मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र सुकुरहुट्ठ दक्षिणी पंचायत में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस स्तन और सर्वाइकल कैंसर जागरूकता सत्र का आयोजन यूनाइटेड वे मुंबई के तत्वधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंकुर शिक्षिका मीना देवी एवं संचालन पुष्पा कुमारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेश संगठन महामंत्री सह झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय महामंत्री हरिनाथ साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र को अपग्रेड करते हुए, व्यापक रूप से ग्रामीण क्षेत्र में अंकुर शिक्षकों के द्वारा घर-घर जाकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से गरीब बच्चों जिसका ठीक प्रकार से घर में देखभाल माता-पिता नहीं कर पाते हैं साथ ही पौष्टिक आहार के अभाव में बच्चे कुपोषण का भी शिकार हो जाते हैं वैसे परिवार के बच्चों को बुनियादी शिक्षा के साथ-साथ पौष्टिक आहार देकर नए भारत की बुनियाद को मजबूत करने की दिशा में सराहनीय पहल है। साथ ही महिला सशक्तिकरण के दिशा में संचालित कई योजनाओं के द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं असहाय गरीब व दिव्यांगों को भी आंगनवाड़ी सेविकाओं के साथ मिलकर अंकुर शिक्षक बहनों के द्वारा ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने में अपना अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुख्य रूप में उपस्थित यूनाइटेड वे मुंबई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर राहुल सिंह के द्वारा उपस्थित महिलाओं को स्तन और सर्वाइकल कैंसर के साथ-साथ विशेषकर महिलाओं से संबंधित कई गंभीर बीमारियों की जानकारी एवं बचाव के तरीकों का विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के मुख्य कोर्डिनेटर रंजय कुमार, जिला परिषद सदस्य सुषमा देवी सुकुरहुटू दक्षिणी पंचायत के मुखिया अनीता मुंडा, पूर्व मुखिया रीना देवी, पुजा कुमारी, सुशीला देवी आंगनबाड़ी संचालिका ललिता देवी, रजनी देवी, सहायिका दर्शना देवी मंजू देवी सेविका विश्वास, कंचन रानी व सम्मानित समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए।


**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र**

**शुद्धि पत्र सं. डब्लयु 584/ ई–टेंडरिंग/202–DHN–22–23 धनबाद, दिनांक 06.03.2023**

यह पुनः सूचित किया जाता है कि **ई–निविदा सं. 202–DHN–2022–23 दिनांक 13.02.2023** को प्रशासनिक कारणों से **निरस्त** की जाती है।

**मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण), पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/2293/डीएचएन/ईएनजीजी/सी/22–23/16



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. ई. निविदा सं.: पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–80–22–23, कार्य का नाम :** Dy.CE/Con/II/HZME के अधिकार क्षेत्र के तहत गोमोह फ्लाई ओवर के निर्माण के संबंध में गोमोह में सतह क्रॉसिंग से बचने और ROR द्वारा मतारी– तेलो को जोड़ने हेतु ट्रैफिक ब्लॉक के तहत आरओआर 1 (3 नग ट्रैक के लिए 1X61 मीटर ओपन वेब गर्डर) और आरओआर 2 (2 नग ट्रैक के लिए 1X61 मीटर ओपन वेब गर्डर) के फैब्रिकेशन असेम्बलिंग और लॉन्चिंग का कार्य।, अंकलित मूल्य (रु.) : 34,22, 67,446.07, **निविदा प्रपत्र का लागत (रु.)** : 0.00, **अग्रधन राशि (रु.)** : 18,61,300.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 09 (नौ) माह, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 28.03.2023 at 15.30 बजे अपराह्न।

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक / कुरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा । उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्यः** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर / 02289 / कॉनएस / ईंजी. / टी / 22–23 / 48


## पृष्ठ एक के शेष

**पलामू में कार्डधारकों व डीलरों की....**

लुम्बा सतबहिनी के कार्ड धारक प्रभावती देवी पति मधुसुदन शर्मा है। इनकी दो बेटियों की शादी क्रमशः वर्ष 2013 और 2018 में हो चुकी है। वह अपनी ससुराल में रहती हैं। वावजूद कार्डधारक और डीलर की मिलीभगत से अवैध रूप से खाद्यान्न का उठाव पिछले कई वर्षों से अभीतक किया जा रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से किया है। वहीं उंटारी रोड प्रखंड के ही करकटा पँचायत की है। जहां के गंगाजली कुंवर , लखेश्वरी कुंवर, मूंगिया कुंवर, भोगिया कुंवर, उदय चौधरी, गौरी देवी, अमृता देवी, रेशमी देवी की मृत्यु के बाद भी खाद्यान्न का उठाव अवैध रूप से कई वर्षों तक उठाव किया गया । किंतु पूर्व मुखिया उपेंद्र कुशवाहा ने जब इसका खुलासा किया तब जागृति एसएचजी के द्वारा उक्त मृत लाभुकों का नाम नाम कार्ड से हटाने के लिए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को लिखा गया। शिकायतकर्ता उपेंद्र कुशवाहा को मामले की खुलासा करने पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने उल्टे उनका राशन ही रद्द करवा दिया। ऐसे में कार्डधारकों द्वारा डीलर की मिलीभगत से अवैध खाद्यान्न उठाव किये गए खाद्यान्न की कीमत वसूल किये जाने की कार्रवाई की जानी चाहिए किंतु आपूर्ति विभाग ने सिर्फ मृतकों का नाम हटाकर ठंढे बस्ते में डाल दिया।

**बिहार के उपमुख्यमंत्री, लामू की तीनों...**

की एक टीम ने सोमवार को उनके आवास पर बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनसे पूछताछ की थी। जांच एजेंसी ने नौकरी के बदले जमीन मामले में पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। इस मामले में विशेष अदालत ने लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों सहित अन्य सभी आरोपितों को 15 मार्च को तलब किया है।

**वायु सेना के लिए खरीदे जाएंगे...**

में खरीदा जाना है। इसके अलावा रक्षा मंत्रालय ने 3,100 करोड़ रुपए में 3 कैडेट प्रशिक्षण समुद्री जहाजों की खरीद के लिए लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड (एलएंडटी) के साथ अनुबंध किया है। मंगलवार 7 मार्च को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में यह निर्णय लिए गए थे। एचटीटी-40 एक टूबो प्रॉप विमान है, जिसमें अच्छी कम गति के हैंडलिंग गुण हैं और यह विमान बेहतर प्रशिक्षण प्रभाव प्रदान करता है। इसमें पूरी तरह से एयरोबेटिक सीट टूबो ट्रेनर में वातानुकूलित कॉकपिट, आधुनिक एवियोनिक्स, हॉट री-फ्यूलिंग, रनिंग चेंज ओवर और जीरो-जीरो एविक्सन सीटें हैं। यह विमान नए पायलटों के प्रशिक्षण के लिए भारतीय वायुसेना के मौलिक प्रशिक्षण विमानों की कमी पूरा करेगा। खरीद में सिमुलेटर सहित संबंधित उपकरण और प्रशिक्षण सहायता शामिल होगी। एक स्वदेशी समाधान होने के नाते यह विमान भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्नयन के लिए कन्फीगर करने योग्य है। विमान की आपूर्ति 6 वर्ष की अवधि में की जाएगी।

**आयोजन** | **बीएयू छात्रों का 27 सदस्यीय दल एग्रीयूनी फेस्ट में लेगा भाग**

# प्रदर्शन से अपनी पहचान बनायें : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश के सभी कृषि विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए इस वर्ष एग्रीयूनी फेस्ट -2023 का आयोजन 13 से 18 मार्च तक गांधी कृषि विज्ञान केंद्र, यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज, बैंगलोर में होगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर), नई दिल्ली के सौजन्य से आयोजित इस खेल स्पर्धा में देश के 70 से अधिक कृषि विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। इस अखिल भारतीय कृषि विश्वविद्यालयों की खेल स्पर्धा में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के कुल 27 सदस्यीय छात्र-छात्राओं का दल भाग लेगा। कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के इस दल को रवाना किया और शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने छात्रों को कहा कि इस प्रतियोगिता में सभी बीएयू के प्रतिनिधि एवं ब्रांड एम्बेसडर हैं। आपसी सदभाव, प्रेम, अनुशासन और खेल की भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन से अपनी पहचान बनाये। आपकी बेहतर प्रदर्शन एवं पहचान से ही बीएयू का मान बढ़ेगा। मौके पर मौजूद डीन वेटनरी एवं डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन डॉ सुशील प्रसाद ने सभी स्पर्धाओं में ससमय मौजूद रहने और टीम मैनेजर एवं स्टूडेंट्स टीम लीडर के परामर्श एवं मार्गदर्शन का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने छात्रों को कठिन परिश्रम और अनुशासन के साथ स्पर्धा में प्रयास करने पर बल दिया। इस अवसर पर डीएसडब्लू डॉ बीके अग्रवाल ने एग्रीस्पोर्ट्स -2023 की तरह एग्रीयूनी फेस्ट -2023 में छात्रों की भागीदारी को सुनिश्चित करने और सुविधा प्रदत्त करने के लिए बीएयू कुलपति डॉ ओएन सिंह का आभार जताया। उन्होंने कहा कि गत फरवरी माह में हिसार में आयोजित एग्रीस्पोर्ट्स -2023 में बीएयू के 20 सदस्यीय छात्रों ने उत्कृष्ट खेल भावना के साथ बढ़िया प्रदर्शन किया। छात्रों को इसी तरह अनुशासन एवं खेल भावना के सभी स्पधाओं में भाग लेकर बीएयू का नाम रौशन करने का प्रयास करनी चाहिए। इस दल में 9 छात्र एवं 15 छात्राएं शामिल है। छात्र दल का नेतृत्व विंकल एवं अम्बेडकर उरांव करेंगे। दल के टीम मैनेजर डॉ बसंत चन्द्र उरांव एवं डॉ मनोज कुमार बर्नवाल होंगे। एग्रीस्पोर्ट्स -2023 में यह दल फाइन एंड आर्ट्स, लेटीरसी, म्यूजिक, थिएटर एवं फोक डांस स्पर्धा में भाग लेगा।

NEWS इन ब्रीफ

### पैट कमिंस की मां का निधन

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस की मां मारिया का सिडनी में कैंसर के कारण निधन हो गया। शुक्रवार को यहां पहुंची जानकारी के अनुसार उनका सिडनी के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को एक ट्वीट के जरिये मारिया के निधन की खबर की पुष्टि की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा: हम मारिया कमिंस के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं।

### सेविला ने फेनरबाश को 2-0 से हराया

**मेड्रिड/स्पेन।** सेविला गुरुवार को राउंड ऑफ 16 के पहले चरण के बाद यूरोपा लीग के क्वार्टर फाइनल में स्पेन की एकमात्र टीम हो सकती है। ला लीगा टीम ने तुर्की के फेनरबाश पर 2-0 की घरेलू जीत के साथ दबाव में चल रहे कोच जॉर्ज सम्पाओली के हौसले को बढ़ावा दिया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, जोआन जॉर्डन के एक शानदार शॉट की बदौलत 56वें मिनट में एक गोल ने सेविला का रास्ता बदल दिया, जो मैच में दूसरे हाफ में विकल्प के रूप में आए थे।

### पीकेएल फ्रैंचाइजी यू मुंबा के सीईओ नियुक्त हुए सुहैल चंडोक

**मुंबई।** यूनीलेजर वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के स्वामित्व वाली प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) फ्रेंचाइजी यू मुंबा ने सुहैल चंडोक को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। चंडोक यू मुंबा फ्रेंचाइजी के प्रबंधन और विकास की देखरेख करेंगे। खेलों की तीन पीढ़ियों से जुड़े सुहैल भारत और विदेशों में खेल और मनोरंजन की दुनिया में एक दशक से अधिक का अनुभव लेकर आए हैं। एक पेशेवर क्रिकेटर से लेकर भारत के प्रमुख चेहरों और खेल की आवाजों में से एक होने के नाते, चंडोक एक सफल खेल उद्यमी हैं और उन्होंने पिछले एक दशक में कबड्डी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### एमसीसी ने समान वित्त पोषण सुनिश्चित करने पर दिया जोर

**दुबई।** मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने क्रिकेट खेलने वाले देशों के बीच समान वित्त पोषण और फ्रेंचाइजी व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बीच सामंजस्य स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, एमसीसी की विश्व क्रिकेट समिति (डब्ल्यूसीसी) की हालिया बैठक दुबई में आयोजित की गई थी, जिसमें सौरव गांगुली, एलेस्टेयर कुक, कुमार धर्मसेना, जस्टिन लैंगर, रमीज राजा, कुमार संगकारा और ग्रीम स्मिथ जैसे खेल के दिग्गज शामिल हैं।

# आईपीएल से एमएस धोनी की विदाई खास तरह से होगी : हेडन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि करिश्माई विकेटकीपर-बल्लेबाज एमएस धोनी की विदाई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सीजन में खास होगी। आईपीएल 2023 के होम और अवे प्रारूप में वापस आने के साथ, यह चेन्नई सुपर किंग्स को इस साल एमए चिदंबरम स्टेडियम में अपने घरेलू मैच खेलने का मौका देगा, जो आईपीएल में एक खिलाड़ी के रूप में धोनी का अंतिम अभियान हो सकता है। उन्होंने कहा: 2023 में कोविड के बाद पहली बार आईपीएल में होम अवे मैच होंगे। यह उल्लेखनीय होने जा रहा है। चेपॉक स्टेडियम में सीएसके खिलाड़ी अपने प्रशंसकों के सामने बेहतर करने जा रहे हैं। वे वही टीम बनने जा रहे हैं जिसे घर में भी हराना बहुत मुश्किल होगा। उन्होंने आगे कहा: चेपॉक में घर पर उनका रिकॉर्ड निश्चित रूप से आईपीएल में सबसे अच्छा है। वह स्थान एक किला है और वे एमएस धोनी को अपने कप्तान के रूप में रखने जा रहे हैं, यकीनन आखिरी बार और यह उन पलों में से एक होगा जो कोई भी नहीं भूलने वाला होगा। आईपीएल 2023 के आधिकारिक टेलीविजन प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स ने हेडन के हवाले से कहा: वह विशेष रूप से चेपॉक में अपने प्रशंसकों को अलविदा कहने के लिए आईपीएल में रुके हैं और वे उस तरह से आने वाले हैं जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते थे। आईपीएल के 16वें संस्करण के 31 मार्च से शुरू होने के साथ ही हेडन ने इस पर भी अपने विचार व्यक्त किए कि कैसे चार बार की आईपीएल चैम्पियन चेन्नई धोनी को उचित विदाई देने के बारे में सोच रही होगी। उन्होंने कहा: सीएसके को देखें, वे चीजों को अद्वितीय और विशेष करने के लिए अच्छे तरीके आजमाते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि दो साल वे नहीं खेल रहे थे, और वे उसके बाद आईपीएल जीतने के लिए वापस आए, यह सबसे अप्रत्याशित था।



### मुंबई इंडियंस ने नई जर्सी का किया अनावरण



**आईपीएल** के नए सीजन से तीन हफ्ते पहले मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को अपनी नई जर्सी का अनावरण किया। शांतनु और निखिल की जोड़ी द्वारा डिजाइन की गई नई जर्सी में ब्लू और गोल्ड कलर का मिश्रण है। पहली बार, नई जर्सी खरीदने वाले प्रशंसकों को अपनी पसंद के नंबरों के साथ पीछे अपना नाम लिखवाकर इसे निजीकृत करने का मौका मिलेगा। अनावरण पर मुंबई इंडियंस के एक प्रवक्ता ने कहा: हमारी टीम की जर्सी मुंबई इंडियंस के लोकाचार का प्रतिबिंब है। वर्षों से मुंबई इंडियंस कई आकांक्षाओं का घर रही है जो प्रेरक कहानियों के रूप में उभरी हैं।

# रोहित और गिल ने भारत को दिलाई सधी शुरुआत

## ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 480 रन



**एजेंसी। अहमदाबाद**

भारत ने यहां बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे चौथे और अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में सधी शुरुआत की है। दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने बिना किसी नुकसान के 36 रन बना लिए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 17 और शुभमन गिल 18 रन बनाकर नाबाद हैं। इससे पहले सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और कैमरुन ग्रीन की शतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 480 रन बनाए। ख्वाजा ने 180 और ग्रीन ने 114 रन बनाए। इन दोनों के अलावा टॉड मर्फी ने 41, स्टीव स्मिथ ने 38, ट्रैविस हेड ने 32 और नाथन ल्योन ने 34 रन बनाए। भारत की तरफ से रविचंद्रन अश्विन ने 6 विकेट लिए। इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड और उस्मान ख्वाजा ने सधी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। 61 के कुल स्कोर पर रविचंद्रन अश्विन ने हेड को रवींद्र जडेजा के हाथों कैच कराकर भारत को पहली सफलता दिलाई। हेड ने 44 गेंदों में 7 चौकों की बदौलत 32 रन बनाए। मोहम्मद शमी ने इसके बाद 72 के कुल स्कोर पर मार्नस लाबुशेन को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया को दूसरा झटका दिया। लाबुशेन केवल 3 रन ही बना सके। इसके बाद उस्मान ख्वाजा ने अपना अर्धशतक पूरा किया। 151 रन के स्कोर पर रवींद्र जडेजा ने स्टीव स्मिथ को आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। स्मिथ ने 135 गेंद में तीन चौकों की मदद से 38 रन बनाए। इसके बाद 170 रन के स्कोर पर मोहम्मद शमी ने ऑस्ट्रेलिया को चौथा झटका दिया। शमी ने पीटर हैंड्सकॉम्ब को क्लीन बोल्ड किया। हैंड्सकॉम्ब ने 17 रन बनाए। हैंड्सकॉम्ब के आउट होने के बाद उस्मान ख्वाजा ने कैमरन ग्रीन के साथ पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने अच्छी बल्लेबाजी की और पांचवें विकेट के लिए 208 रनों की साझेदारी की। इस दौरान ग्रीन ने टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला शतक भी पूरा किया। इस साझेदारी को रविचंद्रन अश्विन ने ग्रीन को भरत के हाथों कैच कराकर तोड़ा। ग्रीन ने 114 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। अश्विन ने इसके बाद एलेक्स कैरी (00) को भी चलता कर भारत को दोहरी सफलता दिला दी। 387 के कुल स्कोर पर अश्विन ने मिचेल स्टॉर्क को चलता कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई।

### सुबह के समय भारत को नहीं मिला कोई विकेट

**अश्विन** ने चौथे टेस्ट के दूसरे दिन दोपहर के सत्र में तीन विकेट लिए। लेकिन उस्मान ख्वाजा अभी भी चाय के समय 180 रन बनाकर नाबाद रहे और आस्ट्रेलिया को 146 ओवर में 409/7 पर ले गए। यह एक ऐसा सत्र था, जिसमें भारत ने सुबह के समय कोई विकेट नहीं मिलने के बाद वापसी की। अश्विन ने अपनी गति, कोण, रेखाओं और नियंत्रण का बहुत अच्छा इस्तेमाल किया, जिससे उन्हें तीन महत्वपूर्ण विकेट मिले। लंच के बाद आस्ट्रेलिया के लिए एक शानदार शुरुआत के रूप में शुरू हुआ क्योंकि ग्रीन ने 144 गेंदों में अपना पहला टेस्ट शतक रवींद्र जडेजा को शॉट लगाकर पूरा किया। भारत को आखिरकार 131वें ओवर में सफलता मिली, जब ग्रीन 170 गेंदों पर 114 रन बनाकर रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर कीपर के हाथों कैच आउट हो गए। अश्विन को उसी ओवर में एक और सफलता मिली, जब उन्होंने एलेक्स केरी को अक्षर पटेल के हाथों कैच आउट कराया। मिशेल स्टार्क को भी 6 रन पर अश्विन ने चलता किया। ख्वाजा और लियोन ने सत्र के अंत तक आस्ट्रेलिया को 400 के पार ले जाने के लिए एक-एक चौका लगाया।

### दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग बोलीं

# हमें बाउंस बैक करने की जरूरत

**एजेंसी। मुंबई**

मुंबई इंडियंस के खिलाफ आठ विकेट से हारने के बाद दिल्ली कैपिटल्स को चल रही महिला प्रीमियर लीग 2023 में पहली हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली की कप्तान मेग लैनिंग को लगता है कि टूर्नामेंट में उनकी टीम को बाउंस बैक करने की जरूरत है। डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स की टीम 105 रन पर आलआउट हो गई, लेकिन मुंबई इंडियंस ने 15 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। लैनिंग ने कहा: हम अपनी बल्लेबाजी करते हुए एक समय पर अच्छी स्थिति में थे। लेकिन हमने महत्वपूर्ण समय पर विकेट खो दिए। हमें अपने गेंदबाजों के बचाव के लिए पर्याप्त रन नहीं मिले। लेकिन मैच इसी तरह चलता है। आप कुछ जीतते हैं और आप कुछ हार जाते हैं। हमें जल्दी से बाउंस बैक करने की जरूरत है। आस्ट्रेलियाई दिग्गज ने यह भी बताया कि दिल्ली कैपिटल्स जल्दी से पिच के अनुकूल नहीं हुई। उन्होंने कहा: मुंबई इंडियंस के खिलाफ हमारे मैच के दौरान विकेट थोड़ा अलग था। मुझे लगा कि उस विकेट पर 150 रन एक अच्छा स्कोर होगा। पिच पहले की तुलना में अधिक गेंदबाजों के अनुकूल थी और हम विकेट से उतनी जल्दी तालमेल नहीं बिठा पाए जितना हम चाहते थे। दिल्ली कैपिटल्स अपने अगले मैच में शनिवार को डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी, नवी मुंबई में गुजरात जायंट्स से भिड़ेगी।



## ओलंपिक : पेरिस 2024 के पहले चरण में 3.25 मिलियन टिकट बिके

**एजेंसी। पेरिस**

आयोजकों ने बताया कि पहले बिक्री चरण में अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए कुल 32.5 लाख टिकट बेचे गए हैं। ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार दुनिया भर में टिकट एक ही मंच से उपलब्ध कराए गए थे, पहले चरण में तीन सप्ताह में पैक्स में टिकट बेचे गए थे, जिसमें 158 देशों और क्षेत्रों के प्रशंसकों ने बिक्री के लिए पंजीकरण कराया था।

पेरिस 2024 के अध्यक्ष टोनी एस्टैंगुएट ने कहा: खेल टिकटों की बिक्री के पहले चरण के लिए जनता की प्रतिक्रिया वास्तव में अभूतपूर्व थी। तीन सप्ताह से भी कम समय में 3.2 मिलियन से अधिक टिकटों की बिक्री के साथ, टेक-अप सभी अपेक्षाओं को पार कर गया, जिसके लिए हम बहुत आभारी हैं। फ्रांस की जनता ने दो-तिहाई टिकट खरीदार बनाए, जिसमें सभी खरीदारों में 45 प्रतिशत महिलाएं थीं, ओलंपिक इतिहास में अपेक्षाकृत उच्च अनुपात - पेरिस 2024 में पुरुष और महिला एथलीटों की समान भागीदारी के साथ पहला ओलंपिक खेल होना तय है।




समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ओलंपिक खेलों के लिए, कुल लगभग 10 मिलियन टिकटों की बिक्री की जाएगी और इनमें से 80 प्रतिशत को आधिकारिक टिकटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से सीधे जनता के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा, सिएन नदी पर आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह के कुल 70,000 टिकट भी दूसरे चरण में उपलब्ध होंगे।

## इंडियन वेल्स : मरे की एक और मैराथन जीत

### विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन को हराया

### तीन घंटे 12 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 6-7(5), 6-1, 6-4 से प्रतिद्वंदी को दी मात



**एजेंसी। इंडियन वेल्स/अमेरिका**

विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ब्रिटेन के एंडी मरे ने इंडियन वेल्स के ओपनिंग मुकाबले में अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एत्चेवेरी को तीन घंटे 12 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 6-7(5), 6-1, 6-4 से हरा दिया। तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता की गुरुवार को तीन घंटे 12 मिनट की जीत सत्र के कई मैराथन मैचों में से एक है। उन्होंने इस सत्र में 10 मैच खेले हैं जिसमें से 70 प्रतिशत का फैसला निर्णायक सेट में हुआ है। इस जीत से उनका 2023 में निर्णायक सेटों में 7-0 का रिकॉर्ड हो गया है। उनका ओवरआल रिकॉर्ड 7-3 का है। उनका अगला मुकाबला 15वीं सीड स्पेन के पाब्लो कॉरेनो बुस्ता से होगा। ब्रिटिश खिलाड़ी ने 20 ब्रेक अंक हासिल किये जिनमें से उन्होंने चार को बदला। उन्होंने पांच ब्रेक अंकों में से चार बचाये। मरे ने मैच में 28 विनर्स लगाए और छठे एस के साथ मैच समाप्त किया।




### आईएसएल 2022-23 हैदराबाद के मैनोलो मार्क्वेज बोले

# सेमीफाइनल बराबरी का था मुकाबला

**एजेंसी। हैदराबाद**

हैदराबाद एफसी के मुख्य कोच मैनोलो मार्क्वेज का मानना है कि एटीके मोहन बागान के खिलाफ इंडियन सुपर लीग के सेमीफाइनल के पहले चरण में दोनों टीमों के बीच बराबरी का मुकाबला था और इस मुकाबले में ज्यादा मौके नहीं बने। मौजूदा चैम्पियन हैदराबाद एफसी गुरुवार को अपने घरेलू मैदान जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में एटीके मोहन बागान से 0-0 से ड्रा खेलना पड़ा।

एटीके मोहन बागान के सेंटर बैक स्लाव्को डामयानोविक को शानदार डिफेंडिंग के लिए हीरो ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस ड्रा के बाद मौजूदा चैम्पियनों को अब सोमवार को कोलकाता के युबा भारती क्रीड़ांगन में सेमीफाइनल का दूसरा मैच हेड कोच जुआन फेरांडो के मैरिनर्स से खेलना होगा। मार्क्वेज ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा: यह सही है कि इस मैच में ज्यादा मौके नहीं बने लेकिन जो बने, वे बहुत स्पष्ट थे। मुझे लगता है कि यह बराबरी का मुकाबला था जिसमें ज्यादा मौके नहीं बने। मोहन बागान इसी परिणाम के लिए आये थे और उन्हें अच्छा परिणाम मिला है क्योंकि वे जानते हैं कि कोलकाता में वे एक मजबूत टीम हैं। दूसरा चरण मोहन बागान के घर में खेला जाएगा जहां उनका दस घरेलू मैचों में सात जीत का प्रभावशाली रिकॉर्ड है। हैदराबाद कोलकाता में मोहन बागान के खिलाफ नहीं जीत पाया है। लेकिन मार्क्वेज का मानना है कि उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड दूसरे चरण में फायदेमंद साबित होगा।



मार्क्वेज ने साथ ही कहा: यह अब फाइनल की तरह होगा। हम जानते हैं कि वह भारत की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है। मुझे अपनी टीम पर भरोसा है। यदि हम जीते तो हम खुश होंगे लेकिन यदि वे जीते तो हम उन्हें बधाई देंगे। पर हम जीतना चाहते हैं और केवल एक टीम ही फाइनल में जा सकती है। यह दोनों टीमों के बीच हीरो आईएसएल में तीसरा सेमीफाइनल मैच था और दोनों ने पहली बार गोल रहित ड्रा खेला। इससे पहले पिछले सीजन में जब दोनों पक्ष सेमीफाइनल में मिले थे, तो हैदराबाद एफसी ने पहले चरण का मुकाबला घर पर 3-1 से जीता था। इसके परिणाम की मदद से उन्होंने 3-2 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में प्रवेश किया था।